खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 20 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 67 । अंक – 341 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 3.00 रु.

शारदेय नवरात्र



छठवें दिवस मां कात्यायिनी


- ईडी की शक्ति के...
- 100 साल बाद भी... 04
- लेबनान में भी हमला करने लगा इजरायल...
- सिख युवक ने कहा- बस में हुए हमले से... 09
- जीएसटी इंटेलिजेंस का बड़ा खुलासा, वित्त वर्ष..
- देश को फिर रुलाएगा प्याज 11
- विश्वकप क्वालीफायर ...
- चार भारतीयों ने क्वार्टर ... 10


# साइबर अपराधियों के खिलाफ सीबीआई की 11 राज्यों में छापेमारी

## 76 जगहों पर तलाशी में 32 मोबाइल-48 लैपटॉप और हार्डडिस्क, पैनड्राइव किए जब्त

### दर्ज मामलों में क्रिप्टोकरेंसी के जरिए 100 करोड़ की धोखाधड़ी का प्रकरण भी



**नई दिल्ली।** वित्तीय अपराधों में शामिल साइबर अपराधियों के खिलाफ सीबीआई ने देशव्यापी ऑपरेशन चक्र-2 शुरू किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस अभियान के तहत कई राज्यों में 76 स्थानों पर तलाशी ली गई। केंद्रीय जांच एजेंसी के सूत्रों ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने तलाशी के दौरान 32 मोबाइल फोन, 48 लैपटॉप, हार्ड डिस्क और पेन ड्राइव बरामद किए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि जो पांच मामले दर्ज किए गए हैं उनमें से एक मामला क्रिप्टोकरेंसी के जरिए धोखाधड़ी का है। इसमें साइबर अपराधियों के रैकेट ने भारतीय नागरिकों के 100 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी। अधिकारियों ने कहा कि यह मामला वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) द्वारा उपलब्ध कराए गए इनपुट के आधार पर दर्ज किया गया था। अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट की शिकायत पर दो मामले दर्ज किए गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी कॉल सेंटर चलाते थे और विदेशी नागरिकों को निशाना बनाने के लिए खुद को कंपनियों के कस्टमर केयर एजेंट बताते थे।

अधिकारियों ने बताया कि इस ऑपरेशन के तहत केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नौ कॉल सेंटरों की तलाशी ली। अधिकारियों ने रेड के बारे में भी जानकारी दी। सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन चक्र- II के दौरान इकट्ठा किए गए सबूतों के आधार पर, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कानून प्रवर्तन एजेंसियों को इन अपराधियों को खत्म करने के लिए पीड़ितों, शेल कंपनियों और अपराध की पहचान का आय के >>शेष पृष्ठ 2 पर

### इन प्रदेशों में चला तलाशी अभियान

मध्य प्रदेश,उत्तर प्रदेश, बिहार, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, केरल, तमिलनाडु, पंजाब, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में स्थानों पर तलाशी ली गई।

ICC CRICKET WORLD CUP INDIA 2023

आज के मैच
ऑस्ट्रेलिया विरूद्ध पाकिस्तान
समय - 2.00 दोपहर

## सार संक्षेप



### आज रैपिडएक्स ट्रेन का उद्घाटन करेंगे मोदी

#### 'नमो भारत' ट्रेन दिया नाम



**नई दिल्ली।** गाजियाबाद देश की पहली हाई स्पीड रैपिडएक्स ट्रेन साहिबाबाद से दुहाई के बीच चलेगी। पीएम नरेंद्र मोदी 20 अक्टूबर को रैपिडएक्स का उद्घाटन करने गाजियाबाद के साहिबाबाद पहुंचेंगे। उद्घाटन के बाद श्री मोदी जनसभा को संबोधित करेंगे। उधर इस नई ट्रेन का नाम 'नमो भारत' ट्रेन रखा गया है।

#### कांग्रेस बोली-मोदी की आत्ममुग्धा की कोई सीमा नहीं

ट्रेन 'नमो भारत' नाम देने पर भड़की कांग्रेस ने कहा है कि- श्री मोदी आत्ममुग्धता के दौर से गुजर रहे हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि-श्री मोदी की आत्ममुग्धता की कोई सीमा नहीं है। वहीं पवन खेड़ा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि- भारत का नाम ही नमो कर दीजिए।

# कांग्रेस ने प्रत्याशियों की दूसरी सूची में घोषित किये 88 उम्मीदवार

## पहली सूची में से तीन प्रत्याशी बदले गए

**भोपाल, जबलपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस ने देर रात प्रत्याशियों की अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। इस सूची में 88 उम्मीदवार घोषित किये गये हैं। वहीं पिछली सूची में घोषित 3 प्रत्याशियों को बदल दिया गया है। उनकी जगह दूसरे चेहरे लाए गए हैं। जिनमें गोटेगांव से शेखर चौधरी की जगह नर्मदा प्रजापति को उम्मीदवार बनाया गया है। पिछौर से शैलेन्द्र सिंह की जगह अब अरविन्द सिंह लोधी प्रत्याशी होंगे और दतिया से अवधेश नायक को राजेन्द्र भारती की जगह मैदान में उतारा गया है। जबलपुर से कैंट क्षेत्र के लिए अभिषेक चौकसे चिन्टू और पनागर से राजेश पटेल को उम्मीदवार घोषित किया गया है। वहीं मैहर से धर्मेश घई, रीवा से राजेन्द्र शर्मा, रामपुर बघेलान से रमाशंकर प्यासी सेमरिया से अभय मिश्रा, सिरमौर से रामगरीब कोल को टिकट दिया गया है। उधर भाजपा से कांग्रेस में आए पारस सखलेचा को रतलाम सिटी से उम्मीदवार बनाया गया है।

## गोटेगांव से शेखर की जगह एनपी प्रजापति



एनपी प्रजापति | अभिषेक चौकसे चिन्टू | राजेश पटेल

### सूची इस प्रकार है

सुमावली- कुलदीप सिकरवार, मुरैना- दिनेश गुर्जर, दिमनी-रविन्द्र सिंह तौमर, अम्बाह एससी- देवेन्द्र रामनारायण सिकरवार, विन्ध्य-चौधरी राकेश चतुर्वेदी, गोहद एससी-केशव देसाई,ग्वालियर- सुनील शर्मा, दतिया- राजेन्द्र भारती (अवधेश नायक की जगह),पिछौर-अरविन्द सिंह लोधी (शैलेन्द्र सिंह की जगह), गुना एससी- पंकज कनेरिया, बीना-श्रीमती निर्मला सप्रे, खुरई- प्रकाश राजपूत, रहली- श्रीमती ज्योति पटेल, सागर-श्रीमती नंदिनी जैन, निवारी- अमित राय, दमोह-अजय टंडन, पन्ना- भरत मिलन पाण्डेय, मैहर- धर्मेश घई, रामपुर बघेलान- रमाशंकर प्यासी, सिरमौर- राम गरीब कोल, सिमरिया-अभय मिश्रा, देवतालाब-पद्मेश गौतम, रीवा- राजेन्द्र शर्मा, सीधी- ज्ञान सिंह, देवसर एससी-बंशमणी प्रसाद वर्मा, धौहनी एसटी- श्रीमती कमलेश सिंह, ब्यौहारी एससी-राम लखन सिंह, >>शेष पृष्ठ 3 पर

# विश्वकप क्रिकेट में भारत की लगातार चौथी जीत

## बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

**पुणे।** टीम इंडिया ने वर्ल्डकप 2023 में लगातार चौथी जीत हासिल की है। भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया। विराट कोहली ने 103 रन ठोककर अपना 48वां शतक भी पूरा किया और उन्होंने सबसे तेज 26 हजार इंटरनेशनल रन भी पूरे कर लिए हैं। कोहली ने 557 पारियों में यह मुकाम हासिल किया। कोहली से पहले सचिन तेन्दुलकर ने 600 पारियों में इतने रन बनाए थे।

पुणे के एमसीए मैदान पर गुरुवार को बांग्लादेश ने टॉज जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 256 रन बनाए। वहीं भारतीय टीम ने 41.3 ओवर में 3 विकेट पर ही 257 रन का टारगेट हासिल कर लिया। कोहली के अलावा शुभमन गिल ने 53 रन बनाकर दसवां अर्धशतक जमाया जबकि कप्तान रोहित शर्मा 48 रन बनाकर हाफ सेंचुरी से महज दो रन ही पीछे रहे। रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने 88 रन की ओपनिग साझेदारी की। इस मैच में जड़ज़ा ने शानदार डाई लगाकर मुशफिकुर को बूमराह की गेंद पर आउट किया। वहीं पंड्या चोटिल हुए तो उनका ओवर पूरा करने के लिए कोहली ने मोर्चा संभाला।



### कोहली ने 48वीं संेचुरी बनाई, सबसे तेज 26 हजार इंटरनेशनल रन पूरे किऐ

### गिल ने अर्द्धशत लगाया

## एडीआर ने विधायकों की पृष्ठभूमि का किया विश्लेषण

# मध्य प्रदेश में 186 मौजूदा विधायक करोड़पति

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मध्य प्रदेश में 230 मौजूदा विधायकों में से 186 करोड़पति हैं, इनमें से 107 विधायक सत्तारूढ़ भाजपा के शामिल हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मध्य प्रदेश इलेक्शन वॉच ने सभी 230 मौजूदा विधायकों के आपराधिक, वित्तीय और अन्य पृष्ठभूमि विवरण का विश्लेषण किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्लेषण किए गए 230 मौजूदा विधायकों में से 186 (81 प्रतिशत) करोड़पति हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भाजपा के 129 विधायकों में से 107 (83 प्रतिशत), कांग्रेस के 97 विधायकों में से 76 (78 प्रतिशत) और सभी तीन निर्दलीय विधायकों ने एक करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति घोषित की है। रिपोर्ट के अनुसार, मध्य प्रदेश में प्रति मौजूदा विधायक की संपत्ति का औसत 10.76 करोड़ रुपए है। विश्लेषण किए गए 129 भाजपा विधायकों की प्रति विधायक औसत संपत्ति 9.89 करोड़, विश्लेषण किए गए 97 कांग्रेस विधायकों >>शेष पृष्ठ 2 पर




### संजय सत्येंद्र पाठक ने घोषित की 226.17 करोड़ की संपत्ति

रिपोर्ट में कहा गया है कि विजयरायवगढ़ से भाजपा विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने 226.17 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है, जबकि रतलाम शहर विधानसभा सीट से चेतन्य कश्यप के पास 204.6 करोड़ की संपत्ति है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पंधाना (एसटी) विधानसभा सीट से भाजपा के मौजूदा विधायक राम दांगोरे के पास 50,749 रुपए की संपत्ति है। वहीं 38 विधायकों ने 1 करोड़ रुपए और उससे अधिक की देनदारी घोषित की है, जबकि कांग्रेस के बैतूल विधायक निलय विनोद डागा, जिनके पास 127.6 करोड़ रुपये की संपत्ति है, पर 54 करोड़ रुपए की देनदारी है। खुरई से भाजपा विधायक भूपेंद्र सिंह की आय आईटीआर में घोषित उच्च आय 97.63 लाख रुपए है।

# पत्नी का खराब खाना बनाना क्रूरता नहीं...

## तलाक के लिए हाईकोर्ट पहुंचे पति की याचिका हुई खारिज

**केरल।** केरल हाईकोर्ट ने एक अहम फैसला दिया है। क्रूरता के आधार पर तलाक की अर्जी को खारिज करते हुए कोर्ट ने पति को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने कहा कि अगर पत्नी को खाना बनाना नहीं आता है तो यह क्रूरता की श्रेणी में नहीं आता है। सिर्फ इस आधार पर किसी को तलाक नहीं दिया जा सकता है कि पत्नी अच्छा खाना नहीं बनाती है। पति ने तलाक की अर्जी में पत्नी के ऊपर कई आरोप लगाए थे। इसमें यह भी कहा कि पत्नी को अच्छा खाना बनाना नहीं आता है। सुनवाई के बाद जस्टिस अनिल के. नरेंद्रन और सोफी थॉमस की पीठ ने पति की याचिका खारिज कर दी।




**यह है पूरा मामला?**-एक पति ने पत्नी से तलाक के लिए केरल हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। उसने आरोप लगाया कि पत्नी रिश्तेदारों को सामने उसके साथ दुर्व्यवहार करती है और उसे अपमानित भी सकती है। उसने तलाक की अर्जी में कहा कि पत्नी उसे खुद से दूर करना चाहती है। कई बार वह उससे ऊपर थूक चुकी है। पत्नी ने यह भी आरोप लगाया कि पत्नी ने उसकी नौकरी को भी खतरे में डालने के इरादे से उसकी कंपनी में शिकायत की। हालांकि पत्नी ने सभी आरोपों से इनकार कर दिया। पत्नी की ओर से कहा गया कि उसका पति यौन हिंसा से पीड़ित है और वह उसके शरीर को लेकर मजाक तक उड़ाता था। इतना ही नहीं पत्नी ने कहा कि उसका पति मानसिक परेशानियों से जूझ रहा है और उसने दवाओं को लेना बंद कर दिया है।

## सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।




**चूहा-सुनती हो**- मध्यप्रदेश के 186 मौजूदा विधायक करोड़पति हैं और कुछ के पास 200 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है।

**चुहिया- हां प्रिये**-इसमें अब नया क्या है? क्या तुम्हें पता नहीं कि- राजनीति अब पैसे वालों की ही रह गई है।

# 2 नवम्बर को पटना में दिखेगी इंडिया गठबंधन की ताकत

## 'भाजपा हटाओ, देश बचाओ' के नाम से रैली

### गांधी मैदान में भाकपा के बैनर तले होगा आयोजन

**पटना, देशबन्धु।** भाजपा को अगले लोकसभा चुनाव में मात देने के लिए बने विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की ताकत 2 नवंबर को पटना में दिखेगी। गांधी मैदान में लोकसभा चुनाव 2024 के पहले इंडिया नेताओं का यह महाजुटान वाम दल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के बैनर तले 'भाजपा हटाओ, देश बचाओ' के तहत होने जा रहा है। भाकपा की ओर से आयोजित इस रैली में पहली बार इंडिया गठबंधन भी जनसभा में अपनी शक्ति का प्रदर्शन करेगा।

दरअसल, भाकपा द्वारा आयोजित इस रैली में न सिर्फ वाम दलों को आमंत्रित किया गया है बल्कि इंडिया गठबंधन में शामिल घटक दलों को भी बुलाने की बातें कही जा रही हैं। इसमें जदयू, राजद और कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं का जुटान होने की संभावना है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश और राजद सुप्रीमो लालू यादव सहित मंच पर कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह भी दिख सकते हैं। वहीं वाम दलों में उनके कई राष्ट्रीय नेताओं का पटना में आगमन हो सकता है। हालांकि इसमें वाम दलों के अतिरिक्त अन्य दलों के नेताओं में अधिकांश बिहार के ही रहेंगे।

भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र की मोदी सरकार को सभी मोर्चों पर विफल बताते हुए भाकपा की ओर से 'भाजपा हटाओ, देश बचाओ' रैली की >>शेष पृष्ठ 2 पर

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
मोतियाबिंद ऑपरेशन नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

## अनोखी विदाई – देखते रह गए ससुराल वाले...

# बेटी को बैंड-बाजे के साथ मायके ले गए माता-पिता

**रांची।** झारखंड के रांची से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक लड़की ससुराल में घुट-घुट कर जी रही थी। शादी के बाद से ही उसे प्रताड़ित किया जाने लगा था। इसके बाद पीड़िता के पिता ने ससुराल में परेशान हो रही बेटी को वापस अपने घर लाने के लिए बैंड-बाजा और आतिशबाजी के साथ बारात निकाली। जिसने भी यह नजारा देखा वो देखता ही रह गया। बेटी के इस अनोखी विदाई की चर्चा पूरे इलाके में हो रही है।

बेटी को ससुराल में परेशान होता देख पिता ने बैंड-बाजा और आतिशबाजी के साथ बेटी को वापस घर लेकर आए। इतना ही नहीं उन्होंने नवरात्र के समय समाज को एक संदेश देने की भी कोशिश की है। दरअसल रांची के रहने वाले प्रेम गुप्ता ने साक्षी गुप्ता की शादी बड़े ही धूमधाम से की थी। लेकिन शादी के बाद से ही ससुराल वालों की तरफ से साक्षी को प्रताड़ित किया जा रहा था। इसकी जानकारी परिजनों को मिली। इसके बाद उन्होंने बेटी को वहां से निकालने का फैसला किया। साक्षी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर



बताया वो बेहद खुशकिस्मत हैं कि उन्हें ऐसे माता-पिता मिले। इसके अलावा साक्षी के पिता प्रेम गुप्ता ने एक्स पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि- बेटी की शादी बहुत धूमधाम से की जाती है और यदि जीवनसाथी और परिवार गलत निकलता है या गलत काम करता है तो अपनी लडली बेटी को उसी आदर और सम्मान के साथ घर वापस लाना चाहिए। यह संदेश समाज में लोगों की सोच जरुर बदलेगा। जानकारी के मुताबिक 28 अप्रैल 2022 को साक्षी गुप्ता की शादी सचिन कुमार नाम के युवक से हुई थी। सचिन झारखंड बिजली वितरण निगम में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत है और रांची के सर्वेश्वरी नगर का रहने वाला है। शादी के कुछ दिन बाद से ही साक्षी को प्रताड़ित किया जाने लगा। करीब एक साल बाद साक्षी को पता चला कि जिस शख्स के साथ उसकी शादी हुई है, उसने पहले से दो शादियां कर रखी हैं। उसके पांवों के नीचे की जमीन खिसक गई।

**ससुराल पहुंचकर साक्षी को पता चला कि पति ने की हैं दो शादियां**-साक्षी ने बताया कि उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अपने इस रिश्ते को बचाने की पूरी कोशिश की। लेकिन जब उन्हें लगा कि इस रिश्ते से निकलने में ही उनकी भालाई है तो उन्होंनें अपने माता-पिता को यह बात बताई और परिजनों ने उनका साथ दिया। फिर उसके पिता ससुराल से बाकायदा बैंड-बाजे और आतिशबाजी के साथ बारात निकाली और उसे मायके वापस ले आए। क्षी ने तलाक के लिए कोर्ट में केस फाइल किया है। लड़के ने गुजारा भत्ता देने की बात कही है। जल्द ही तलाक पर कानूनी तौर पर मुहर लग जाने की उम्मीद है।



डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022 www.deshbandhump.com

# देश-विदेश

## आंध्र प्रदेश में शुरू होगा जातिगत सर्वे

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार 15 नवंबर के आसपास पिछड़ा वर्ग जाति जनगणना शुरू करेगी। राज्य के मंत्री सी श्रीनिवास वेणुगोपाल कृष्णा ने यह बात कही। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री कृष्णा ने कहा कि इसका उद्देश्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में आने वाले 139 समुदायों की संख्या पता लगाकर विभिन्न क्षेत्रों में उचित प्रतिनिधित्व उपलब्ध कराना है। कृष्णा ने कहा, 15 नवंबर से जातिगत जनगणना शुरू होगी। पिछड़ी जाति की जनगणना के लिए स्वयंसेवी प्रणाली के साथ-साथ ग्राम सचिवालय प्रणाली का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाएगा। राज्य में लगभग 139 पिछड़े वर्ग की जातियां हैं और इन समुदायों के लोग अपनी संख्या बल से अनजान हैं।

### इजरायल-हमास जंग पर बोला विदेश मंत्रालय

## गाजा से लोगों को निकालना मुश्किल

### इजरायल से अब तक 1200 भारतीय नागरिकों को निकाला गया

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** इजरायल और फिलिस्तीन के चरमपंथी संगठन हमास की जंग जारी है। इस बीच विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि इजरायल से अब तक करीब 1200 भारतीय नागरिकों को निकाला गया है। इनमें 18 नेपाली नागरिक शामिल हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, ऑपरेशन अजय के तहत 5 फ्लाइट में 1200 लोग वापस आए हैं और भी फ्लाइट भेजने का प्लान चल रहा है। परिस्थिति का जायजा लिया जा रहा है।' ऑपरेशन अजय उन भारतीय नागरिकों की वापसी के लिए शुरू किया गया है जो कि भारत लौटना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि गाजा में पहले तकरीबन 4 लोग थे, लेकिन हमारे पास पुख्ता आंकड़े नहीं हैं।

वेस्ट बैंक में 12-13 लोग थे। गाजा में स्थिति ऐसी है कि वहां से निकालना थोड़ा मुश्किल है। उन्होंने कहा कि किसी भारतीय के हताहत होने की खबर नहीं है। केवल एक भारतीय के जंग में घायल होने की पुष्टि हुई है।

**लोगों की जान जाने पर भारत चिंतित**-बागची ने कहा, हमने इजरायल पर हुए आतंकी हमले की निंदा की है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद के सभी रूपों का मुकाबला करने के लिए एक साथ खड़ा होना चाहिए। हमने इसके अलावा लोगों की जान जाने पर चिंता भी जताई है।' उन्होंने कहा कि हमने हमेशा फिलिस्तीन मुद्दे पर दो राष्ट्रों के समाधान के लिए प्रत्यक्ष बातचीत के पक्ष में अपना रुख दोहराया है।

### मोदी ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति को दिया मदद का भरोसा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ टेलीफोन पर बात की तथा गाजा के अल अहली अस्पताल पर हमले में नागरिकों की मौत पर संवेदना व्यक्त करने के साथ ही फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता भेजना जारी रखने का आश्वासन दिया।

## दिल्ली-मप्र,उप्र सहित देश में 7 करोड़ की नकली दवाओं की आपूर्ति

### इनमें बीपी-शुगर, दर्द निवारक दवाएं भी शामिल

**नई दिल्ली।** आपकी रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली बीपी-शुगर, दर्द निवारक सहित जीवनरक्षक दवाएं असली है या नकली? इसको लेकर बहुत बड़ी जानकारी सामने आई है। दिल्ली स्थित एक नामी कंपनी की नकली दवाएं बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ होने के बाद कई हैरान करने राज से पर्दा उठा है। दिल्ली-एनसीआर, यूपी, एमपी सहित देशभर में 7 करोड़ रुपयों की नकली दवाएं मेडिकल स्टोर संचालकों को सप्लाई की गई थीं।

पुलिस जांच में इस बात का खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों की बात मानें तो यूपी के गाजियाबाद, लखनऊ, बरेली, सहारनपुर आदि शहरों में नकली दवा सप्लाई हुई है। हालांकि, जांच जारी है। पुलिस की पकड़ में आई नकली दवा फैक्ट्री से बीते दो साल के भीतर देश के विभिन्न स्थानों पर सात करोड़ रुपये की दवा सप्लाई की गई। आरोपियों की खातों की स्टेटमेंट से पुलिस को यह जानकारी मिली है। हाल में जहां दवा सप्लाई भेजी गई, वहां से दवा जब्त कर वापस लाने के लिए अलग-अलग टीमें रवाना की गई है। हरियाणा के गुरुग्राम की एक दवा कंपनी की शिकायत पर रायपुर पुलिस ने बीते 14 अक्तूबर को उत्तराखंड के हरिद्वार और देहरादून में ताबड़तोड़ कार्रवाई की थी।

पुलिस ने आरोपी सचिन शर्मा (40) पुत्र नरेंद्र कुमार मूलनिवासी अशोकपुरम निकट गोदावरी होटल दिल्ली रोड थाना मंगलौर रुड़की और विकास (32) पुत्र उदयवीर निवासी बेड़ाआसा तहसील जानसठ थाना सिखेड़ा जिला मुजफ्फरनगर यूपी दोनों हाल निवासी अमेजन कालोनी सहस्त्रधारा रोड को गिरफ्तार किया था। जांच में पता लगा कि आरोपियों ने कोविडकाल में नौकरी चले जाने पर साल 2022 में हरिद्वार जिले के भगवानपुर इलाके में नकली दवा फैक्ट्री खोली। दवा फैक्ट्री से खोलने के बाद पकड़े जाने तक आरोपियों ने करीब सात करोड़ रुपये की दवा सप्लाई की। आरोपियों की पांच फर्मों के 28 बैंक खातों से यह जानकारी मिली है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि सितंबर महीने में आरोपियों ने दिल्ली के एक दवा सप्लायर को 90 लाख रुपये की दवा भेजी थी। एसएसपी ने बताया कि नकली दवा की रिकवरी के लिए एक टीम रवाना की गई है। ताकि, लोगों के खरीदने से पहले उन्हें रोका जा सके।

**सात करोड़ की नकली दवा बेच कर लोगों की जान खतरे में डाली**-तीन कंपनियों की दर्द निवारक दवाएं बनाई एसएसपी ने बताया कि बीते दिनों दोनों आरोपियों की निशानदेही पर मिली दवाएं तीन अलग-अलग कंपनियों की थीं, जिनमें निर्धारित मात्रा से काफी कम मात्रा का सॉल्ट मिलाकर इनको पैक किया जाता था। इसके बाद देहरादून स्थित सहस्त्रधारा रोड के पते पर खोली गई फर्म के जरिए देशभर में नकली दवा की सप्लाई की जाती थी।

**बाहरी राज्यों में पहुंचीं नकली दवाएं जब्त करेगी पुलिस**-एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि सितंबर में इन आरोपियों ने दिल्ली के एक दवा सप्लायर को 90 लाख रुपये की दवा भेजी थी। उन्होंने बताया कि हाल ही में जहां सप्लाई की गई, वहां से नकली दवा की रिकवरी के लिए टीम रवाना की गई है, ताकि लोगों के जीवन को बचाया जा सके।

**पहले भी नकली दवा फैक्ट्री का हो चुका भंडाफोड़**-पुलिस और ड्रग टीम की ओर से नकली दवा फैक्ट्री के खिलाफ छापेमारी की कार्रवाई होती रहती है। पुलिस और ड्रग विभाग की संयुक्त टीमों में पहले भी कई बार नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। संयुक्त टीम द्वारा शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई भी की जाती है।

**नकली दवा बेचकर बनाई करोड़ों की संपत्ति**-पुलिस की ओर से नकली दवा फैक्ट्री के भंडाफोड़ होने के साथ ही कई चौंकाने वाले खुलासे भी हुए हैं। पुलिस ने छापेमारी में दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों की ओर से नामी कंपनी की दवाइया बनाकर देश के कई राज्यों के शहरों में बेचा जा रहा था। आरोपियों की ओर से नकली दवाओं को बेचकर करोड़ों की संपत्ति भी बनाई। पुलिस अब आरोपियों के बैंक खातों के खिलाफ ऐक्शन लेने वाली है।



### दिल्ली में नकली दवा बनाने वाली फैक्टरी का भांडा फूटा

## 11 साल के बच्चे ने 12 साल के लड़के को 13 बार घोंप दिया चाकू

**अहमदाबाद।** गुजरात के सूरत में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। 11 साल के एक बच्चे ने उम्र में अपने से एक साल बड़े लड़के को 13 बार चाकू घोंप दिया। सूरत के पांडेसरा इलाके में दोनों बच्चों का झगड़ा एक लड़की से दोस्ती को लेकर हुआ था, जिसकी उम्र 11 साल है। पीड़ित बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है।

बताया जा रहा है कि आरोपी लड़का एक लड़की को अपना गर्लफ्रेंड बनाना चाहता था लेकिन पीड़ित बच्चे ने उसे ऐसा करने से रोका और डांट दिया था। डीसीपी विजय सिंह गुर्जर ने बताया, आरोपी लड़का चौथी क्लास तक पढ़ने के बाद स्कूल छोड़ चुका है, जबकि जख्मी बच्चा मजदूरी करता है। नवरात्र के पहले दिन लड़की देवी के दर्शन के लिए आई थी। उस समय आरोपी ने उससे बात करने की कोशिश की और उसका नाम पूछा। घायल बच्चे ने कथित तौर पर उसे रोका और डांटा। दोनों के बीच झगड़ा हुआ और आरोपी लड़के ने पीड़ित पर पत्थर फेंका। दो दिन बाद मंगलवार को दोनों का फिर आमना-सामना हो गया जब पीड़ित अपने घर के पास कचरा फेंकने गया था। दोनों के बीच बहस होने लगी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसी दौरान आरोपी ने चाकू निकालकर उस पर हमला शुरू कर दिया। उसने पीड़ित बच्चे के शरीर पर कई जगह चाकू से वार किया। पेट, पीठ, गला, छाती समेत 13 जगहों पर चाकू घोंप दिया। जख्मी बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। हालांकि, डॉक्टर अब उसे खतरे से बाहर बता रहे हैं। आरोपी बच्चे को हिरासत में लेकर जुवेनाइल कोर्ट में गुरुवार को पेश किया गया। छोटे बच्चों में इस तरह के झगड़े और वारदात ने सभी को हैरान कर दिया है।

### ईडी को धारा 50 में गिरफ्तारी का अधिकार नहीं

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत किसी व्यक्ति को समन जारी करने की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शक्ति में गिरफ्तार करना शामिल नहीं है।

न्यायमूर्ति अनुप जयराम भंभानी ने 2020 में ईडी द्वारा दर्ज प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) को रद्द करने की मांग करने वाली आशीष मित्तल की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। मित्तल ने उस ईसीआईआर से निकलने वाली सभी कार्यवाही पर रोक लगाने की भी मांग की। न्यायमूर्ति भंभानी ने कहा कि पीएमएलए की धारा 50 में गिरफ्तारी की शक्ति निहित नहीं है। ईडी के अधिकारियों को किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार तभी मिलेगा, बशर्ते कि वे उसमें उल्लिखित शर्तों को पूरा करते हों। उन्होंने कहा कि समन जारी करने, दस्तावेज पेश करने और बयान दर्ज करने की शक्ति, जो एक सिविल कोर्ट की शक्तियों के समान है, पीएमएलए की धारा 19 के तहत गिरफ्तारी की शक्ति से अलग है।

## आईएसओ: दिल्ली में फिर जुटेंगे 163 देश

**नई दिल्ली।** जी-20 और पी-20 के सफल आयोजन के बाद दुनिया के कम से कम 163 देश एक बार फिर से दिल्ली में जुटेंगे। भारत के नेतृत्व में ये देश दुनिया को ऊर्जा संकट से बचाने की गंभीर समस्या से निकालने और सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने की रणनीति पर विचार करेंगे। इंटरनेशनल सोलर एलायंस में शामिल 193 देशों में 163 देशों ने अब तक इसमें शामिल होने पर अपनी सहमति दे दी है।

30 अक्तूबर से शुरू होने जा रही इस बैठक में अंतिम समय तक कुछ और देश भी इसमें शामिल होने पर सहमत हो सकते हैं। भारत इस समय इंटरनेशनल सोलर एलायंस की अध्यक्षता कर रहा है और उसके नेतृत्व में ही दुनिया कार्बन उत्सर्जन की समस्या से मुक्ति पाने के उपायों पर विचार करेगी।

**सबसे बड़ी समस्या**-पूरी दुनिया में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने में एक सबसे बड़ी समस्या सामने आ रही है। इसका उपयोग बड़ी इमारतों और बड़ी संस्थाओं की ओर से ज्यादा हो रहा है। आम आदमी तक इसकी पहुंच बहुत धीमी गति से बढ़ रही है। इससे जीवाश्म ईंधनों पर लोगों की निर्भरता नहीं कम हो रही है जिससे कार्बन उत्सर्जन का अपेक्षित लक्ष्य नहीं हासिल किया जा सका है।

अमेरिकी, यूरोपीय और भारत जैसे कुछ देश इस दिशा में बेहतर काम कर रहे हैं, लेकिन गरीब देश अभी भी इस पर बेहतर काम नहीं कर पा रहे हैं। तकनीक पहुंच इसमें सबसे बड़ी बाधा है।

**देश में भी वही स्थिति**-केंद्र सरकार ने नई संसद और भारत मंडपम के निर्माण में सौर ऊर्जा तकनीक का जमकर उपयोग किया है।

### भारत की अगुवाई में खोजेंगे उर्जा बचत और सौर उर्जा के उपयोग को बढ़ाने के उपाय

सौर ऊर्जा उपकरणों के माध्यम से देश के इन सर्वोच्च संस्थानों में बिजली की खूब बचत होगी।

इससे पर्यावरण को साफ-सुथरा और कार्बन उत्सर्जन से मुक्त रखने में मदद मिलेगी। लेकिन आम लोगों के बीच इसकी लोकप्रियता न होने के कारण देश को बड़ा आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ रहा है। 30 अक्टूबर से दो नवंबर के बीच नई दिल्ली में जुटकर दुनिया के देश इसी समस्या का समाधान पाने की कोशिश करेंगे।

### मणिपुर हिंसा के दौरान विस्थापित हुए लोगों के पुनर्वास के लिए बड़ा एलान; बीरेन सिंह ने कही यह बात

**इंफाल।** मणिपुर हिंसा के दौरान विस्थापित हुए लोगों के पुनर्वास पर मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि नष्ट हुए घरों में से पक्के घरों के पुनर्निर्माण के लिए 10 लाख और कच्चे घरों के पुनर्निर्माण के लिए पांच लाख रुपये दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सहायता योजना के तहत ये राशि दी जाएगी। इसके अलावा एक परिवार एक आजीविका के तहत प्रत्येक संकटग्रस्त परिवार को सुविधा दी जाएगी। इस राशि को 10 लाख रुपये तक बढ़ाया जा सकता है जो सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### साइबर अपराधियों के......

बारे में जानकारी दी जा रही है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि इस ऑपरेशन के तहत सीबीआई अपने अंतरराष्ट्रीय समकक्षों के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय पुलिस के साथ भी सहयोग की भावना से काम कर रही है। इसमें संयुक्त राज्य अमेरिका की संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई), साइबर अपराध निदेशालय और इंटरपोल के आईएफएससीसी, यूनाइटेड किंगडम में राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए), सिंगापुर पुलिस शामिल हैं। इतना ही नहीं, जर्मनी की फोर्स और बीकेए भी इसमें शामिल हैं। इन एजेंसियों को सुराग़ों की सूचना देनी है। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य भारत में संगठित साइबर-सक्षम वित्तीय अपराधों के बुनियादी ढांचे का मुकाबला करना और उन्हें नष्ट करना है। यह ऑपरेशन निजी क्षेत्र के दिग्गजों के साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से चलाया गया।

### मध्यप्रदेश में मौजूदा....

की औसत संपत्ति 11.98 करोड़, विश्लेषण किए गए एक बसपा विधायक की औसत संपत्ति 96.95 लाख रुपये है और तीन निर्दलीय विधायकों की औसत संपत्ति 11.98 करोड़ रुपये है। **64 फीसदी विधायक स्नातक**-रिपोर्ट के अनुसार, 62 (33 प्रतिशत) विधायकों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता 5वीं और 12वीं कक्षा के बीच घोषित की है, जबकि 158 (64 प्रतिशत) विधायकों ने स्नातक या उससे ऊपर की शैक्षणिक योग्यता घोषित की है। चार विधायक डिप्लोमा धारक हैं, जबकि पांच विधायकों ने खुद को सिर्फ साक्षर बताया है और एक विधायक ने खुद को निरक्षर बताया है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि 96 (42 फीसदी) विधायकों ने अपनी उम्र 25 से 50 साल के बीच घोषित की है, जबकि 134 (58 फीसदी) विधायकों ने अपनी उम्र 51 से 80 साल के बीच घोषित की है। विश्लेषण किए गए 230 विधायकों में से 20 (9 प्रतिशत) विधायक महिलाएं हैं। 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए 17 नवंबर को मतदान होना है और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।

### 2 नवंबर को पटना में....

जा रहा है इस रैली को इंडिया की एकजुटता का प्लेटफॉर्म दिखाने की कोशिश के तहत लोकसभा चुनाव के पहले एक बड़ी रैली के रूप में आयोजित किया जा सकता है। भाकपा की ओर से पहले ही जदयू, राजद और कांग्रेस के कई शीर्ष नेताओं को रैली के लिए आमंत्रित किया जा चुका है। इंडिया की पहली बैठक पटना में हुई थी। बाद में बेंगलुरु और मुंबई की बैठक के बाद भोपाल में रैली करने की बातें की गईं थीं। लेकिन बाद में भोपाल रैली का कार्यक्रम रद्द हो गया। वहीं देश के 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव के बीच पटना में इंडिया की एकजुटता आगामी लोकसभा चुनाव के पहले एक बड़ी सियासी लड़ाई का संकेत भी माना जा रहा है।

### तेल अवीव पहुंचने के बाद बोले ऋषि सुनक

## पूरी तरह इजरायल के साथ हूं.. आतंक को हर हाल में खत्म करना है

**तेलअवीव।** इजरायल ने गाजा पर जिस 'संपूर्ण घेराबंदी' की घोषणा की थी, उसमें छूट मिलने की संभावना है। तेल अवीव ने रफाह सीमा के माध्यम से गाजा में प्रवेश के लिए इजरायल से सीमित सहायता की अनुमति दे दी है। इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू युद्धग्रस्त क्षेत्र में पानी, भोजन और अन्य आपूर्ति की अनुमति देने पर सहमत हुए हैं।

यह सब उसके बाद हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को तेल अवीव में इजरायल के प्रधानमंत्री से मुलाकात की। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ने जोर देते हुए कहा यह भी कहा कि इस लड़ाई में वो पूरी तरह से इजरायल के साथ है और अस्पताल पर हुए हमले इजरायल का नहीं, बल्कि किसी और का हाथ है।

वहीं ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक इज़रायल पहुंचे और उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन इजरायल के साथ है। 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास के घातक हमले के बाद शुरू हुए युद्ध में अब तक दोनों पक्षों के 4000 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

तेल अवीव में इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने संयुक्त प्रेस वार्ता की। बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, यह केवल हमारी लड़ाई नहीं है बल्कि यह पूरी दुनिया की लड़ाई है यह हमारा सबसे काला समय है, यह दुनिया का सबसे काला समय है। हमें एक साथ खड़े होने और जीतने की जरूरत है।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने एकबार फिर स्पष्ट किया है कि भारत ने इजरायल पर हुए भीषण हमले की कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, अजय ऑपरेशन के तहत 5 फ्लाइट में 1200 लोग वापस आए हैं इनमें से 18 नागरिक नेपाल के भी हैं और फ्लाइट भेजने का प्लान चल रहा है। परिस्थिति का जायज़ा लिया जा रहा है।


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**न्यायालय- कमिश्नर फॉर वर्कमेन कंपनसेशन, श्रम न्यायालय नरसिंहपुर म.प्र.**

मूल प्रकरण क्रमांक 05/ डब्ल्यू.सी.ए. / 2023 फैटल गोपाल प्रसाद कहार विरूद्ध बजाज एलियांज

विवध प्रकरण क्रमांक 17/ डब्ल्यू.सी.ए./2023 फैटल मि. ज्योति कहार विरूद्ध बजाज एलियांज पेशी दि. 21.11.2023

-सूचना पत्र-

सर्व संबंधित को इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि श्रमिक स्व. भगवान दास कहार निवासी ग्राम श्रीनगर पोस्ट श्रीनगर तहसील गोटेगांव जिला नरसिंहपुर को बजाज एलियांज इन्श्योरेंस कंपनी द्वारा मृत्यु उपरांत कुल 10,58,826 /- रूपये शब्दों में दस लाख अठावन हजार आठ सौ छब्बीस रूपये मात्र क्षतिधन राशि के रूप में इस न्यायालय में जमा किये गये हैं। उक्त क्षतिपूर्ति धनराशि आवंटन बावत् कार्यवाही हेतु पेशी दिनांक 21.11.2023 को नियत की जाकर सूचित किया जाता है कि स्वयं को जो कर्मकार प्रतिकर अधिनियम के तहत् उक्त मृतक का आश्रित व उनकी मृत्यु के एवज में इस न्यायालय में जमा क्षतिधन राशि पाने का अधिकारी समझता हो, आश्रितता के संबंध में अपनी दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, समग्र आई डी या राशन कार्ड, बैंक खाता पासबुक की मूल एवं दो फोटोप्रतियों सहित नियत पेशी दि. 21.11.2023 को प्रातः 11 बजे प्रस्तुत करें। प्रकरण में जमा क्षतिधन आवंटित न करने बावत् स्थगन प्राप्त हो या किसी प्रकार से आपत्ति हो तो उक्त तिथी को प्रस्तुत करें। उक्त श्रवण तिथी व्यतीत होने के पश्चात् किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

**फिरोज अख्तर**
**आयुक्त, कर्मकार प्रतिकर अधिनियम श्रम न्यायालय, नरसिंहपुर म.प्र.**

**कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर**

क्र/जविप्रा/भू-अर्जन/2023/9382 जबलपुर, दिनांक 19/10/2023

**जाहिर सूचना**

**( भूखंड का हस्तांतरण किये जाने हेतु )**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण के निम्नलिखित भूखण्डधारियों द्वारा अपने भू-खंड का हस्तांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है । यदि हस्तांतरण किये जाने में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञापन के प्रकाशन तिथि से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण ब्लाक क्र. 7अ, सिविक सेन्टर मढ़ाताल, जबलपुर में प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त संपत्ति हस्तांतरण कर दी जावेगी। जिसके बाद किसी को कोई आपत्ति/उजर मान्य नहीं होगी।**

**हस्तांतरण की जाने वाली संपत्ति का विवरण :-**

| सं.क्र. | यो.क्र. | भूखण्ड क्र. | विक्रयकर्ता का नाम | क्रेता का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 41 | 828 आवासीय | श्री प्रिंस पटेल पिता श्री लल्ला प्रसाद पटेल, पता- 996/1 यादव कॉलोनी, जबलपुर, (म.प्र.), मो.नं. 8718077772 | श्री सुनील कुमार जैन पिता श्री नेमीचंद जैन, पता- 1035/1 महेश ट्रेनिंग के ऊपर, पाण्डेय चौक, निवाड़गंज, जबलपुर। |

**सहा. भू-अर्जन अधिकारी,**
**जबलपुर विकास प्राधिकरण जबलपुर**

**न्यायालय - नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर**
**रा.प्र.क्रं.0091/अ-6/2023-24**

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती राजेश सबरवाल पति श्री सुदर्शन सबरवाल एवं अन्य निवासी 714 गोरखपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 17.03.2004 के माध्यम से मौजा गोरखपुर नं.बं. 605 प.ह.नं. 21 शीट नं. 4 प्लाट नं. 15/16 ख.नं. 627/1, 628/1 का हिस्सा रकवा 351.25 अभि. वर्गफुट विक्रेता प्लाट नं. 6/1 राजेश कुमार तिवारी बी.वी. तिवारी खुटेली जिला रीवा म.प्र. से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/बटवारा नामा/हस्तांतरण पत्र/ फौती/ हकत्याग पत्र/दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 23.10.23 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 09.10.23 को जारी।
जारी दिनांक 09.10.2023
पेशी दिनांक 23.10.2023

**नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर**
र.नं. 1451

**न्यायालय - नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर**
**रा.प्र.क्रं.1063/अ-6/2023-24**

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परस राम चौधरी स्व. श्यामा चौधरी निवासी राम नगर रामपुर जबलपुर के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक.... माध्यम से मौजा रामपुर प.ह.नं. ... ख.नं. 27/1, 27/1/6 शीट नं.... प.ह.नं. 01 नं. 1 रकवा 800 वर्गफुट विक्रेता हर्ष कुमार चड्डा पिता अमृत शाह चड्डा रतन कालोनी गोरखपुर से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/बंटवारा नामा/ हस्तांतरण पत्र/ह कत्याग पत्र/ दान पत्र/फौती एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 26.10.23 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 12.10.23 को जारी ।
जारी दिनांक 12.10.2023
पेशी दिनांक 26.10.2023

**नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर**
र.नं. 1443

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार/मुवक्किल का अनुबंध आप भूमि-स्वामी विक्रेतागण-(1) श्री पराग ठाकुर पिता श्री मंगल सिंह ठाकुर, निवासी- म.नं.-1465, गढ़ा वार्ड तह. व जिला जबलपुर (म.प्र.)(2) श्री राजेश कुमार पटेल पिता श्री अरूण कुमार पटेल निवासी- 1476/बी, नव निवेश कॉलोनी, गंगानगर गढ़ा तह. व जिला जबलपुर (म.प्र.)(3) श्री राकेश जरेला पिता श्री बनवारीलाल जरेला निवासी- 446, शारदा मंदिर के सामने, माढ़ोताल, तह. व जिला जबलपुर (म.प्र.)(4) श्री शरद सोनकर पिता स्व. सुरेशचंद सोनकर निवासी- 215/1 बड़ी ओमती, तह. व जिला जबलपुर म.प्र. वालों के साथ उनके स्वामित्व की कृषि भूमि जो कि मौजा- पारा, नं.बं.-175, प.ह.नं. 45/57 राजस्व निरीक्षक मण्डल-बरगी विकासखण्ड तहसील व जिला जबलपुर में स्थित कृषि भूमि डायवर्टेड खसरा नं.- 286/1 कुल रकवा- 0.840 हेक्टेयर है। उक्त कृषि भूमि मुख्य मार्ग से अन्दर साइड रोड से लगकर स्थित है। जिसे क्रय करने का अनुबंध पूर्व में ही कर लिया गया है, जिसके विक्रय पत्र का निष्पादन शीघ्र होना निश्चित है। अतः उक्त कृषि भूमि के विक्रय से यदि किसी बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था या किसी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति या दावा हो तो वह अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के इस प्रकाशन से 15 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के उपरांत किसी भी प्रकार का दावा या आपत्ति मान्य नहीं होगी व मेरे पक्षकार रजिस्टर्ड विक्रय पत्र निष्पादन कराने के लिये स्वतंत्र होंगे।

स्थान- जबलपुर, दिनांक 19/10/2023

**(देवाशीष यादव) एडवोकेट**
**म.प्र. हाईकोर्ट जबलपुर**
**ऑफिस- शॉप नं.-16 कटंगा गोरखपुर जबलपुर (म.प्र.)**
**मो- 9589288818, 7000415811**

# देश-प्रदेश

**उवाच**

**मैं मुख्यमंत्री पद छोड़ना चाहता हूं, पर ये मुझे नहीं छोड़ रहा**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** विधानसभा चुनावों को लेकर राजस्थान के टिकटों की सूची फाइनल करवाने के लिए दिल्ली पहुंचे राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को को सियासी हलकों में चल रहे तमाम सवालों के जवाब दिए। प्रदेश में चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के सवाल पर गहलोत ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री पद छोड़ना चाहता हूं, लेकिन यह पद मुझे नहीं छोड़ रहा है और शायद छोड़ेगा भी नहीं। उन्होंने कहा कि कुछ तो कारण होंगे कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मुझे बार-बार मुख्यमंत्री बना रहे हैं। गहलोत ने पीएम नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। बोले, मोदी कहते



### मुख्यमंत्री ने मंडला के महाराजपुर, घुघरी और मानिकसरा में चुनावी सभाओं को किया संबोधित, कहा

# गरीब और आदिवासियों की दुश्मन है कांग्रेस



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मंडला के महाराजपुर, घुघरी और मानिकसरा में चुनावी सभाओं को किया संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से ही गरीब और आदिवासियों के साथ अन्याय और शोषण किया है। अगर आदिवासियों के साथ किसी ने अन्याय किया और सबसे बड़ा दुश्मन कोई है तो वह कांग्रेस है। कभी सम्मान नहीं किया, समस्या का समाधान नहीं किया। इस दौरान श्री चौहान ने मतदाताओं से प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनाने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने जनसभा में कांग्रेस से सवाल करते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने सवा साल के कार्यकाल में गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान क्यों नहीं दिए। उन्होंने कहा कि मेरी बैगा, भारिया, सहरिया बहनों के 1 हजार रुपए देना क्यों बंद किए।

श्री चौहान ने कहा कि बीमारू कहे जाने वाला मध्यप्रदेश, भाजपा सरकार में विकसित होकर स्वर्णिम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। पिछले 20 सालों में भाजपा शासनकाल के दौरान मध्यप्रदेश सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी बना है। पिछले 20 वर्षों में जनता ने भाजपा पर भरोसा दिखाया है, जिसके परिणाम स्वरूप आज प्रदेश देश की टॉप 10 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है। आज मध्यप्रदेश गरीब कल्याण, महिला उत्थान एवं सम्पूर्ण विकास का मॉडल बन गया है। भाजपा सरकार नागरिकों के लिए जनकल्याण की योजनाएं लाई, जिसके चलते आज मध्यप्रदेश में 1.36 करोड़ से भी ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।

मुख्यमंत्री ने घुघरी विधानसभा के ग्राम बिछिया में महिला सम्मेलन में कहा कि, लाड़ली बहना योजना के बाद बहनों की जिंदगी बदल गई है। उन्होंने कहा कि, लाड़ली बहनों की राशि बढ़ाकर 3 हजार रुपए की जाएगी। उन्होंने कहा कि, इस धरती पर जो संसाधन है उन संसाधनों पर जिनका हक है उन्हें उनका हक मिलेगा। ये धरती सबकी है, जल, जमीन, जंगल सबका है। कई लोग इसका उपयोग करते हैं और धन कमाते हैं। ऐसे लोगों से टैक्स लूंगा और गरीबों में बाटूंगा।

मंडला में कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र मुख्यमंत्री ने दिया, उन्होंने कहा कि कमल का फूल ही हमारा स्थायी उम्मीदवार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि, घर-घर और बूथ स्तर पर भाजपा की राज्य व केंद्र सरकार के कामों को लेकर जाना है और इस बार फिर से मध्यप्रदेश में कमल खिलाना है, भाजपा की सरकार बनाना है।

## शिवराज का हुआ सम्मान

महिला सम्मेलन और चुनावी सभाओं के दौरान पूरा मंडला शिवराजमय नज़र आ रहा था। मंडला में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के स्वागत-सम्मान के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। हर कोई शिवराज का स्वागत करने और झलक पाने के लिए आतुर दिखा। सभाओं में उपस्थित लाड़ली बहनें भी पलक पावड़े बिछाए भैया शिवराज का

### मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने हाईटेक रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# भाजपा प्रतिदिन 23 सौ रथ सभाएं करेंगी



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रतिदिन लगभग 23 सौ रथ सभाओं के माध्यम से भाजपा मतदाताओं के बीच अपनी उपलब्धियां बताएगी। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा 50 हजार रथ सभा के माध्यम से एक करोड़ से ज्यादा लोगों तक पहुंचेगी। इन रथों में एलईडी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और राज्य सरकार की उपलब्धियों को बताने के साथ कांग्रेस की नाकामियों पर आधारित वीडियो फ़िल्में भी दिखाई जाएंगी।

ऐसे अत्याधुनिक प्रचार रथों को आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी नेताओं के साथ प्रदेश कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रदेश की जनता के नाम लिखा पत्र भी जारी किया। रीवा, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर से भी हाईटेक प्रचार रथ रवाना हुए। बताया गया कि अत्याधुनिक रथ हर विधानसभा के हर गांव और प्रत्येक बूथ तक भाजपा के पक्ष में वातावरण बनाएंगे। इन रथों के माध्यम से हर दिन प्रत्येक विधानसभा में लगभग 10 रथ सभाएं अलग-अलग स्थानों पर आयोजित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि विकास के लिए जन कल्याण के लिए मैं सभी कार्यकर्ताओं से आव्हान करता हूं कि प्रचार रथ हर विधानसभा में जाएंगे। हम सेवा के आधार पर विकास के आधार पर जनता से वोट मांगेगे।

# मध्यप्रदेश के विकास मॉडल के मोदी भी हुए कायल, पत्र लिखकर की तारीफ



भोपाल। मध्यप्रदेश के विकास मॉडल के प्रधानमंत्री मोदी भी कायल हैं, यही वजह है कि उन्होंने अपने पत्र में प्रदेश में बीते 20 सालों में हुए विकास कार्यों की तारीफ की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने पत्र में पिछले 20 सालों में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा के कामकाज की तारीफ की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि इस दौरान प्रदेश में 5 लाख किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण किया गया। आर्थिक विकास की दर 16 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गई, 65 लाख से अधिक घरों में नल से जल, 28 हजार मेगावट ऊर्जा उत्पादन और 1.36 करोड़ से अधिक लोगों का गरीबी रेखा से बाहर आना गर्व की अनुभूति कराता है।

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह केवल 7 बार प्रधानमंत्री रहते हुए प्रदेश के दौरे पर आए थे। उन्होंने अपने 10 सालों में केवल 14 हजार करोड़ मध्यप्रदेश को दिए थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र श्री मोदी के आने के बाद वो मध्यप्रदेश जिसे भाजपा की सरकार ने विकसित राज्य बनाया था, अब सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी बन गया है। आज पूरे देश के लिए गरीब कल्याण, महिला उत्थान और समग्र विकास का मॉडल बन गया है।

## हर बूथ पर पहुंचाया जाएगा पत्र

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश की जनता के नाम पत्र लिखा है। इस पत्र के रूप में जो संदेश प्रदेश की जनता को दिया है, उस संदेश को प्रदेश के सभी 64, 523 बूथों के माध्यम से घर-घर पहुंचाया जाएगा। हर बूथ पर पार्टी कार्यकर्ता जनता से संपर्क करेंगे और इस पत्र के माध्यम से प्रदेश और यहां की जनता के प्रति प्रधानमंत्री की भावनाओं से अवगत कराएंगे।

### कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक ने लगाया आरोप

# प्रदेश में शिक्षा की स्थिति बहाल



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने प्रदेश में शिक्षा की बदहाली पर भाजपा को घेरा है। पार्टी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में शिक्षा की स्थिति बदहाल है। राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ.रागिनी नायक ने आज यहां मीडिया से चर्चा करते हुए।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के लिखित जवाब का हवाला देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश के स्कूलों में शिक्षकों के 98 हजार 562 पद रिक्त हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 17 हजार 85 स्कूल एक ही शिक्षक के भरोसे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश ऐसे भी स्कूल हैं, जिनमें बिजली नहीं हैं, ऐसे स्कूलों की संख्या तकरीबन 57 प्रतिशत है। प्रदेश में 1 हजार 5 सौ 20 स्कूल ऐसे हैं जहां पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं है। 35 हजार8 सौ 85 स्कूलों में हाथ धोने की सुविधा तक नहीं है। 93 हजार 133 स्कूलों में दिव्यांग लड़कों और 94 हजार 2 सौ 38 में दिव्यांग लड़कियों के लिए शौचालय तक नहीं है।

डॉ. रागिनी ने आंकड़े पेश करते हुए बताया कि तकरीबन 95 हजार 102 स्कूलों विज्ञान की प्रयोगशाला ही नहीं है। 72 प्रतिशत स्कूलों में मेडिकल की सुविधा भी नहीं है। मध्यप्रदेश के प्रति लाख युवा पर केवल 29 शासकीय कॉलेज हैं, जबकि तमिलनाडु में ये संख्या 40 और कर्नाटक में 62 है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में 95 हजार सीएम राईज सकूल बनाने की घोषणा की थी, लेकिन 2 साल गुजर जाने के बाद भी इन स्कूलों की बिल्डिंग नहीं है, न पर्याप्त शिक्षक हैं। डॉ. रागिनी ने एक अन्य रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि स्कूल स्तर पर बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने में मध्यप्रदेश देश में सबसे पीछे है।

### कांग्रेस के सत्ता में आने पर शुरू होगी 'पढ़ो-पढ़ाओ' योजना

## शिक्षण संस्थाओं की बेहतरी के लिए शिक्षा आयोग का गठन करेंगे

कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. रागिनी ने कहा कि छात्र छात्राओं के भविष्य को शिक्षित करने के उद्देश्य से कांग्रेस ने यूपीए सरकार के कार्यकाल में ही शिक्षा को संवैधानिक अधिकार बनाया था। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत 14 वर्ष की आयु तक के बच्चों को शिक्षा का अधिकार मुहैया कराया था।

डॉ. रागिनी ने बताया कि उसी तरह अब कांग्रेस ने 'पढ़ो-पढ़ाओ' योजना के तहत पहली से 12 वीं तक की गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदेश के छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क प्रदान करने का वचन दिया है। बच्चों को कक्षावार 5 सौ रुपए से 15 सौ रुपए की सहायता उपलब्ध कराने के लिए भी हम प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा 1 से 8 तक 5 सौ रुपए, कक्षा 9 से 10 तक 1 हजार रुपए और कक्षा 11 से 12 तक 15 सौ रुपए की राशि प्रदान करेगी।

डॉ. रागिनी ने कहा कि शिक्षा के व्यवसायीकरण को रोकने व पाठ्यक्रमों में सुधार के लिए, लचर शैक्षणिक व्यवस्था की बेहतरी के लिए हम शिक्षा आयोग का गठन करेंगे। छात्रवृति के भुगतान का अधिकार अधिनियम लागू करेंगे। अंग्रेजी माध्यम के राज्य नवोदय विद्यालय शुरू करेंगे, इनमें कम्प्यूटर लैव की सुविधा होगी। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. रागिनी ने कहा कि प्रदेश में विदेशी विश्वविद्यालय ट्रायबल विश्वविद्यालय, महिला विश्वविद्यालय, हार्टिकल्चर विश्वविद्यालय और डॉ.भीमराव अम्बेडकर राज्य विधि विश्वविद्यालय खोले जाएंगे। ई-लर्निंग प्लेटफार्म विकसित की जाएगी और युवाओं को नि:शुल्क वाई-फाई, शैक्षणिक सुविधाएं तथा सरलता से उच्च शिक्षा के ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था करेंगे। डॉ. रागिनी ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोटा की तहर व्यवसायिक शिक्षा का केन्द्र बनाने की बात भी कही।

### शिवराज ने बिना नाम लिए कमलनाथ पर कसा तंज, बोले

# हम जनता को अपने काम बता रहे, कुछ लोग शमशान पर तांत्रिक क्रिया करा रहे



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज बिना किसी का नाम लिए कहा कि जहां एक ओर भारतीय जनता पार्टी के लोग जनता को अपने किए गए जनकल्याणकारी कार्यों के बारे में बता रहे हैं, वहीं कुछ लोग शमशान घाट पर तांत्रिक क्रिया करा रहे हैं। श्री चौहान ने प्रदेश भाजपा कार्यालय से पार्टी के हाईटेक प्रचार रथों को रवाना करने के अवसर पर कहा कि इस दौरान उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हम जनता को अपने काम बता रहे हैं और कुछ लोग शमशान घाट पर तांत्रिक क्रियाएं कर रहे हैं। यह लोकतंत्र है, लोकतंत्र में साधना और उपासना अगर किसी की होती है तो जनता की होती है। लोकतंत्र, जनता के विश्वास को जीतने का माध्यम है। जनता की सेवा करो, प्रदेश का विकास करो, लोगों का कल्याण करो। भाजपा ने किया है, इसलिए जनता से वोट मांगने जा रहे हैं।

### कर्नाटक में जनता दल एस में फूट

# बागी इब्राहिम को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाया

**बेंगलुरु।** पूर्व प्रधानमंत्री और जनता दल (एस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एच.डी. देवेगौड़ा ने गुरुवार को पार्टी की राज्य कार्यकारी समिति को भंग कर अपने बेटे तथा पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी को पार्टी का तदर्थ अध्यक्ष नियुक्त किया। इस कदम से उन्होंने बगावत का झंडा बुलंद करने वाले सी.एम. इब्राहिम को एक ही झटके में प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया।

देवेगौड़ा ने घोषणा की, प्रदेश अध्यक्ष इब्राहिम को बर्खास्त कर दिया गया है। इब्राहिम की अध्यक्षता वाली समिति भंग कर दी गई है। यह निष्कासन नहीं है। सम्मान के साथ उन्हें पद से हटा दिया गया है। इससे पहले, इब्राहिम ने पार्टी के राज्य में भाजपा के साथ हाथ मिलाने के फैसले को चुनौती देते हुए बगावत की थी। इब्राहिम ने देवेगौड़ा को भाजपा से हाथ न मिलाने की चेतावनी दी और कांग्रेस को समर्थन देने की घोषणा की।

### कांग्रेसजनों ने किया जयंती पर पूर्व मुख्यमंत्री का किया पुण्य स्मरण, बोले

# ईमानदार और सिद्धांतवादी नेता थे प्रकाशचंद्र सेठी



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष चंद्रप्रभाष शेखर सहित कांग्रेस नेताओं ने स्वर्गीय प्रकाशचंद्र सेठी की जयंती पर उनका पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि श्री सेठी वास्तविक ईमानदार नेता थे, केंद्र में पेट्रोलियम, इंडस्ट्रीज सहित तमाम मंत्रालयों में रहकर उन्होंने देश और प्रदेश की जनता की सेवा की। वे राजनीति में ईमानदारी का प्रत्यक्ष प्रमाण थे।

वह आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय प्रकाशचंद्र सेठी की 96 वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री होने के बाद भी उनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय रही, रहने के लिए एक मकान तक नहीं था, उनकी आर्थिक एवं पारिवारिक वित्तीय स्थिति को देखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री को केबिनेट का दर्जा दिये जाने की पहल कर प्रस्ताव केबिनेट में पारित कराया। इसके पहले कांग्रेसजनों ने स्व. श्री सेठी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया। इस अवसर पर मप्र कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह, उपाध्यक्ष प्रकाश जैन, मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा ने भी स्वर्गीय श्री सेठी के जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष जे.पी. धनोपिया ने कार्यक्रम का संचालन किया और अंत में आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर गुरमीत सिंह मंगू, दीपचंद यादव, जितेन्द्र मिश्रा, अब्बास हफीज, अवनीश बुंदेला, शहरयार खान, संतोष सिंह परिहार, रवि वर्मा, मिथुन अहिरवार, विक्की चौहान, अपराजिता पांडे, हृदेश किरार, हैदरयार खान, शहाना हसन, श्वेता पटेरिया, सै. मुजफ्फर अली, मुईनउद्दीन सिद्दीकी सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# कांग्रेस प्रत्याशियों की दूसरी सूची

(प्रथम पृष्ठ से आगे)

जयसिंहनगर एसटी-नरेन्द्र मरावी, कोतमा-सुनील सराफ, बांधवगढ़ एसटी- श्रीमती सावित्री सिंह,मनपुर एसटी- तिलकराज सिंह, विजयराघवगढ़- नीरज बघेल, मुड़वारा- मिथलेश जैन, बहोरीबंद-सौरभ सिंह, जबलपुर कैंट- अभिषेक चौकसे चिन्टू, पनागर- राजेश पटेल, निवास एसटी-चैन सिंह बरकड़े, मण्डला एसटी- डॉ. अशोक मर्सकोले, वारासिवनी- विक्की पटेल, गोटेगांव एससी- नर्मदा प्रसाद प्रजापति (शेखर चौधरी की जगह), गाडरवारा- श्रीमती सुनीता पटेल, जुन्नारदेव एसटी- सुनील उईके, अमरवाड़ा एसटी- कमलेश शाह, चौरई-सुजीत मेर सिंह, सौंसर- विजय चौरे, परासिया एससी- सोहन वाल्मीक, पांढुर्ना एसटी- नीलेश उईके, सिवनी-मालवा- अजय बलराम पटेल, होशंगाबाद- गिरीराज शंकर शर्मा, सोहागपुर- पुष्पराज सिंह, पिपरिया एससी- गुरूचरन खरे, भोजपुर- राजकुमार पटेल, सांची एससी- डॉ. जीसी गौतम,कुरवाई एससी- श्रीमती रानी अहिरवार, सिरौंज-गगनेन्द्र रघुवेशी, भोपाल उत्तर- आरिफ अकील, भोपाल दक्षिण पश्चिम- पीसी शर्मा, गोविंदपुरा- रविन्द्र साहू, हुजूर- नरेश ज्ञानचंदानी, लछावर- शैलेन्द्र पटेल, नरसिंहगढ़- गिरीश भंडारी, ब्यावरा- पुरूषोत्तम डांगी, सारंगपुर एससी- श्रीमती कला महेश मालवीय, सुजालपुर- रामवीर सिंह सिकरवार, देवास- प्रदीप चौधरी, खातेगांव- दीपक जोशी, बागाली एसटी-गोपाल भंसाले, हरसूद एसटी-सुखराम साल्वे, खण्डवा एससी- कुन्दन मालवीय, नेपानगर एसटी- श्रीमती गेंदूबाई चौहान, बुरहानपुर- सुरेन्द्र सिंह शेरा, सेंधवा-एसटी- मंटू सोलंकी, पानसेमल एसटी-चन्द्रभागा किरडे, मनवार एसटी- डॉ.हरियालाल अलावा, धार- श्रीमती प्रभा गौतम,बदनवार- भंवर सिंह शेखावत, इंदौर-3 दीपक पिन्टू जोशी, इंदौर-5- सत्यनारायण पटेल, डॉ. अम्बेडकर नगर मऊ- रामकिशोर शुक्ला, उज्जैन दक्षिण- इंजी. चेतन प्रेमनारायण यादव, बड़नगर- राजेन्द्र सिंह सोलंकी, रतलाम ग्रामीण एसटी- लक्ष्मन डिंडोरे, रतलाम सिटी-पारस सखलेचा, जौरा- हिम्मत श्रीमाल, मल्हारगढ़ एससी- परशुराम सिसोदिया, गरौठ- सुभाष सौजतिया, नीमच- उमराव सिंह गुर्जर, जावद- समन्दर पटेल।


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**न्यायालय अनुराग सिंह, लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी अधारताल, जिला जबलपुर**

राजस्व प्रकरण क्रमांक/12/बी-113/2023-24

**प्रारूप-4**

**सूचना पत्र नियम- 5(1) देखिए म.प्र. लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 25 के अन्तर्गत**

चूंकि आवेदक न्यास दादा वीरेन्द्र पुरी जी चेरिटेबल न्यास स्थापना क्रमांक 416/2006 जो कि 1051 गोलबाजार में स्थित है जिसमें श्री ताराचंद स्थापक न्यासी थे जिनका देहान्त हो गया है उनकी जगह डॉ. अर्पिता स्थापक दुबे को नवीन न्यासी के रूप में संयोजित किये जाने हेतु मप्र लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा-25 के अधीन पंजीयन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन पर संधारित प्रकरण मेरे न्यायालय में दिनांक 28/11/2023 को विचार के लिए नियत है। कोई भी व्यक्ति/संस्था उक्त न्यास या संपत्ति में हित रखता हो और उसके बारे में कोई आपत्ति प्रस्तुत करने या सुझाव देने का विचार रखता हो उसे इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन/दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है अथवा उक्त नियत दिनांक को न्यायालय में मेरे समक्ष स्वयं या अपने अभिभाषक या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्तियों/दावों/ सुझावों पर कोई विचार के लिए ग्राहय नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

(लोक न्यास की संपत्ति का विवरण एवं लोक न्यास का नाम और पता)

1. लोक न्यास का नाम एवं पता- दादा वीरेन्द्र पुरी जी चेरिटेबल न्यास स्थापना क्रमांक 416/2023 जो कि 1051 गोलबाजार ।
2. नवीन नियुक्ति न्यासी के रूप में प्रस्तावित- डॉ. अर्पिता स्थापक दुबे

जारी दिनांक-11/10/2023

पेशी दिनांक-28/11/2023

**(अनुराग सिंह)**
**पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग अधारताल जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/200 दिनांक 19.10.23

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री मनु बठीजा पिता श्री महेश बठीजा (2) श्री महेश कुमार बठीजा पिता श्री पम्मन दास बठीजा ने मकान नं. डी-5 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल... भू- तल 550 प्रथम तल- 550 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-13 मुख्यालय**
**नगर निगम , जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./संभा. अधि./13/मुख्यालय/2023/24/एम/205 दिनांक 19/10/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राहुल सिंह नागर पिता श्री हरिशचन्द्र नागर मकान नं. 1006/1 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी खुलीछत-206व.फु. द्वितीय तल 785 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व-निरीक्षक**
**संभाग क्रमांक -13 मुख्यालय तीन पत्ती नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./संभा. अधि./13/मुख्यालय/2023/24/एम/206 दिनांक 19/10/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री पियूष कुमार कपूर पिता श्री अशोक कुमार कपूर 2. श्रीमती मीता कपूर पति श्री पियूष कुमार कपूर मकान नं. 761/SF-205 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल....द्वितीय तल 280 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग 13 मुख्यालय में प्रमाण पत्र सहित आपत्ति प्रस्तु करें।

**राजस्व-निरीक्षक**
**संभाग क्रमांक -13 मुख्यालय तीन पत्ती नगर निगम जबलपुर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, SAROJNI DEVI is legally wedded spouse of Army No 13765204M RANK HAV NAME RAJESH KUMAR of Presently residing at Vill- NAROLA, P/O- NAROLA TEH- SARKAGHAT, DISTT- MANDI (HP) PIN 175033 शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मेरा नाम SAROJNI DEVI to SAROJANI DEVI में परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है द्वारा शपथ पत्र NO 36AA 597152 दिनांक 19/10/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.

गलत नाम- SAROJNI DEVI

सही नाम - SAROJANI DEVI

**नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

I, Army No. 13765204M RANK HAV NAME RAJESH KUMAR of Presently residing at Vill- NAROLA, P/O-NAROLA TEH- SARKAGHAT, DISTT- MANDI (HP)PIN 175033 शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम FULLAN DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम PHOOLA DEVI है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माता के इस नाम PHOOLA DEVI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे और मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता की जन्म तिथि 25/04/1960 दर्ज है जो की गलत है मेरी माता की सही एवं वास्तविक जन्मतिथि 01/01/1960 है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरी माता की इस जन्मतिथि 01/01/1960 को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 36AA597153 दिनांक 19/10/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.

गलत नाम- FULLAN DEVI

गलत जन्मतिथि - 25/04/1960

सही नाम - PHOOLA DEVI

सही जन्मतिथि -01/01/1960

**नाम परिवर्तन सूचना**

**मैं ARMY NO 2702950M, RANK- HAV, NAME- KEDAR GORAKH POPAT, UNIT- 12 GRENADIERS R/O Village- JAMGAON, POST- JAM- GAON, TEH- PARNER, DISTT- AHMADNAGER, STATE- MAHARASHTRA PIN-414103 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम KADAM USHA DEVI एवं मेरी पुत्री का नाम NEHA एवं मेरे पुत्र का नाम PIYUSH दर्ज है जो कि गलत है। मेरी पत्नी का सही नाम USHADEVI GORAKH KEDAR एवं मेरी पुत्री का सही नाम USHA GORAKH KEDAR एवं मेरे पुत्र का सही नाम PIYUSH GORAKH KEDAR है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरी पत्नी एवं पुत्री एवं मेरे पुत्र के इन नामों को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।**

देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 20 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# ईडी की शक्ति के स्पष्टीकरण से भाजपा को झटका

दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दिये गये एक अहम फैसले से केन्द्र द्वारा किये जा रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दुरुपयोग की कोशिशों को झटका लग सकता है। पिछले 9 साल से अधिक समय से जिस प्रकार मोदी सरकार ईडी का इस्तेमाल अपने राजनैतिक विरोधियों के लिये कर रही है, वह सम्भवत: दिल्ली हाईकोर्ट के इस फैसले से रुक सकता है। ईडी की शक्तियों के स्पष्टीकरण के बाबत दिया गया यह निर्णय ऐतिहासिक तो है ही, इसलिये भी दूरगामी हो सकता है क्योंकि इससे भारतीय जनता पार्टी सरकार की मनमानी पर अंकुश लग सकता है। जिस तरह से ईडी, आयकर एवं सीबीआई की शक्तियों का इस्तेमाल केन्द्र सरकार कर रही है, उससे ज्यादातर विरोधी दलों के नेता, वैचारिक विरोधी आदि परेशान हैं, उनके लिये भी यह राहत की बात होगी।

आशीष मित्तल नामक व्यक्ति द्वारा एडुकॉम्प मामले में प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट के गुरुवार को दिये फैसले में स्पष्ट किया गया कि 'धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत किसी व्यक्ति को सम्मन जारी करने की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शक्ति में उस व्यक्ति की गिरफ्तारी की शक्ति शामिल नहीं है।' हालांकि अदालत ने 2020 में ईडी द्वारा दर्ज ईसीआईआर रद्द करने की मांग करने वाली आशीष मित्तल नामक व्यक्ति की याचिका खारिज कर दी पर यह महत्वपूर्ण टिप्पणी भी की। मित्तल को 21 अगस्त को ईडी के समक्ष पेश होने का सम्मन जारी किया गया था। उन्हें आशंका थी कि उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लिया जाएगा या गिरफ्तार किया जाएगा अथवा बलि का बकरा बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उन्हें ईसीआईआर की कॉपी नहीं दी गई थी।

जस्टिस अनूप भंभानी ने कहा कि 'गिरफ्तारी की शक्ति पीएमएलए की धारा 50 में स्पष्ट रूप से अनुपस्थित है, जो ईडी अधिकारियों को किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार देती है, बशर्ते कि वे उसमें उल्लिखित शर्तों को पूरा करते हों।' अदालत ने साफ किया कि 'पीएमएलए की धारा 50 के तहत किसी व्यक्ति को सम्मन जारी करने और दस्तावेजों के उत्पादन और बयान दर्ज करने की आवश्यकता की शक्ति, जो सिविल अदालत की शक्तियों के समान है, किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने की धारा 19 के तहत शक्ति से अलग है।' फैसले में आगे कहा गया– 'हालांकि पीएमएलए की धारा 19 ईडी के नामित अधिकारियों को किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार देती है, जो उस प्रावधान में उल्लिखित शर्तों को पूरा करने के अधीन है, लेकिन यह स्पष्ट है कि गिरफ्तारी की शक्ति धारा 50 में नहीं है और न ही पीएमएलए की धारा 50 के तहत जारी किए गए सम्मन का स्वाभाविक परिणाम का कोई मतलब है।'

जस्टिस भंभानी ने कहा कि पीएमएलए की धारा 19 और 50 दो अलग और विशिष्ट प्रावधान हैं और एक के तहत शक्तियों के प्रयोग को इस आशंका पर नहीं रोका जा सकता है कि इससे दूसरे के तहत शक्तियों का प्रयोग हो सकता है। अदालत ने कहा, 'अगर इसकी अनुमति दी जाती है तो पीएमएलए की धारा 50 के तहत दस्तावेज पेश करने या शपथ पर बयान देने के लिए बुलाया गया कोई भी व्यक्ति, केवल यह आशंका व्यक्त करते हुए ऐसे समन का विरोध कर सकता है कि उसे ईडी के हाथों पीएमएलए की धारा 19 के तहत गिरफ्तारी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसी स्थिति वैधानिक प्रावधान के विरूद्ध होगी।'

जस्टिस भंभानी ने इस फैसले में ईडी की शक्तियों के मनमाने दुरुपयोग पर विस्तार से व्याख्या की है। इस फैसले का न्यायिक क्षेत्र में तो असर पड़ेगा ही, वर्तमान सियासी माहौल पर भी सकारात्मक प्रभाव होगा। न्यायिक क्षेत्र में इसलिये कि इसके जरिये ईडी की शक्तियों को लेकर स्पष्टता आयेगी। फिलहाल जिन्हें गिरफ्तारी का भय दिखाकर मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह शक्तिशाली हो गये हैं, उस पर अंकुश लगेगा। अनेक विरोधी दलों के नेताओं एवं समर्थकों पर जिस तरह से ईडी के जरिये भाजपा सरकार निरंकुश हुई है, उस पर भी रोक लगने की उम्मीद है। दिल्ली सरकार के तीन मंत्री जहां ईडी मामलों में जेलों में हैं वहीं छत्तीसगढ़ में कई सरकार (कांग्रेस) समर्थकों को भी न्यायिक हिरासतों में भेजा गया है। विरोधी दलों की अनेक राज्य सरकारों को भी गिराने में ईडी सहित केन्द्रीय जांच एजेंसियों का उपयोग होता आया है। कई नेताओं ने तो इन एजेंसियों से बचने के लिये ही भाजपा की पनाह ली है। महाराष्ट्र का मामला सामने है जिसमें उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने दो बार शिवसेना (शिंदे) एवं भाजपा की संयुक्त सरकार में शामिल होकर अपने व अपनी पत्नी के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के तमाम आरोपों से मुक्ति पा ली। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो सुश्री मायावती के लिए भी कहा जाता है कि वे इसलिये भाजपा के खिलाफ नहीं जाती क्योंकि इससे वे जांच में फंस सकती हैं। पश्चिम बंगाल, कर्नाटक आदि में भी विरोधी दलों के नेताओं के यहां केन्द्रीय जांच एजेंसियों की धमक होती रहती है। जिस 'ऑपरेशन लोटस' की बात भाजपा या राजनैतिक गलियारों में होती है वह मूलत: ईडी, सीबीआई, आईटी के जरिये दलबदल कराने का ही नाम है। इनका जितना दुरुपयोग भाजपा के इन 9 वर्षों में हुआ है उतना आजाद भारत में कभी नहीं हुआ।

उम्मीद है कि जिस प्रकार से न्यायपालिका ने ईडी के अंतर्गत गिरफ्तारी के एक पहलू के बाबत स्पष्टता लाई है वैसे ही इन एजेंसियों के काम-काज के बारे में और भी स्पष्टता लाई जानी चाहिये। इसके बावजूद अगर सरकार दुरुपयोग से बाज न आये तो कोर्ट अपनी शक्ति दिखलाएं।

# हो टुकड़े-टुकड़े टूट चुकी मानवता

है रानी और दुख की बात है कि अभी अस्सी साल भी नहीं बीते कि हिटलर के अत्याचार से पीड़ित एक कौम जो दर्द और मौत के समंदर में डूब रही थी, आज किसी दूसरी कौम को बेघर और बर्बाद करने पर तुल गई है। पूरी दुनिया यहूदियों के जिस दर्द को खुद के सीने में महसूस कर रही थी, अब वही यहूदी इस दर्द को महसूस करने से इंकार करते हैं। यकीन करना मुश्किल है कि वे यहूदी जिनका एक समय अपना कोई मुल्क नहीं था, आज लोगों को उनकी ज़मीन से बेदखल करने में जुटे मालूम होते हैं। उन्होंने उत्तरी ग़ाज़ा के लोगों से कह दिया है कि तुम अपने घर छोड़ दो, फिर हम वहां बमबारी करेंगे। इससे पहले कि जगह खाली होती, एक अस्पताल पर मिसाइल दाग़ दी गई। घायलों और बीमारों को इलाज के बजाय मौत मिली। वहां के घायलों को अब दूसरे अस्पतालों में ले जाया जा रहा है। कोई भरोसा नहीं कि फिर वहां बम न बरसे।

बढ़-चढ़कर दावे करने वाले दोनों पक्ष यानी हमास और इज़राइल अब एक दूसरे पर इलज़ाम लगा रहे हैं कि यह जघन्य हरकत उनकी नहीं है। बताया जाता है कि पहले एक ट्वीट में इस हमले की ज़िम्मेदारी इज़राइली सेना ने ली थी फिर ट्वीट को डिलीट कर दिया गया। दोनों ओर से बच्चों की दहला देने वाली तस्वीरें जारी की जा रही हैं। अस्पताल पर हमला सबसे बड़े युद्ध अपराध बतौर देखा जाता है। दुनिया के आक़ा माने जाने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इज़राइल पहुंचकर अपने बयान में कह दिया है कि यह दूसरी टीम का काम है, जैसे ये इंसानी जिंदगियों की बात नहीं बल्कि बास्केटबॉल का कोई मैच हो। एक तरफ़ वे कहते हैं कि ग़ाज़ा के नागरिकों को राहत सामग्री पहुंचाई जाए और फिर यह भी कि हमास का यह हमला अमेरिका पर हुए 9/11 के हमले से भी बड़ा हमला है।

हमास (हरकत अल मुकम्मल अल इस्लामिया) एक आतंकवादी संगठन है और इसका मकसद है इज़राइल को ख़त्म कर एक फिलिस्तीन देश बनाना। जो विचार इस आतंकी संगठन को मज़बूती देता है वह यह है कि यहूदियों को उनकी ज़मीन पर ज़बर्दस्ती बसाया गया है और वे धीरे-धीरे उनकी ज़मीन पर कब्ज़ा कर रहे हैं। बदले की इसी भावना का नतीजा है कि सात अक्टूबर को हमास ने इज़राइल पर आतंकी हमला किया जिसमे पांच सौ से ज़्यादा इज़राइलियों की जानें गईं, जिनमें महिलाएं, बच्चे भी शामिल हैं। कई मासूम नागरिकों को बंधक बना लिया गया। पूरी दुनिया हमास के इस खूनी हमले से दहल गई। नतीज़तन कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ खुद को खड़ा बताया। जॉर्डन, सीरिया, लेबनान, इजिप्ट जैसे देश जो फिलिस्तीन से थोड़ी हमदर्दी रखते हैं, उन्होंने भी हमास की तीखी भर्त्सना की। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी ऐसा ही किया लेकिन हमास के हमले के बाद इज़राइल ने हमास के आतंकवादियों की तलाश में जो भीषण हमले किए उसने दुनिया को फिर सोचने पर मजबूर कर दिया कि यह लड़ाई आख़िर किस दिशा में बढ़ रही है। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने भी कहा– 'अंतरराष्ट्रीय युद्ध नियमों का पालन अनिवार्य है और पूरी दुनिया की ज़िम्मेदारी है कि वह आतंकवाद से उन्हीं घोषणाओं के मुताबिक मुकाबला करे।' फ़िलहाल जो दिख रहा है वह है खेमों में बंटी दुनिया। अस्पताल पर हमले के बाद अरब देशों के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति की जॉर्डन में तय बैठक नहीं हुई। इस बैठक में फ़िलिस्तीन के मान्यता प्राप्त हिस्से के राष्ट्रपति महमूद अब्बास भी भाग लेने वाले थे।


वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

**हमास (हरकत अल मुकम्मल अल इस्लामिया) एक आतंकवादी संगठन है और इसका मकसद है इज़राइल को ख़त्म कर एक फिलिस्तीन देश बनाना। जो विचार इस आतंकी संगठन को मज़बूती देता है वह यह है कि यहूदियों को उनकी ज़मीन पर ज़बर्दस्ती बसाया गया है और वे धीरे-धीरे उनकी ज़मीन पर कब्ज़ा कर रहे हैं। बदले की इसी भावना का नतीजा है कि सात अक्टूबर को हमास ने इज़राइल पर आतंकी हमला किया।**

तीसरे विश्व युद्ध की आशंका में अब दुनिया भर के नागरिक संगठन नेताओं को याद दिला रहे हैं कि फ़िलिस्तीन लम्बे अर्से से विवादित रहा है और इसके हल के लिए कभी भी ज़िम्मेदार देशों ने नतीजा देने वाले सार्थक प्रयास नहीं किए। अब भी जो बाइडेन इस वक्त जो बातें कह रहे हैं वे भी आग में पानी डालने वाली तो नहीं ही हैं। तेल अवीव में इज़राइल के प्रधानमंत्री को गले लगाकर कहना कि गाज़ा के अस्पताल पर हमला दूसरी टीम का काम है और यह 9/11 से भी बड़ा हमला है। इस बयान ने तटस्थ देशों को भी चौंकाया है। क्या चाहता है अमेरिका कि हमास को अलकायदा के ओसामा बिन लादेन की तरह किसी देश में घुसकर मारा जाए; लेकिन यहां तो इस तलाश में दोनों ओर के हज़ारों बेगुनाह नागरिक मारे जा रहे हैं। यह कह देना भी किस क़दर अमानवीय है कि, 'आप अपना मुल्क खाली करके निकल जाओ! हम यहां बम बरसाएंगे।' कहां जाया जाए कोई और कितने दिन किसी शरणार्थी कैंप में गुज़ारे जा सकते हैं? यूं पहले से ही जॉर्डन और इजिप्ट की सीमा पर फिलस्तीनियों के कई कैंप हैं। कौन सा देश उन्हें अपनाने को तैयार है? बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि लोग ग़ाज़ा नहीं छोड़ना चाहते। उन्हें मिसाइल का शिकार होना मंज़ूर है, दर-दर की ठोकरें खाना नहीं। पानी-भोजन की किल्लत है। वे घूम-घूमकर नलों में पानी तलाश रहे हैं। दुश्मनी का आलम यह है कि कोई राहत सामग्री भी उत्तरी ग़ाज़ा तक नहीं पहुंचने दी जा रही है। फिर भी अपनी जान की परवाह में इनमें से कुछ ने अल अहली अल अरब अस्पताल में शरण ली तो मिसाइल ने वहां आकर भी उनका काम तमाम कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास के हमले को 'नाइन-इलेवन' के हमले से भी बड़ा हमला तो बताया है लेकिन अस्पताल के क़ब्रगाह बनने पर उनका कोई तीखा बयान अब तक नहीं आया है। यह पक्षपात ही कहीं पश्चिम एशिया के इस हिस्से की उथल-पुथल का कारण न बन जाए।

यूं हज़ारों सालों का इतिहास बताता है कि यहूदी पूरी दुनिया में सर्वाधिक सताया गया समुदाय है। प्रभु ईसा मसीह स्वयं एक यहूदी (ज्यू) थे जिन्हें सलीब पर टांग दिया गया और यह मान्यता घर कर गई कि कुछ यहूदी ऐसा ही चाहते थे। ईसाइयों के बीच यहूदियों के लिए यह नफरत बढ़ती गई जो धर्म युद्ध में बदल गई। नफ़रत इस कदर फैली कि यहूदी और ईसाई एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। अफ़वाह फैलाई जाती थी कि यहूदी ईसाई बच्चों का खून पीते हैं या उनका धार्मिक रीति रिवाज़ों के लिए इस्तेमाल करते हैं। अठारहवीं सदी तक यह नफरत एक ख़ास किस्म की नस्लीय या जातीय भेद में बदल गई थी। यहूदी मानने लगे थे कि पूरी दुनिया उनसे नफरत करती है और उन्हें अपना एक देश बनाना ही होगा जो उन्हें मज़बूत सुरक्षा दे। उन्नीसवीं सदी के अंत में 'ज़ायोनिस्म मूवमेंट' की शुरुआत हुई। इस वक्त कुछ यहूदी येरूशलम में आकर बसने लगे। यह उनके लिए पवित्र स्थान था। ठीक वैसे ही येरूशलम ईसाईयों और मुसलमानों के लिए भी आस्था स्थल है। आज यह इज़राइल के पास है। तब वहां कोई ग़ाज़ा नहीं था, न कोई इज़राइल और न कोई वेस्ट बैंक। केवल फिलिस्तीन था, खाली ज़मीन के साथ। तब वहां ओटोमन साम्राज्य था और यहां तीनों यानी मुसलमान, ईसाई और यहूदी अमन से रहते थे।

अमन यह शब्द यहां उस दिन से खो गया जिस दिन हिटलर के बंकर से ख़बर आई कि ख़ुदकुशी के बाद 'तानाशाह मर गया।' इसके बाद दुनिया को शांति से भर जाना चाहिए था कि अब कोई जंग नहीं। आज के हालात देखकर लगता है कि इस दुनिया के हुक्मरान अब भी जंग के प्यासे हैं। उनकी हुकूमत को बड़ा आसरा युद्ध में काम आने वाले हथियार देते हैं। वे इस आग को सुलगाए रखना चाहते हैं। दुनिया का बंटवारा भी मन मुताबिक कर जाते हैं। धरती पर ऐसी आड़ी-तिरछी रेखाएं खींचतें हैं कि मानवता बस रोती ही चली जाती है। हिंदुस्तान अपने सीने पर लगे उस घाव को कैसे भूल सकता है जब शरणार्थियों की बाढ़ आई थी। वह अकेले कहां आई थी साथ नफरत भी लाई थी। फिलिस्तीन में भी यही हुआ। नफ़रत की लड़ाई जारी है। फिलहाल इनके नाम हमास और इजराइल हैं। ख़ात्मा कर दो हमास का लेकिन यह पक्का इरादा दिखना चाहिए। यह लड़ाई इतनी ईमानदार नहीं जितनी राम की रावण के विरुद्ध थी। कोई दुविधा नहीं थी वहां। एक ही लक्ष्य बुराई और आतंक का ख़ात्मा। इस दौर में उम्मीद की जानी चाहिए कि दुनिया के अच्छे नागरिक सड़कों पर निकलकर इन हुक्मरानों को शांति की भाषा बोलने के लिए प्रेरित करें। ठीक ऐसा ही वियतनाम युद्ध के समय भी हुआ था।

रसूल हमजातोव की एक कविता है– 'भाई', जिसका अनुवाद फैज़ अहमद फैज़ ने किया है–

आज से बारह बरस पहले बड़ा भाई मरा
स्तालिनग्राद की युद्धभूमि में काम आया था
मेरी मां अब भी लिए फिरती है पहलू में ये ग़म
जब से अब तक पहने हुए है शोक की चादर
और उस दुख में मेरी आंख का गोशा तर है
अब मेरी उम्र बड़े भाई से कुछ बढ़कर है

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)

# 100 साल बाद भी गोलवलकर की विरासत की काली छाया में आरएसएस

मुंबई में 4-5 अक्टूबर 2023 को आयोजित अपनी वार्षिक संगोष्ठी में 'इंडिया टुडे' ने आरएसएस पर केन्द्रित एक सत्र भी रखा था. सत्र का विषय था, 'आरएसएस के 100 वर्ष: एम.एस. गोलवलकर अब भी क्यों टिके हुए हैं?' सत्र में विभिन्न विचारधाराओं के वक्ताओं ने हिस्सेदारी की। इसमें गोलवलकर से जुड़े मुख्यत: दो विषयों पर चर्चा हुई: पहला राष्ट्र निर्माण की उनकी परिकल्पना और अल्पसंख्यकों के प्रति उनका दृष्टिकोण और दूसरा, भारत के संविधान की उनकी आलोचना। उनकी सोच के भारत की वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य पर प्रभाव पर विशेष बात नहीं हुई, खासकर इस संदर्भ में कि भारत में आज अल्पसंख्यकों की स्थिति दोयम दर्जे के नागरिकों की है और भारतीय संविधान की आलोचना में सरकार के शीर्ष पदाधिकारी सबसे आगे हैं।

गोलवलकर ने अपनी पुस्तक 'व्ही आर अवर नेशनहुड डिफाइंड' में लिखा, 'जर्मनी का अपनी नस्ल पर गर्व आज चर्चा का विषय है। अपनी नस्ल और संस्कृति की शुद्धता को बनाए रखने के लिए जर्मनी ने अपने देश से यहूदियों का सफाया कर सारी दुनिया को चौंका दिया। जर्मनी में नस्ल को लेकर गर्व की भावना अपने सर्वोच्च स्वरूप में दिखाई देती है। जर्मनी ने यह भी दिखाया है कि जिन नस्लों और संस्कृतियां में अंतर उनकी जड़ों तक व्याप्त हैं, उन्हें एक इकाई में समाहित करना असंभव है। हिन्दुस्तान में भी हम इस सबक को सीख सकते हैं और उससे लाभ उठा सकते हैं।' इसके जवाब में हिन्दू राष्ट्रवादी वक्ताओं ने कहा कि इस अंश को उसके संदर्भ से हटा कर नहीं देखा जाना चाहिए और यह भी कि चन्द पंक्तियां किसी व्यक्ति या किसी संस्था की विचारधारा को प्रतिबंबित नहीं कर सकतीं।


राम पुनियानी

**सन् 1937 में गोलवलकर ने जो कहा था वह आज जमीनी सच्चाई बन गया है। एक के बाद एक घटनाओं के जरिए अल्पसंख्यकों को यह स्पष्ट संदेश भेजा जा रहा है कि वे दूसरे दर्जे के नागरिक हैं, वे भारत में केवल एक हाशियाकृत समुदाय के रूप में रह सकते हैं और उन्हें नागरिक अधिकार नहीं दिए जा सकते। जिस समय देश में जगह-जगह लिंचिंग की घटनाएं हो रहीं थीं तब भागवत और उनके गिरोह के होंठ सिले हुए थे।**

इसके जवाब में एक पैनेलिस्ट ने सन् 1972 में 'द इलस्ट्रेटिड वीकली ऑफ इंडिया' के संपादक खुशवंत सिंह द्वारा लिए गए गोलवलकर के साक्षात्कार से उद्धत करते हुए कहा कि गोलवलकर का कहना था कि 'ऐतिहासिक कारणों से मुसलमानों की वफादारियां विभाजित हैं परंतु इसके लिए हिन्दू और मुसलमान दोनों जिम्मेदार हैं।' इसमें हम यह भी जोड़ सकते हैं कि आरएसएस के वर्तमान सरसंघचालक मोहन भागवत ने सन् 2018 में दिल्ली के विज्ञान भवन में बोलते हुए इससे भी नरम रूख अपनाया था। बाद में उन्होंने यह भी कहा था कि हिन्दुओं और मुसलमानों का डीएनए एक ही है। मोहन भागवत ने लिंचिंग करने वालों को खरीखोटी सुनाते हुए यह भी कहा था कि 'ऐसा करने वाले हिन्दुत्व के विरोधी हैं...यद्यपि कुछ मौकों पर लोगों के खिलाफ लिंचिंग की झूठी शिकायतें भी की गईं हैं... इस भय के दुष्चक्र में मत फंसिये कि भारत में इस्लाम खतरे में है...।'

सन् 1939 में प्रकाशित पुस्तक से लेकर 1972 के साक्षात्कार तक और उससे लेकर आरएसएस के वर्तमान मुखिया के वक्तव्य तक – संघ परिवार की कथनी लगातार बदलती रही है। परंतु उसकी करनी का क्या? आरएसएस की शाखाओं और उसके द्वारा संचालित स्कूलों में जो बताया-पढ़ाया जाता है, उसका क्या? भाजपा के आईटी सेल और कई मुख वाले संघ परिवार के नियंत्रण वाले सोशल मीडिया द्वारा जो प्रचार किया जाता है उसका क्या? संघ की शिक्षाएं विशुद्ध नफरत पर आधारित हैं। इस संगठन के प्रभाव को समझने के लिए केवल उसके शीर्ष नेतृत्व के कथनों पर ध्यान पर्याप्त नहीं होगा। हमें यह भी देखना होगा कि संघ की सोच का सामाजिक ताने-बाने पर क्या प्रभाव पड़ रहा है और असहाय मुस्लिम अल्पसंख्यक उसके कारण क्या भोग रहे हैं?

एक तरह से सन् 1937 में गोलवलकर ने जो कहा था वह आज जमीनी सच्चाई बन गया है। एक के बाद एक घटनाओं के जरिए अल्पसंख्यकों को यह स्पष्ट संदेश भेजा जा रहा है कि वे दूसरे दर्जे के नागरिक हैं, वे भारत में केवल एक हाशियाकृत समुदाय के रूप में रह सकते हैं और उन्हें नागरिक अधिकार नहीं दिए जा सकते। जिस समय देश में जगह-जगह लिंचिंग की घटनाएं हो रहीं थीं तब भागवत और उनके गिरोह के होंठ सिले हुए थे। इस विशाल संगठन की विभिन्न शाखाओं के बीच इतनी होशियारी से 'श्रम विभाजन' किया गया है कि जमीन पर हो रही घटनाओं का पितृसंगठन की छवि पर कोई असर नहीं होता। शाखाओं में स्वयंसेवकों को पहले ही पकाकर तैयार कर दिया जाता है। फिर संघ के पूर्व प्रचारक और वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री इशारों ही इशारों में उन्हें निर्देश देते हैं–'हम दो हमारे दो, वो पांच उनके पच्चीस', 'उन्हें उनके कपड़ों से पहचाना जा सकता है', 'श्मशान-कब्रिस्तान', 'राणा प्रताप ने गाय की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया' आदि आदि। ये समाज में नफरत और हिंसा फैलाने के निर्देश होते हैं और लोगों को धर्म के आधार पर ध्रुवीकृत करने के भी।

जो कुछ देश में आज हो रहा है उसे संघ परिवार के शीर्ष नेतृत्व का अनुमोदन हासिल है। तभी तो हत्या के आरोपियों को उनके सांसद मालाएं पहनाते हैं। तभी तो बिलकिस बानो का बलात्कार करने वालों को जेल से जल्दी रिहा कर दिया जाता है और उनका सार्वजनिक अभिनंदन होता है। तभी तो मुसलमानों के एक बड़े तबके को एनआरसी-सीएए के नाम पर मताधिकार से वंचित करने का प्रयास होता है। तभी तो मुसलमान दुकानदारों के बहिष्कार की अपीलें होती हैं। तभी तो मुसलमानों से कहा जाता है कि अगर उन्हें अपनी जान की फिक्र है तो वे अपना घर-गांव छोड़कर चले जाएं। क्या गोलवलकर ने सन् 1939 में यही सपना नहीं देखा होगा?

जहां तक संविधान का सवाल है, आरएसएस के अनाधिकृत मुखपत्र 'आर्गनाईजर' ने गोलवलकर के आरएसएस का मुखिया होने के दौरान लिखा था, 'किन्तु हमारे संविधान में प्राचीन भारत में हुए अनूठे संवैधानिक विकास का कोई उल्लेख नहीं हैं। मनु द्वारा विरचित नियमों का रचनाकाल स्पार्टा और पर्शिया में रचे गए संविधानों से कहीं पहले का है। आज भी मनुस्मृति में प्रतिपादित नियम पूरे विश्व में प्रशंसा पा रहे हैं और इनका सहज अनुपालन किया जा रहा है। किंतु हमारे संवैधानिक पंडितों के लिए यह सब अर्थहीन है'।

इस सबका राष्ट्रवादी यह कहकर बचाव करते हैं कि किसी भी मुद्दे पर लोगों के अलग-अलग विचार हो सकते हैं। यह बिल्कुल सही है। क्या हम यह भूल सकते हैं कि विज्ञान भवन में अपने व्याख्यानों में मोहन भागवत ने भारत के संविधान की उद्देशिका का वाचन किया था। परंतु करनी और कथनी में अंतर का शानदार उदाहरण पेश करते हुए हिन्दू राष्ट्रवादी समूह के चिंतक-विचारक उसी संविधान के प्रजातांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी चरित्र पर तीखे हमले कर रहे हैं और जेएनयू की कुलपति शांतिश्री धुलिपुड़ी का कहना है कि 'भारत को केवल संविधान से बंधे एक नागरिक राष्ट्र के रूप में देखना, उसके इतिहास, उसके प्राचीन विरासत, संस्कृति और सभ्यता को अनदेखा करना होगा। मैं भारत को एक सभ्यतागत राज्य के रूप में देखती हूं।'

एक अन्य राष्ट्रवादी चिंतक जे. साई दीपक का तर्क है कि हमारा संविधान उपनिवेशवाद की निशानी है और उसकी जड़ें ईसाई मूल्यों में हैं। उनका कहना है कि भारतीय संविधान को धर्म, संस्कृति, इतिहास, शिक्षा, भाषा आदि की दृष्टि से औपनिवेशिक मूल्यों से मुक्त करने के लिए सबसे पहले हमें अपने दिमाग को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करना होगा। वे यह भी मानते हैं कि औपनिवेशिक भाषा में सोचने से किसी व्यक्ति की सोच भी औपनिवेशिक हो जाती है।

प्रधानमंत्री की आर्थिक परामर्शदात्री परिषद के मुखिया बिबेक देबराय का मानना है कि हमारा संविधान औपनिवेशिक विरासत है और वे उसमें समाहित समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, न्याय, समानता और स्वाधीनता जैसे मूल्यों पर प्रश्न उठाते हैं। अनमने भाव से हमें यह बताया गया है कि देबराय, उनकी अध्यक्षता वाली परिषद के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते परंतु सच यह है कि आज संघ की विचारधारा ठीक वही है जो गोलवलकर चाहते थे।

संघ के मूल एजेंडा में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। हां, कड़वी गोली को खाने लायक बनाने के लिए उस पर चाशनी लपेटने की कोशिशें जरूर हुई हैं।

आयोजन में कुछ वक्ताओं ने गोलवलकर को 'आउटडेटिड' बताया। सच यह है कि तारीख और सन् के हिसाब से वे भले ही आउटडेटिड हों परंतु उनकी विचारधारा, उनकी सोच और उनका एजेंडा ही देश पर लादा जा रहा है।

*(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया)*

## पावन प्रसंग

# प्राण ऊर्जा शक्तियों को जागृत करने का उपयुक्त काल नवरात्र

मनुष्य के शरीर में कुल सात चक्र हैं–मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्ध, आज्ञा और सहस्त्रार। भौतिक सुख से लेकर आध्यात्मिक दर्शन तक सम्पूर्ण लाभ प्राप्त करने के लिए शरीर के पृथक-पृथक हिस्सों पर ध्यान केंद्रित करके मूलाधार से लेकर सहस्त्रार चक्र के इन शक्तियों को जागृत किया जाता है। इस प्रक्रिया में शरीर की दो नाड़ियां-इड़ा और पिंगला, जब संतुलित होती हैं, तो उर्जा सुषुम्ना नाड़ी से प्रवाहित होती है। शक्ति एक प्राण ऊर्जा के रूप में नाड़ी से बहती है, जो हमारी नासाग्र दाहिने और बाएं स्वर से पता चलता है। ज्योतिषीय मान्यतानुसार सभी ग्रहों के स्वरूप सात चक्र हैं और इन चक्रों से परे हैं दो ग्रह-राहु और केतु। यह प्राण ऊर्जा ही ब्रह्म स्वरूप है, जो सात्विक भोजन से प्राप्त होती है, ब्रह्ममुहूर्त में नित्य उठने से गतिमान होती है, प्राणायाम से जगती है। धारणा से केंद्रित होती है। ध्यान से ऊपर की ओर चक्रों में बढ़ती है। भय और नकारात्मक सोच से ये सिकुड़कर कम होती है। तामसिक भोजन, कर्म, वार्ता से नीचे के चक्रों में गिरती है। दूसरों से आत्मिक प्रेम और जीवो से प्रेम से विस्तृत होती है। इस ऊर्जा का प्रबंधन ठीक से व्यवस्थित कर लिए जाने से असाधारण सफलता भी आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। इन शक्तियों को जगाने का सर्वोत्तम काल नवरात्रि का माना गया है। नवरात्रि में हर दिन एक विशेष चक्र को जाग्रत किया जाता है, जिससे साधक को ऊर्जा प्राप्त होती है।

पौराणिक मान्यतानुसार माता भगवती, प्राण शक्ति का शरीर के सात चक्र और दो नाड़ियों में संचरण करके अंत में सुषुम्ना से प्रवाहित कर हमारे जीवन के सभी पहलुओं में सन्तुलन बनाती है। सामान्यत: मनुष्य की समस्त ऊर्जा मूलाधार चक्र अर्थात कामेंद्रियों के ऊपर होती है। साधक, योगीजन नवरात्रि में ध्यान के माध्यम से मूलाधार में स्थित अपनी ऊर्जा को सहस्त्रार चक्र तक लाते हैं। सांसों के नियंत्रण और ध्यान से इस ऊर्जा को ऊपर खींचा जा सकता है। जैसे-जैसे साधक ऊर्जा को एक-एक चक्र से ऊपर उठाते जाते हैं, उनके व्यक्तित्व में चमत्कारी परिवर्तन दिखने लगते हैं। नवरात्रि में पहले दिन इस शक्ति प्राण ऊर्जा को मूलाधार चक्र में उर्ध्व गमन किया जाता है। नवरात्रि की प्रथम पूज्य माता शैलपुत्री को अखंड सौभाग्य का प्रतीक भी माना जाता है। इस दिन साधक अपनी शक्ति मूलाधार चक्र में स्थित करते हैं, और योग, साधना करते हैं। मूलाधार अर्थात मूल चक्र मनुष्य की प्रवृत्ति, सुरक्षा, अस्तित्व और मौलिक क्षमता से संबंधित है।

नवरात्रि के छठे दिन दुर्गा के कात्यायनी रूप की पूजा-उपासना करने से आसुरी प्रवृत्ति व शत्रुता का नाश होता है। इस दिन साधक का मन आज्ञा अर्थात ललाट चक्र में अवस्थित होता है। दोनों भौहों के मध्य स्थित आज्ञा चक्र का प्रतीक दो पंखुडियों वाला कमल है और यह सफेद, नीले या गहरे नीले रंग से मेल खाता है। आज्ञा का मुख्य विषय उच्च और निम्न अहम को संतुलित करना और अंतरस्थ मार्गदर्शन पर विश्वास करना है। आज्ञा का निहित भाव अंर्तज्ञान को उपयोग में लाना है। मानसिक रूप से आज्ञा दृश्य चेतना, और भावनात्मक रूप से आज्ञा शुद्धता के साथ सहज ज्ञान के स्तर से जुड़ा होता है। इस चक्र में बाधा के कारण व्यक्ति पुराने मान-अपमान, अपराध बोध आदि से ग्रसित रहता है। सिर दर्द, तनाव आदि बने रहते हैं। क्षमाशीलता का अभाव होता है। आज्ञा चक्र भेदन में सफलता प्राप्त व्यक्ति अज्ञात भय से मुक्ति पा लेता है। और परमात्मा की झलक अधिक समय के लिए प्राप्त करने में आध्यात्मिक सफलता प्राप्त कर लेता है।

**अशोक प्रवृद्ध-सुमन सागर**

## आपके पत्र

# बेरोजगारी में डूबता गांव का युवा

इसमें कोई दो राय नहीं है कि पिछले दस सालों में भारत दुनिया की तेज़ी से उभरती अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। केवल आर्थिक मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि साइंस और टेक्नालॉजी के क्षेत्र में भी भारत दुनिया का सिरमौर बनता जा रहा है। आर्थिक क्षेत्र में मज़बूती के कारण भारत का सामाजिक क्षेत्र भी प्रगति कर रहा है लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि जिस तेज़ी से तरक्की हो रही है, उसकी अपेक्षा लोगों को रोज़गार नहीं मिल रहा है। जिसकी वजह से देश में बेरोज़गारी की दर भी बढ़ती जा रही है। देश का कोई राज्य ऐसा नहीं है, जहां बेरोज़गारों की फ़ौज नहीं खड़ी है। इसका सबसे बुरा प्रभाव देश के ग्रामीण क्षेत्रों को हो रहा है, जहां युवा टेक्निकल स्किल की कमी के कारण रोज़गार की दौर में पिछड़ रहे हैं।

पहाड़ी राज्य उत्तराखण्ड का ग्रामीण क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। जहां बड़ी संख्या में युवा बेरोज़गार हैं। रोज़गार की तलाश में युवा बड़े शहरों और मैदानों की ओर पलायन को मजबूर हो गए हैं। दरअसल इन बड़े शहरों और मैदानी इलाक़ों में काम के ऐसे अवसर मौजूद हैं कि वह कुछ न कुछ करके जीवनयापन कर लेते हैं, परंतु पर्वतीय क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर बहुत सीमित हैं, जिससे उनका जीवनयापन मुश्किल हो जाता है। पर्वतीय क्षेत्रों के आजीविका संवर्धन के साधन मौसम, जंगली जानवर, बाजारीकरण व नवीन तकनीकी के अभाव पर निर्भर रहते हैं। जिस पर रोजगार की गारंटी न के बराबर होती है। राज्य के लिए बेरोजगारी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। रोज़गार के सीमित अवसरों के कारण बेरोजगारों की संख्या में प्रतिदिन इजाफा हो रहा है जिसके चलते युवाओं द्वारा परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार करने के उद्देश्य से अन्य राज्यों का रुख किया जा रहा है। इससे राज्य में पलायन की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।

अक्सर युवाओं को रोजगार दिये जाने की बात कही जाती है पर यदि ऐसा होता तो सेवा योजन कार्यालयों में फाइलों के गठ्ठे न होते और ना ही एक पद पर आवेदन करने वालों की संख्या हजारों में होती। आलम यह है कि राज्य में बेरोजगारों की संख्या तो लाखों में है, मगर नौकरी के अवसर बहुत ही सीमित हैं जिससे राज्य के हज़ारों उच्च शिक्षित नौजवानों के हाथों में मज़दूरी का काम थमा दिया है। इस संबंध में, हल्द्वानी, नैनीताल के युवा टेम्पो चालक पंकज सिंह बताते हैं कि वह एमएससी प्रथम श्रेणी से पास हैं। उन्होंने सरकारी नौकरी के लिए कई परीक्षाएं दीं, लेकिन कभी पेपर लीक तो कभी धांधली के चलते परीक्षाएं निरस्त कर दी गईं। जिससे उन्हें हमेशा निराशा ही हाथ लगी। ऐसे में परिवार की जिम्मेदारी के चलते उन्होंने निजी कम्पनी में कार्य भी किया, लेकिन कंपनी द्वारा अत्यधिक शोषण के कारण इन्होंने नौकरी छोड़ दी और टेम्पो चलाने का फैसला किया। वह बताते हैं कि कई युवा उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद या तो नौकरी की तलाश में बेरोजगार घूम रहे हैं अथवा मामूली तनख्वाह पर शोषण सहने को मजबूर हैं।

हालांकि सरकार द्वारा बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। आजीविका के साधन उपलब्ध कराने और लोगों की आय को बढ़ाने के उद्देश्य से स्वरोज़गार पर फोकस किया जा रहा है। इसमें पीएम-दक्ष, मनरेगा, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) और स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं को लागू किया गया है। इसके अतिरिक्त सब्सिडी द्वारा कई योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को लाभ दिया जा रहा है।

**बीना बिष्ट, हल्द्वानी, उत्तराखंड**

## रेल मंत्रालय ने बंद की रेलवे के रेफरल अस्पताल में कर्मचारियों को कैशलैस इलाज की सुविधा

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय रेलवे के पेनल में शामिल निजी अस्पतालों में आपातकालीन स्थिति में कैशलेस उपचार प्रदान करने के लिए कैशलेस उपचार योजना (सीटीएसई) को रेलवे बोर्ड ने पत्र जारी कर बन्द कर दिया है। जिस पर वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलॉईज यूनियन ने कड़ा विरोध जताते हुए इसे पुनः प्रारम्भ करने के लिये एआईआरएफ के माध्यम से अनुरोध किया है।



सहायक मण्डल सचिव नरेश मालव ने बताया कि भारतीय रेलवे के पेनल में शामिल नीजि अस्पतालों में आपातकालीन स्थिति में कैशलेस उपचार प्रदान करने के लिए कैशलेस उपचार योजना (सीटीएसई) प्रारम्भ की गई थी। जिसके तहत आपातकालीन स्थिति में सेवारत या सेवानिवृत कर्मचारी पहचान पत्र के रूप में यूएमआईडी कार्ड प्रस्तुत कर बिना रेफरल के रेलवे पेनल में शामिल अस्पतालों में इलाज करवा सकते थे। लेकिन दुखद है कि रेलवे बोर्ड द्वारा 16 अक्टूबर 2023 को पत्र के माध्यम से आदेश जारी कर इस सीटीएसई स्कीम को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया गया है। साथ ही यह भी निर्णय दिया कि सेवानिवृति/कार्यालय के समय मृत्यु उपरांत निपटारा दस्तावेज में सीटीएसई कार्ड सुविधा का विकल्प तुरंत प्रभाव से हटा दिया जाए और यह भी निर्देशित किया कि सीटीएसई के लिए जमा की गई राशि के लिए सीटीएसई कार्डधारक को कोई रिफण्ड जारी नहीं किया जायेगा। रेलवे बोर्ड के इस एक तरफा आदेश से भारतीय रेल के समस्त रेल कर्मचारियों मे निराशा का माहौल है। इस संबंध में यूनियन के महामंत्री कॉमरेड मुकेश गालव ने ऑल इंडिया रेल वेमेन्स फेडरेशन के महामंत्री कॉ. शिवगोपाल मिश्रा को पत्र लिखकर रेलवे बोर्ड तथा रेल मंत्रालय स्तर पर आवश्यक कार्यवाही कर यह योजना पुनः प्रारंभ करवाने के लिये अनुरोध किया है।

## जिले में बनाये जायेंगे इको फ्रेंडली मतदान केंद्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर जिले में विधानसभा चुनाव के लिये स्थापित किये जा रहे मतदान केंद्रो में से कुछ मतदान केंद्रों को इको फ्रेंडली मतदान केंद्र स्वरूप दिया जायेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ सुमन के मुताबिक इको फ्रेंडली मतदान केंद्रों पर सिंगल यूज प्लास्टिक से बनी सामग्रियों का इस्तेमाल नहीं किया जायेगा। ऐसे मतदान केंद्रों पर नियुक्त मतदान कर्मी कुल्हड़ में चाय पीयेंगे तथा नाश्ता और भोजन करने के लिये वुड कटलरी, कागज से बने दोने एवं रिसाइक्लेबल प्लास्टिक से बने फूड पैकेट का इस्तेमाल करेंगे । ईको फ्रेंडली मतदान केंद्रों में रिसाईक्लेबल फ्लेक्स मटेरियल का ही उपयोग किया जायेगा।

## कैंट से अभिषेक व पनागर से राजेश कांग्रेस उम्मीदवार



**जबलपुर, देशबन्धु।** चुनाव के मद्देनजर लगातार कांग्रेस, भाजपा और अन्य राजनीतिक दल अपने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर रहे हैं जिसको लेकर शहर में लगातार कौतूहल का माहौल बना हुआ था क्योंकि पिछली लिस्ट में शहर में कैंट और पनागर के प्रत्याशियों की घोषणा नहीं हुई थी, आज रात होते ही कांग्रेसियों ने अपने 88 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी, जिसमें की कैंट से अभिषेक चिंटू चौकसे व पनागर विधानसभा से राजेश पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा तीन संभागों की समीक्षा 20 अक्टूबर को

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में मुख्या निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा तीन संभागों की समीक्षा शुक्रवार 20 अक्टूबर को होटल कल्चुबरी रेसिडेंसी जबलपुर में की जायेगी। जिसमें प्रातः 11 बजे से रीवा एवं शहडोल संभाग तथा दोपहर 2.30 बजे से जबलपुर संभाग के अधिकारियों की बैठक कर विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा की जायेगी।

## डॉ. द्विवेदी ने जनेकृविवि के आईपीआरओ का पदभार ग्रहण किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अनुशंसा पर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्याल के सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी के पद पर डॉ. बीरेन्द्र स्वरूप द्विवेदी, असिस्टेंट प्रोफेसर, मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग, कृषि महाविद्यालय, जबलपुर को नियुक्त किया गया है। पूर्व आईपीआरओ एवं वरिष्ट वैज्ञानिक डॉ. शेखर सिंह बघेल ने गुरूवार को उन्हें विधिवत रूप से सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी का कार्यभार सौंपा। गौरतलब है कि डॉ. द्विवेदी दीर्घकालीन उर्वरक परीक्षण, अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना में वैज्ञानिक के रूप में अपनी सेवायें दे रहे हैं, साथ ही मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के प्रभारी एवं प्रक्षेत्र प्रभारी, मृदा विज्ञान विभाग सहित अन्य पदों पर कार्यरत हैं।



डॉ. बी.एस. द्विवेदी के आईपीआरओ के पद पर आसीन होने पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस.के. पांडे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, संचालक अनुसंधान सेवाये डॉ. जी.के. कौतू संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. आर.एस. शुक्ला, विश्वविद्यालय के कुलसचिव रेवासिंह सिसोदिया, लेखा नियंत्रक डी.आर. महोबिया, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. पी. बी. शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, कार्यपालन यंत्री इंजी. ए.के. राय सहित सभी विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, सह प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने बधाईयां एवं शुभकामनायें प्रेषित की।



## लखन घनघोरिया का सघन जनसंपर्क शुरू

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में पूर्व विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड में विधायक एवं कांग्रेस प्रत्याशी लखन घनघोरिया ने शुब्बाशाह मैदान से प्रारंभ रजा चौक से न्यू आनंद नगर से किलकारी गार्डन से तालिबशाह तिराहा से सैफ मस्जिद से रजा चौक से पानी की टंकी जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी लखन घनघोरिया ने जनसंपर्क शुरू कर दिया है। इस दौरान मध्यप्रदेश में आपके आशीर्वाद से कांग्रेस की सरकार बनी तो बुनियादी बच्चों के लिए 500 राशि एवं उनसे बड़े विद्यार्थियों के लिए कक्षा 9वीं एवं 10वीं तक के लिए 1000 राशि प्रतिमाह तथा कक्षा 11 वीं एवं 12वीं तक के विद्यार्थियों को 1500 राशि प्रतिमाह अनुदान के रूप मेंकांग्रेस सरकार के द्वारा प्रदान की जायेगी। जनसंपर्क अभियान में आजम खान, हामिद मंसूरी, कलीम खान, अशरफ खान, आमीन कुरैशी, हासिम खान, शब्बीर, नासिर, यावर चौधरी, शाहवाज मंसूरी, डॉ असलम, रिजवान, याकूब अंसारी, तौफिक खान, चंकी आसिफ इकबाल, मुख्तार अली, निहान मंसूरी, सैकड़ों की तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ता जनसंपर्क में उपस्थित थे।



## राकेश सिंह ने त्रिपुरी वार्ड में किया सघन जनसंपर्क

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम विधानसभा के साथ जबलपुर में जो भी विकास के कार्य हुए है वह स्थायी और शाश्वत है और आने वाले समय भी पश्चिम विधानसभा में जो कार्य होंगे वह स्थायी होंगे जिसका लाभ क्षेत्र की जनता को वर्षों तक मिलेगा, यह बात पश्चिम विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह ने त्रिपुरी वार्ड के जनसंपर्क के दौरान कही। भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह ने त्रिपुरी वार्ड की जनता से आर्शीवाद लिया। भाजपा प्रत्याशी ने जनसंपर्क की शुरुआत रमनगरा स्थित मोहनपुरी के आश्रम से की वहाँ से हनुमान मंदिर, भैरव मंदिर, बर्मन मोहल्ला, काछी मोहल्ला, शाहनाला, चौधरी मोहल्ला,रमनगरा प्लांट, सगड़ा, देवी मंदिर, ठाकुर मोहल्ला, अंधियारी बाग, सोनी कॉलोनी, नर्मदा कॉलोनी, बाजनामठ, गणेश मंदिर, गुजराती मोहल्ला, गुप्ता नगर क्षेत्र में जनसंपर्क किया। त्रिपुरी वार्ड के जनसंपर्क में विधानसभा संयोजक राजीव बेंटिया, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र विश्वकर्मा, पार्षद सुनील पुरी गोस्वामी, वीरू पटेल, विकास पटेल, नीरज महोबिया, अमित अवस्थी, अश्वनी वैदेही, जतिन गोस्वामी, ऋषि गोस्वामी, प्रभात उपाध्याय, भैरव सेन के साथ वार्ड के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एमआईएल गजटेड आफीसर्स को पहली बार उत्पादकता प्रोत्साहन राशि देगा

**जबलपुर, देशबन्धु।** म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड (एमआईएल) ने अपने गठन के बाद पहली बार सभी राजपत्रित अधिकारियों को उत्पादकता प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है।

बोनस की तर्ज पर दी जाने वाली यह राशि पांच हजार रुपये होगी। जिससे आयुध निर्माणी खमरिया के समस्त अधिकारी लाभान्वित होंगे।

एमआईएल ने गत दिवस ही अपने कर्मचारियों को 37 दिनों का उत्पादकता आधारित बोनस देने की घोषणा की थी, लेकिन यह बोनस सिर्फ उत्पादन कार्य में सीधे जुड़े कर्मचारियों को दिया जाता है। शासकीय नियमों के अनुसार परोक्ष रूप से जुड़े राजपत्रित अधिकारी इससे वंचित रहते हैं। जिसे लेकर एनडीजीबीजीओए ने अपनी मांग बुलंद की थी। संगठन के जनरल सेक्रेट्री जय गोपाल ने इसके लिये सभी डीपीएसयू को इस आशय का पत्र 17 अक्टूबर 2023 को लिखा था। जिसे एमआईएल के सीएमडी रविकांत ने गंभीरता से लिया तथा एक आदेश जारी कर राजपत्रित अधिकारियों को पीआई देने की घोषणा की। इससे ओएफके के करीब 450 अधिकारी लाभान्वित होंगे।

संगठन के खमरिया ब्रांच के प्रेसीडेन्ट मदन गोपाल गर्ग, सेक्रेट्री धीमान दत्ता, शिव लखन यादव, के गिरीश, एम खिल्लर, अरुण सिंह आदि ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए अन्य डीपीएसयू में भी इसे व इंसेन्टिव स्कीम को लागू करने की मांग की है।

## दशहरा के दौरान विसर्जन स्थलों पर कार्यपालिक दण्डाधिकारी तैनात

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन कार्यक्रम को शांतिपूर्वक एवं निर्विघ्न संपन्न कराने विसर्जन स्थलों पर कार्यपालिक दण्डागधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। इस बारे में जारी आदेश में प्रभारी तहसीलदार आधारताल हरीसिंह धुर्वे को हनुमानताल तालाब, नायब तहसीलदार आधारताल राजेश कौशिक को आधारताल तालाब, प्रभारी तहसीलदार गोरखपुर भरत कुमार सोनी को भटौली स्थित विसर्जन कुंड, नायब तहसीलदार गोरखपुर चेताराम पंधा को तिलवारा घाट स्थित विसर्जन कुंड, प्रभारी तहसीलदार रांझी राजीव मिश्रा को गोकलपुर तालाब, नायब तहसीलदार आधारताल आदर्श जैन को बिलपुरा तालाब तथा अतिरिक्त तहसीलदार केंट जय सिंह धुर्वे को मानेगांव तलब में प्रतिमाओं का शांतिपूर्ण विसर्जन संपन्न कराने तैनात किया गया है।

## उच्च ब्याज आय के कारण बैंक ऑफ महाराष्ट्र का दूसरी तिमाही का लाभ बढ़ा



**जबलपुर, देशबन्धु।** सरकारी स्वामित्व वाले बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने सोमवार को सितंबर तिमाही के लिए अशोध्य ऋणों में कमी और ब्याज आय में वृद्धि करते हुए 72 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के साथ रु. 920 करोड़ का निवल लाभ दर्ज किया। ऋणदाता ने एक साल पहले की समनुरूप अवधि में रु. 535 करोड़ का स्टैण्ड अलोन लाभ दर्ज किया था।

वित्तीय कार्य निष्पादन पर चर्चा करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ए.एस. राजीव ने कहा कि परिचालन लाभ 31 प्रतिशत की वृद्धि के साथ रु .1,920 करोड़ हो गया है, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह रु.1,462 करोड़ था। इसी प्रकार निवल एनपीए अथवा अशोध्य ऋण घटकर 0.23 प्रतिशत हो गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही के अंत में 0.68 प्रतिशत था। तिमाही के दौरान, सितंबर 2023के अंत में सकल अग्रिम 23.55 प्रतिशत बढ़कर रु.1,83,122 करोड़ हो गए। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ए. एस. राजीव ने आशा व्यक्त की, कि बैंक वित्तीय वर्ष 24 में लगभग 23 प्रतिशत की मौजूदा अग्रिम वृद्धि बनाए रखेगा, जमाराशियों में 15-16 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करेगा और 3.50 प्रतिशत से अधिक का निवल ब्याज मार्जिन बनाए रखेगा।



## पं. विश्वनाथ दुबे के आदर्श व सिद्धांत आज भी प्रासंगिक : महापौर

**पंडित दुबे की पुण्यतिथि पर कांग्रेस पार्टी ने किये श्रद्धा सुमन अर्पित, कांग्रेस करेगी पुण्यतिथि व जयंती पर प्रतिवर्ष कार्यक्रम**

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर के पूर्व महापौर व्यापार के माध्यम से संस्कारधानी जबलपुर को पूरे विश्व में पहचान दिलाने वाले, अनेक सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के मार्गदर्शक संरक्षक पंडित विश्वनाथ दुबे की पुण्यतिथि पर शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी के द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जगत बहादुर अन्नु ने कहा पंडित विश्वनाथ दुबे के आदर्श व सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है। उनका जीवन निरंतर कर्म की प्रेरणा देता है पंडित विश्वनाथ दुबे की पुण्यतिथि व जन्म जयंती पर प्रतिवर्ष कांग्रेस पार्टी का कार्यक्रम आयोजित करेगी। कार्यक्रम में जगत बहादुर सिंह अन्नु, विनय सक्सेना, सुमित कालिया, दिनेश यादव, झल्लेलाल जैन, भगत राम, राजेंद्र मिश्रा, मुकेश राठौर, लक्ष्मी बेन, विजय रजक, मोनू अग्रवाल, सुजीत, आनंद साहू, लोकेश व्यास, अरुण पवार, रामदास यादव, दुर्गेश पटेल, राजीव तिवारी, रितेश तिवारी, विष्णु विनोदिया, राजेंद्र चौधरी, विजय कांडा, राकेश चक्रवर्ती, आशुतोष ठाकुर, मनोज सेन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद मुकेश राठौर ने किया। तथा आभार फिनिक्स ग्रुप के सुमित कालिया ने किया।

## पमरे में स्पेशल कैंपेन 3.0, 2670 टन स्क्रेप डिस्पोजल से 10 करोड़ से अधिक का राजस्व अर्जित

**जबलपुर, देशबन्धु।** पमरे महाप्रबंधक के मार्गदर्शन एवं तीनों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधक के नेतृत्व में 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता के तहत विशेष अभियान (स्पेशल कैंपेन 3.0) में सम्पूर्ण पश्चिम मध्य रेल सक्रिय रूप से भाग ले रहा है।

मुख्यालय एवं तीनों मण्डलों तथा दोनों कारखानों से संबद्ध कार्यालय और परिसरों में स्वच्छता को अपनाने और कार्यस्थल का माहौल बेहतर बनाने पर है। इसी कड़ी में सोशल मीडिया पर भी स्पेशल कैंपेन 3.0 जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि रेलवे में अनुपयोगी सामानों, मशीनरी उपकरणों, रेल पटरियों और स्क्रैप (रद्दी सामानों) का निपटान कर समय-समय पर बिक्री की जाती है। 18 अक्टूबर तक पमरे ने विशेष अभियान 3.0 के दौरान समीक्षा के लिए कागजी दस्तावेजों वाली अब तक 1534 फाइलों की पहचान की है। जबकि कागजी दस्तावेजों वाली 75 फाइलों को इस अभियान के दौरान हटा दिया गया है। स्वच्छता पर विशेष अभियान के तहत अब तक 2049 वर्गमीटर जगह मुक्त कराई गई है। पमरे में सभी प्रकार के कुल 2670 टन स्क्रेप को डिस्पोज किया गया जिससे कुल रूपये 10 करोड़ 78 लाख 77 हज़ार राजस्व अर्जित की गई।

## रेलवे स्टेशन पर मजिस्ट्रेड चैकिंग के दौरान पकड़े गए 526 बिना टिकिट यात्री

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्य रेलवे स्टेशन में गुरुवार को सुबह 6 बजे से सीनियर डीएससी जबलपुर राजेश शर्मा, सीनियर डीएससी अरूण त्रिपाठी एवं रेलवे मजिस्ट्रेट समीर कुमार मिश्र के संयुक्त निर्देशन में रेलवे सुरक्षा बल के साथ जबलपुर रेलवे स्टेशन पर किला बंदी विशेष जांच अभियान चलाया गया। जिसमें पूरे रेलवे स्टेशन परिसर को टिकिट जांच दल के द्वारा सभी तरफ से घेर कर सघन रूप से टिकिट जांच की गई। बिना टिकिट यात्रा कर रहे तथा गंदगी फैलाने वाले यात्रियों को विशेष रूप से चेक किया गया। इस पूरी जांच में कुल 526 यात्रियों से 305415 रूपये का जुर्माना वसूला गया, साथ ही 37 यात्रियों पर रेलवे मजिस्ट्रेट श्री मिश्र के द्वारा न्यायिक कार्यवाही की गई। चलाए गए किला बंदी विशेष जांच अभियान में डीसीएम नितेश सोने, एसीएम गुन्नार सिंह के साथ 30 टिकिट चेकिंग स्टाफ तथा रेल सुरक्षा बल के स्टाफ उपस्थित थे।



## डॉ.श्रेया शर्मा ने जबलपुर का नाम रौशन किया



**जबलपुर, देशबन्धु।** हितकारिणी डेंटल कॉलेज की छात्रा डॉ. श्रेया शर्मा ने मास्टर ऑफ डेन्टल सर्जरी एमडीएस की परीक्षा मप्र आर्युविज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर से उत्तीर्ण कर मध्यप्रदेश के प्रोस्थोडॉटिक्स विभाग में सर्वोच्च अंक प्राप्त करके प्रवीण सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। डॉ.श्रेया के महाविद्यालय ही नहीं संस्कारधानी जबलपुर का नाम रोशन किया है। वरिष्ठ पत्रकार शम्भूनारायण शमा,राजकुमारी शर्मा की सुपुत्री है।

## संभागीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग के लिफ्टरों ने दिखाए जौहर

**जबलपुर, देशबन्धु।** सेठी नगर स्थित युवा भवन में जबलपुर जिला एमेचयुर वेटफ्टिंग एसोसिएशन के द्वारा प्रथम बार जबलपुर संभाग स्तरीय वेटलिफ्टिंग यूथ, जूनियर, सीनीयर, पुरूष एवं महिला एक दिवसीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश जागरूक खेल संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन एवं जबलपुर एमेच्योर वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव जगदीश रजक ने बताया कि जिसमें महिला वर्ग में बेस्ट लिफ्टर एश्वर्या पवार यूथ में छिंदवाड़ा, अयूसी साहू जूनियर छिंदवाड़ा, सतरूपा कुशवाहा सतना की लिफ्टर रहीं।

वहीं पुरूष वर्ग में वंष कुशवाहा यूथ जबलपुर, संतोष दरसमा जूनियर छिंदवाड़ा, गणेश कुशवाहा सीनियर जबलपुर रहे। इसी प्रकार जूनियर बालक वर्ग में संतोष दरशमा प्रथम, लकेश सोनी द्वितीय रहे। वहीं अंशुल कुमार प्रथम, करनजोत सिंह द्वितीय, गौरव जावेदकर तृतीय स्थान ने क्रमशः अपने अपने वेट में पदक हासिल किया। इसी प्रकार हर्ष पटेल एवं उत्सव चौबे ने अपने वेट में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



यूथ गर्ल्स वर्ग में सोनम पटेल प्रथम, एश्वर्या पवार प्रथम, पूजा भलावी ने अपने अपने वेट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर गर्ल्स वर्ग में मिताली सिंग जबलपुर प्रथम, निशा श्रीवास जबलपुर द्वितीय ने पदक हासिल कर संस्कारधानी का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का समापन कुलदीप सिंह बंसल एवं अमिताभ जैन के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

## 45 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एमपी पावर ने जीते दो पदक

**जबलपुर, देशबन्धु।** 45 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एमपी पावर की टीम ने दो पदक जीत कर स्वर्णिम सफलता हासिल की है। यह प्रतियोगिता पिछले दिनों पंजाब स्टेट पावर कार्पोरेशन लिमिटेड के तत्वावधान में पटियाला में आयोजित हुई। एमपी पावर की ओर से विजय ठाकुर ने लांग जम्प में स्वर्ण पदक और विजय तिवारी ने 1500 मीटर की दौड़ में कांस्य पदक जीता। विजय ठाकुर ने स्वर्ण पदक विजेता विजय ठाकुर श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना खंडवा व कांस्य पदक विजेता विजय तिवारी मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर में कार्यरत हैं। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने पदक विजेता दोनों एथलीट की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।



## जबलपुर थोक सब्जी मंडी व्यापारी संघ के चुनाव संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर थोक सब्जी मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष संपन्न हुए जिसमें सर्व सम्मति से मो.आसिफ राइन जावेद भाई को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है और उपाध्यक्ष पद पर मो.आदिल राईन औ सचिव पद पर प्रवीण कुशवाहा एवं संयुक्त सचिव पद पर जिया खान एवं कोषाध्यक्ष पद पर मो.साबिर उस्मानी को सर्वसम्मति से मनोनीत किया है। इसके साथ साथ पांच सदस्यों का मनोनयन किया गया है। संघ की बैठक एक सप्ताह बाद कृषि उपज मंडी में आयोजित की जायेगी।

# सदियों से विराजमान है बड़ी खेरमाई शक्तिपीठ



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर के हृदय स्थल भानतलैया में प्रस्थापित माँ बड़ी खेरमाई मंदिर जिले का प्राचीनतम पूज्यनीय व अत्यन्त पावन स्थल है। यहाँ अतुल्यनीय श्रद्धा एवं भक्ति का समर्पण भाव, जीवन्त अवस्था में परीलक्षित होता है । शारदीय नवरात्रि में माता के उपासक यहाँ असंख्य रूप में दर्शनार्थ आते हैं । माँ की स्तुति में स्वयं देवों के देव महादेव ने कहा है,देवित्वम भक्त सुलभे सर्वकार्यविधायनी। कलौहि कार्य सिद्धमर्थ भूषायम ब्रूहि यत्नह ।। बड़ी खेरमाई के साथ ही नगर में नवरात्रि पर्वों पर छोटी खैरमाई, बूढी खेरमाई, खेरमाई एवं अनेकानेक अनगिनत माँ देवी स्थलों पर दूर-दूर तक माता के जयकारों तथा शंख एवं घड़ियालों की कर्ण प्रिय ध्वनि से वायुमंडल गुंजित रहता है।

**1000 वर्षों से विराजमान माँ बड़ी खेरमाई-** यहाँ विराजमान रहकर कृपा वर्षा कर रही हैं । जब जबलपुर नगर एक ग्राम था, तब माताजी ग्राम देवी के रूप में पूजित थी। मन्दिर में स्थापित मुर्ति के नीचे गर्भ गृह में शिला के रूप में माता अपने तात्कालिक मूल स्वरूप में अपनी अलौकिक एवं जनकल्याणकारी शक्ति के रूप में विद्यमान है। आज यह संपूर्ण सनातन धर्मावलंबियों की आस्था व विश्वास का सर्वोत्कृष्ट केंद्र है। माता खेरमाई की नयनाभिराम मुर्ति की बाईं ओर संकट मोचन दक्षिण मुखी हनुमान जी महाराज तथा दाहिनी ओर तांत्रिक शक्ति के प्रतीक शिव रुद्र भैरव बाबा की प्रस्तर मुर्ति है। मंदिर के प्रदक्षिणा स्थल में सन 1993 में ट्रस्ट द्वारा नव शक्तियो 9 माँ शैलपुत्री, ब्रह्मचारीणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी एवं सिद्धिदात्री की धवल संगमरमरी देवी प्रतिमाएँ स्थापित की है । शासकीय अभिलेख वर्ष 1921-24 के अनुसार विगत 102 वर्षों से खैरमाई मंदिर मंदिर ट्रस्ट की देखरेख में है। वर्तमान मे मंदिर के विकास कार्य निरंतर प्रगति पर है ।

# कला उत्सव में राष्ट्रीय स्तर पर चयन



**जबलपुर, देशबन्ध।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कला उत्सव 2023 के अंतर्गत प्रदेश के सभी संभागों के शासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। उक्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय की छात्रा रूपाली लोधी ने मूर्तिकला में प्रथम स्थान हासिल किया है। कक्षा 12वीं में पढ़ने वाली रूपाली अब राष्ट्रीय स्तर पर मप्र का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस प्रतियोगिता में 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था।

**ये विद्यार्थी रहे विजेता-** राष्ट्रीय कला उत्सव की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में श्रमोदय आवासीय विद्यालय के 5 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। गत दिवस भोपाल में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रूपाली लोधी (मूर्तिकला), द्वितीय स्थान पूनम सेन (पारंपरिक खेल-खिलौने) और तीसरा स्थान खुशी भीमगड़े (चित्रकला) व दिनेश विश्वकर्मा (पारंपरिक खेल-खिलौने) को प्राप्त हुआ है।

**14 घंटे में मूर्ति को दिया शेप-** मूर्तिकला विद्या में मप्र का प्रतिनिधित्व करने वाली रूपाली लोधी ने बताया कि 14 घंटे में उन्होंने मिट्टी से एक लड़की को आकार दिया था, जो अपनी ही दुनिया में खोई हुई है। बालिकाओं को संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रामकुमार स्वर्णकार, सहायक संचालक डॉ. डी. के. खरे प्राचार्य, साहिर शेख सहित समस्त विद्यालय परिवार ने बालिका को शुभकामनाएं एवं हर्ष व्यक्त किया है।

# भक्त आज करेंगे कात्यायनी माता की उपासना

**जबलपुर, देशबन्धु।** शारदेय नवरात्र हो या फिर चैत्र नवरात्र देवी भक्तों के लिए दोनों ही नवरात्रि बेहद खास होती हैं। नवरात्रि की बैठकी से देवी भक्त उपवास करके नौ दिनों तक देवी दुर्गा की उपासना करते है। माता के नौ रूपों की नौ दिनों में अलग-अलग देवी की पूजा की जाती है। नवरात्र पर्व की देवी भक्त छठवीं को माँ कात्यायनी की पूजा होगी। नवरात्र का छठा दिन माता कात्यायनी को समर्पित है। माता कत्यायनी के चार हाथ है। इसके साथ ही वह शेर की सवारी करती है उनके हाथ में तलवार है। माँ कात्यायनी की पूजा करने से बीमारी और भय दूर होते है। इस दिन लाल रंग के कपड़े पहनकर पूजा करनी चाहिए। माता कात्यायनी को पूजा के बाद शहद का भोग लगाना चाहिए। माँ कात्यायनी उपासना कर उन्हें शहद का भोग लगाना, उनको लाल रंग प्रिय है, उनका जाप करने का मंत्र- ओम ऐं ह्रीं क्लीं कात्यायनि नमः । देवी भक्तों ने पंचमी के दिन देवी दुर्गा के पांचवें स्वरूप की देवी स्कंदमाता को जल ढारकर विधिविधान से अराधना की। माता की पूजा के बाद केले का भोग लगाया और केले का भोग लगाकर मंत्र-ओम ऐं ह्रीं क्लीं स्कंध माताय नमः का जाप किया।



# गढ़ा रामलीला में सीता हरण की लीला मंचन किया गया

**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा रामलीला के 9 वें दिवस पर शुर्पनखा प्रसंग, खर दूषण वध एवं सीता हरण की लीला संपन्न हुई । इस लीला को देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ एकत्रित होने का इतिहास रहा है । शुर्पणखा पंचवटी में भगवान राम लक्ष्मण को देखकर मोहित हो गई तथा विचार करने लगी कि मेरे समान नारी और राम और लक्ष्मण के समान सुंदर पुरुष तीनों लोक में नहीं है। तुम सम पुरुष न मो सम नारी यह संजोग विधि रचा बिचारी, ऐसा विचार कर उसने राम के समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा। भगवान राम के मना करने पर लक्ष्मण के समक्ष विचार रखा जब दोनों नहीं माने तो वह सीता को मारने को तैयार हुई। इस पर क्रुध होकर लक्ष्मण ने शुर्पणखा के नाक और कान काट कर उसे दंडित किया। बहन के अपमान का बदला लेने खर दूषण आए तो भगवान राम ने 14 सशस्त्र सैनिकों सहित खर दूषण का वध कर दिया। इससे क्रोधित होकर रावण ने बदला लेने के लिए छल पूर्वक सीता का हरण कर लिया। सीता का हरण होते ही दर्शक विशेष रूप से महिलाएं भाव विभोर हो गई। रामलीला समिति के राजेश मिश्रा, व्यास माधव दुबे, सह व्यास राकेश मिश्रा, संचालक अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष रमाशंकर कटारे, राजेंद्र प्यासी, राकेश पाठक, शरद दुबे कुररिया, निलेश चौबे, हरीश मनोध्याय, लोकराम कोरी, राजेश नेमा, भोलाराम खत्री, भूपेन्द्र उपाध्याय, दीपक तिवारी, हेमराज अग्रवाल, अखलेन्द्र सिंह, बलराम पांडे, सुदामा दुबे, अशोक बघेल, शैलेन्द्र गोटिया, रामप्रसाद सोनी, मुन्ना साहू, लोकमन पटेल, राजकुमार ज्योतकी, राकेश श्रीवास्तव, कमलेश बसेड़िया, सुरेन्द्र जैसवाल, श्रीमती उर्मिला यादव, छाया मिश्रा, अनीता मिश्रा, इंदुलता प्यासी, तेजबल लोधी, रवि पटेल, जालम सिंह, नरेश मिश्रा, सम्राट पांडे, विद्या केवट, अनीता केवट ने समस्त रामभक्तों से उपस्थिति की अपील की है। आज जटायु मुक्ति शबरी की नवधा भक्ति, श्रीराम सुग्रीव मैत्री ,बाली वध, एवं सीता की खोज की रोचक लीला का मंचन होगा।



## पृथ्वी का भार हटाने में वानर भी प्राण लगाएंगे



**जबलपुर, देशबन्धु।** पृथ्वी का भार हटाने में वानर भी प्राण लगाएंगे, जो काम आप करने आए हम उसमें हाथ बंटाएंगे। जीवन संपूर्ण लगा देंगे स्वामी का कष्ट मिटाने में, बलिदान सुखों का कर देंगे माता का पता लगाने में। ये बात जब अंजनीनंदन हनुमंतलाल जी ने कही तो प्रभु श्रीराम ने उन्हें हृदय से लगा लिया। अवसर था श्रीगोविंदगंज रामलीला में सीता की खोज मानस लीला का।

**शबरी प्रसंग ने भी मन मोहा-** शबरी ने प्रभु के इंतजार से संबंधित जो भजन प्रस्तुत किए, उन्होंने सबका ध्यान खींच लिया। भगवान ने शबरी को वह नवधा भक्ति का संदेश दिया, जो आज भी भक्तों के लिए प्रासंगिक है। इसके बाद बालि वध की लीला हुई। अध्यक्ष पं. अनिल तिवारी ने बताया कि मानस लीला में आज लंका दहन का प्रसंग होगा।

# मराल्ड ज्वेलरी से वेडिंग में मिल रहा रॉयल लुक

## सिटी गर्ल्स और लेडीज के बीच कर रही ट्रेंड

**जबलपुर, देशबन्धु।** हर वेडिंग सीजन में फैशन ट्रेंड भी चेंज हो जाता है। इसमें मेकअप से लेकर ड्रेस शामिल है। इस वेडिंग सीजन में एमराल्ड ज्वेलरी का ट्रेंड नजर आ रहा है। रॉयल लुक के लिए यह ज्वेलरी दुल्हन के साथ अन्य के बीच भी पसंद की जा रही है। किराया, कटरीना और आलिया की वेडिंग के बाद से एमराल्ड ज्वेलरी का ट्रेंड अधिक नजर आ रहा है।

**कलर्स रहते कमाल-**एमराल्ड ज्वेलरी की खासियत इसके कलर्स हैं। ग्रीन शेड में यह ज्वेलरी ज्यादा कैरी की जा रही है, क्योंकि पिछले साल से वेडिंग लहंगों के साथ ग्रीन ज्वेलरी की डिमांड रही है। मार्केट में इनकी कीमत 2 हजार से शुरू होकर 5 हजार रुपए तक है। ऐसे में पर्चेस करने की बजाय लोग इन्हें रेंट पर लेना पसंद करते हैं।

**हैवी नेकलेस, पेंटेंड-** एमराल्ड ज्वेलरी ज्यादातर वेडिंग लहंगा और साइड लहंगे के साथ पसंद की जा रही है। यह हैवी होने के कारण रॉयल लुक देती है। इसलिए इसे हैवी नेकलेस, ओवरसाइज मांग टीका, झुमके और नथ में कैरी की जा रही है।

**इन कलर्स में अवलेबल**

- ग्रीन
- मरून
- कोक
- रेड
- ऑरेंज
- ब्लू
- वाइट

# पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य आज नवरात्र पूजन और अनुष्ठान करेंगे

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री बगलामुखी सिद्धपीठ में नवरात्रि के अवसर पर माता का पूजन अर्चन विधि विधान किया जा रहा है । परमपूज्य ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा महापूजा की जा रही है । पंच महाआरती सहित अर्चन संपन्न करने के उपरांत पूज्य महाराज द्वारा उपस्थित भक्तों को आर्शीवचन देते हुए बताया कि इस संसार में माता की सेवा एवम पूजा सर्वश्रेष्ठ है। अपने जीवन को सफल बनाने के लिए शांति एवम कल्याण के लिए वर्ष में 2 बार नवरात्रि के अवसर पर माँ की पूजा करना सरल उपाय है । राकेश नेमा एवम शैलेंद्र नेमा नो महाराज श्री का पादुका पूजन किया गया। प्रसाद वितरण उपरांत कार्यक्रम पूर्ण हुआ। ब्रम्हचारी सुबुद्धानंद, ब्रम्हचारी चैतन्यानंद, राजेंद्र शास्त्री आज षष्ठी (6 वां) पूजन होगा ।

## दैनिक राशिफल

शुक्रवार 20 अक्टूबर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। आश्विन शुक्ल पक्ष की षष्ठी। नक्षत्र-मूल ।

**मेष** आज आप अस्वस्थता एवं चिंता का अनुभव करेंगे। शरीर में थकान और आलस्य एवं मन में अशांति रहेगी।

**वृषभ** आज किसी भी प्रकार से कोई नया काम शुरू ना करें। आज आप का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। खान-पान में विशेष ध्यान रखना आपके लिए जरूरी है।

**मिथुन** दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन सुख मिलेगा।

क. 680-158

**तुला** आप का दिन शुभ फलदायी होगा। बंधुओं के साथ अच्छे संबंध रहेंगे। उनके साथ बैठकर घर की समस्या पर चर्चा होगी।

**वृश्चिक** आज साधारण लाभ का दिन है। व्यर्थ के खर्च पर रोक लगानी होगी। परिवार में झगड़े न हों, इसके लिए अपनी वाणी पर कंट्रोल रखें। सदस्यों के बीच की गलतफहमी को दूर रखें।

**धनु** आज का दिन काम और पढ़ाई में सफलता के लिए समय बहुत अनुकूल है। विदेश-व्यापार से लाभ हो सकता है। आप धार्मिक और शुभ काम कर सकेंगे।

**कर्क** घर में शांति तथा आनंद का वातावरण रहेगा। सुखमय प्रसंग बनेंगे। आप जो भी काम करेंगे, उसमें यश प्राप्त होगा। आरोग्य अच्छा रहेगा।

**सिंह** आज का दिन आनंद से गुजरने वाला है। आज आप अधिक कल्पनाशील बने रहेंगे। साहित्य-सृजन के तहत मौलिक रूप से काव्य रचना की प्रेरणा होगी।

**कन्या** शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। कई परेशानियों के कारण मन व्याकुल रहेगा। स्फूर्ति का अभाव होगा।

**मकर** आपको स्वास्थ्य सम्बंधी शिकायत रहेगी। मानसिक भय हो सकता है। व्यवसाय में दूसरों की दखलंदाजी परेशान करेगी। कामों के पीछे पैसे खर्च होगा।

**कुंभ** आज का दिन शुभ मंगलकारी काम के लिए अच्छा है। अविवाहितों के लिए वैवाहिक योग है। संतान और पत्नी की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे।

**मीन** आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। भाग्य आपके साथ है। व्यवसाय में पदोन्नति या वृद्धि हो सकती है।

मा. 278-123

8,5,0,1,81,50,05,01,19,99,62,26

# मदन महल दरगाह मे अक़ीदत के फूल पेश किये



**जबलपुर देशबन्धु।** मदन महल पहाड़ी पर स्थित पीराने पीर की दरगाह मे जुमेरात को पहले मेले का एहतेमाम किया गया। बड़ी तादाद मे अक़ीदतमंदो ने चादर शरीफ पेश की। मदन महल पहाड़ी दिन भर या गौस अलमदद के नारों से गूंजती रही। अक़ीदतमंद अक़ीदत के फूल पेश कर रहे थे।

**अक़ीदत का मर्कज-** अपरान्ह मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी की सदारत मे आयोजित जल्सए गौसिया मे मुबारक अली कादरी ने फरमाया कि मदन महल दरगाह अक़ीदत का मर्कज है और यहाँ सभी धर्म के लोग अपनी हाज़री पेश कर फैज़याब होते है। जल्से मे बासित अली कादरी ने मनक़बत पाक पेश की खादिमाने दरगाह आफताब कादरी, इनायत अली, अब्बू बाबा कादरी, आबिद अली, अंसार अली, सलामत कादरी, राजू अली, इदरीस कादरी, सूफी जलील शाह, जवाहर कादरी ने मेहमान हज़रात का इस्तकबाल किया और तबरुख पेश किये।

**ग्यारहवीं का मेला-** सज्जादानशीन निज़ाम कादरी ने बताया कि मदन महल दरगाह मे आगामी 27 अक्टुबर जुमा को ग्यारहवीं शरीफ का प्रमुख मेला भरेगा। मेले मे स्थानीय व दूर दराज से जायरीन हाजरी पेश करेंगे ।

# धनुष रामलीला में राम-भरत मिलाप



**जबलपुर, देशबन्ध।** सदर धनुष रामलीला में भरत का अयोध्या आगमन हुआ। भरत अपनी माता से कहते हैं, माता तुमने मुझे कुल का कलंकी बना दिया। तभी वशिष्ठ जी समझते हैं और भरत शत्रुघ्न सारी माताएं, मंत्री गणों को साथ लेकर चित्रकुट राम से मिलने पहुंते है। जहां राम और भरत का मिलाप होता है। भरत राम से वापस अध्योया चलने की बात करते है। लेकिन श्रीराम मना कर देते है। भगवान राम कहते हैं हमारे पिता का दिया हुआ वचन हर हाल में हमें निभाना होगा, तभी भरत की भगवान राम की चरण पादुका लेकर अयोध्या के लिए चल देते हैं। राम कहते है माता तुम्हारी कोई गलती नहीं है। भरत का अभिनय आदित्य तिवारी, शत्रुघ्न अबीर अग्निहोत्री, राम का अभिनय आर्यांश तिवारी, सीता विशेष पाठक, अरनव तिवारी, केवट मधुर तिवारी, सुमंत सतीश पाठक, वशिष्ठ आवेश तिवारी, भगवान श्री की आरती अभिषेक चौकसे, सीताराम कुरचानिया, प्रकाश पंडित, रामस्वरूप श्रीवास, आकाश नायडू, अरूण तिवारी, संतोष तिवारी, प्रमोद तिवारी, मोहित अग्निहोत्री, आशीष पाठक, रजनीकांत अवस्थी आदि के द्वारा की गई। आज की लीला शूर्पणखा वीरूपिकरण , सीता हरण लीला का मंजन किया जाएगा उपस्थिति की अपील धनंजय बाजपेई प्रह्लाद श्रीवास्तव संतोष तिवारी मौजूद रहे।

# घमापुर रामलीला में सीता हरण की लीला का हुआ मंचन

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री गिरिजाशंकर मंदिर रामलीला घमापुर में सूर्पनखा चरित्र खरदूषण वध सीता हरण की लीला का मंचन किया। गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय धर्मावलंबी नागरिकों के साथ रामलीला के पदाधिकारी अध्यक्ष डा.शिव मणी मिश्रा, महामंत्री, पं.कमलेश तिवारी, संचालक एड.बलराज सोनकर, एड. श्यामचन्द्र तिवारी, कोषाध्यक्ष विष्णु दीक्षित, पं. बाबूलाल भारद्वाज, एड.सरमन राजपूत, राजेश सेन, संदीप सोनकर, एवं समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। आज शबरी पर कृपा राम सुग्रीव मैत्री बाली वध तारा विलाप की लीला का मंचन किया जाएगा।

# प्रदेश के पेंशनर्स रेल किराये में 45 प्रतिशत राहत दें पीएम

**केन्द्र के पेंशनरों के बराबर महंगाई भत्ता देने की मांग**

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन ने भारत के प्रधानमंत्री से मांग की है, कि पूर्व भांति वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनरों को रेल किराये में 40 से 50 प्रतिशत छूट दी जाती थी। लेकिन रेल विभाग ने ये समाप्त कर दी, यह छूट पुन: शुरू की जाएं। केन्द्र सरकार ने पेंशनर्स को चार प्रतिशत महंगाई राहत जुलाई 2023 से देने का निर्णय लिया है। इस निर्णय को देखते हुए प्रदेशके पेंशनर्स को भी चार प्रतिशत डी.ए. देने का प्रदेश के मुख्य सचिव तथा वित्त सचिव से मांग की है। प्रदेश पेंशनर्स को चार प्रतिशत डी.ए. नहीं दिया गया तो पेंशनर्स में असंतोष व्याप्त होगा। इस मौके पर एसोसियेशन नरेश उपाध्याय, व्हीपी शुक्ला, डॉ. अरूण पांडे, आरके प्यासी, केके शुक्ला, प्रेम वल्लभ शर्मा डीएस गुप्ता, जीडब्ल्यू, रतन पारखी, आरएल पांडे, भूपत सिंह गौतम, कयूम खान, एनपी निगम, अशोक दुबे, ओमशंकर शुक्ला, गोविंद प्रसाद कोरी, विनोद दुबे आदि ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्‌गति दे भगवान**

**श्रीमती अन्नपूर्णा साहू-** नई बस्ती माढ़ोताल निवासी श्री बबलू साहू की धर्मपत्नी श्रीमती अन्नपूर्णा साहू (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती नीलू भामरा-** हरी सिंह कॉलोनी माढ़ोताल निवासी श्री हरजीत सिंह भामरा की धर्मपत्नी श्रीमती नीलू भामरा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंद्रा बाई हासवानी-** सिंगल क्वाटर चांदमारी लालमाटी निवासी श्री सेवकराम हासवानी की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रा बाई हासवानी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हिमांशु कुशवाहा-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री बाबू लाल कुशवाहा के पुत्र श्री हिमांशु कुशवाहा (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल कुमार कोरी-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री अनिल कुमार कोरी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती विमला राजपूत-** रेलवे कॉलोनी गोरखपुर निवासी श्री दुलीचंद राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती विमला राजपूत (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश सिंह राजपूत-** प्रेमसागर झंडा चौक निवासी श्री रमेश सिंह राजपूत (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती आशा चौबे-** बधैया मोहल्ला दमोहनाका निवासी श्री राजेंद्र कुमार चौबे की धर्मपत्नी श्रीमती आशा चौबे (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला बाई गोस्वामी-** वल्दी कोरी की दफाई रज्जन तिराहा निवासी श्री धनू गोस्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई गोस्वामी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रवींद्र नाथ राय-** सी 3, अंकित अपार्टमेंट निवासी श्री रवींद्र नाथ राय (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक चौधरी-** एमईएस कॉलोनी गोराबाजार केंट निवासी श्री महेश चौधरी के पुत्र श्री दीपक चौधरी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम चरण महतो-** ब्यौहारबाग दुर्गा मंदिर के पास निवासी श्री राम चरण महतो (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रतन स्वामी-** वाजपेयी कम्पाउंड पेंटीनाका सदर निवासी श्री रतन स्वामी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

## एमरॉल्ड ज्वेलरी से वेडिंग में मिल रहा रॉयल लुक

### सिटी गर्ल्स और लेडीज के बीच कर रही ट्रेंड

**इन कलर्स में अवलेबल**

- ग्रीन
- मरून
- कोक
- रेड
- ऑरेंज
- ब्लू
- वाइट



**जबलपुर, देशबन्धु।** हर वेडिंग सीजन में फैशन ट्रेंड भी चेंज हो जाता है। इसमें मेकअप से लेकर ड्रेस शामिल है। इस वेडिंग सीजन में एमराल्ड ज्वेलरी का ट्रेंड नजर आ रहा है। रॉयल लुक के लिए यह ज्वेलरी दुल्हन के साथ अन्य के बीच भी पसंद की जा रही है। किराया, कटरीना और आलिया की वेडिंग के बाद से एमरॉल्ड ज्वेलरी का ट्रेंड अधिक नजर आ रहा है।

**कलर्स रहते कमाल**

एमरॉल्ड ज्वेलरी की खासियत इसके कलर्स हैं। ग्रीन शेड में यह ज्वेलरी ज्यादा कैरी की जा रही है, क्योंकि पिछले साल से वेडिंग लहंगों के साथ ग्रीन ज्वेलरी की डिमांड रही है। मार्केट में इनकी कीमत 2 हजार से शुरू होकर 5 हजार रुपए तक है। ऐसे में पर्चेस करने की बजाय लोग इन्हें रेंट पर लेना पसंद करते हैं।

**हैवी नेकलेस, पेंटेंड**

एमरॉल्ड ज्वेलरी ज्यादातर वेडिंग लहंगा और साइड लहंगे के साथ पसंद की जा रही है। यह हैवी होने के कारण रॉयल लुक देती है। इसलिए इसे हैवी नेकलेस, ओवरसाइज मांग टीका, झुमके और नथ में कैरी की जा रही है।

## आचार संहिता का पालन कराने पुलिस ने लगाई चैकिंग, सफारी वाहन से उतरवाई भाजपा की पट्टी, बिना नम्बर के वाहन जब्त



**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी में नवरात्र व विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी आदित्य प्रतापसिंह ने आचार संहिता का पालन कराने के लिए प्रभावी चेकिंग शुरु कराई है। इस दौरान शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के थानों की पुलिस ने अभियान चलाकर कार्यवाही की है। पुलिस ने सफारी वाहन से भाजपा के कमल के फूल की पट्टी उतरवाई। वहीं 27 मोटर साइकिलों के मॉडीफाई साइलेंसर निकलवाए व बिना नम्बर के 689 वाहनों को जब्त किया।

### बालाघाट के सफारी वाहन को रोककर कार्यवाही




ओमती पुलिस ने रसल चौक पर चेकिंग के दौरान सफेद रंग की टाटा सफारी सफेद क्रमांक सीजी 10 एएन 8181 को रोक गाड़ी में नम्बर प्लेट के उपर भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश एवं दोनो तरफ कमल का फूल बने थे। केसरिया एवं हरे रंग की नेम प्लेट लगी हुई थी। वाहन में चालक एवं एक अन्य व्यक्ति पीछे बैठा मिलाए नाम पता पूछने पर चालक ने अपना नाम नरेंद्र मानेकर उम्र 46 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 24 इंद्रानगर बालाघाट तथा पीछे की सीट पर बैठे व्यक्ति ने स्वयं को वाहन मालिक होना बताते हुये अपना नाम महेन्द्र सुराना उम्र 65 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 6 शनि मंदिर के बाजू में नया सराफा बालाघाट का होना बताया। पुलिस ने उक्त वाहन को जब्त करते हुए धारा 188 भादवि के तहत कार्रवाई की है।

### विद्युत पोल पर लगा कांग्रेस का झंडा हटाया

शहपुरा पलिस ने बिलखरवा रोड के सामने विद्युत पोल पर लगे राजनैतिक दल इंडियन नेशनल कांग्रेस का झण्डा हटाते हुए धारा 188 भादवि तथा सम्पत्ति विरूपण अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### कृषि उपज मंडी से भाजपा का झंडा हटाया

इसी प्रकार कृषि उपज मंडी परिसर के टीन शैड के खम्बा पर राजनैतिक दल भाजपा का झंडा बधां मिला। शासकीय सम्पत्ति पर मतदान प्रचार प्रसार के लिये झंडा लगाए जाने पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 188 भादवि तथा धारा सम्पत्ति विरूपण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।




## सतीश यादव राष्ट्रीय आजीवन खेल सेवा अवार्ड से सम्मानित

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिक्किम में आयोजित 41वीं राष्ट्रीय पंजा कुश्ती चैम्पियनशिप एवं सम्मान समारोह में भारतीय पंजा कुश्ती फेडरेशन के कार्यवाहक अध्यक्ष सतीश यादव को सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेमसिंग तमंग द्वारा मंत्रीगण भीम हांग एवं फेडरेशन की ओर से श्रीफल, शाल प्रशस्ति पत्र एवं 5001/- की नगद की राशि से सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि नगर के गौरव अपने 50 वर्षों के खेल जीवन में कबडडी में सागर में 1971 में अंतरविश्वविद्यालय कबडडी चैम्पियशिप में विजयश्री प्राप्त की 1972 में जबलपुर विश्वविद्यालय कबडडी टीम के कप्तान औरंगाबाद में1975 में मप्र सीनियर कबडडी टीम के कप्तान, दिल्ली में 1975 में मप्रके सर्वोच्च खेल पुरस्कार विक्रम अवार्ड से सम्मानित नेशनल रेफरी भारतीय स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग फेडरेशन के संस्थापक सदस्य भारतीय पंजा कुश्ती महासंघ के कार्यवाहक अध्यक्ष 45 वर्षों से मप्र पंजा कुश्ती एवं स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग संघ के संस्थापक सचिव इनके मार्गदर्शन में जबलपुर में 6 नेशनल चैम्पियनशिप इंटरनेशनल में सैकड़ों मेडल एवं चैम्पियन का खिताब एवं अनेकों बार टीम चैम्पियनशिप का खिताब जीतकर महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों ने नगर एवं प्रदेश का नाम देश एवं विदेश में गौरवान्वित किया।

## विधानसभा चुनाव : हवाई अड्डों पर भी रखी जायेगी नजर

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन वाले राज्यों में चार्टर्ड विमानों, हेलीकॉप्टरों एवं वाणिज्यिक विमानों के माध्यम से अनाधिकृत रूप से अस्त्र-शस्त्र, निषिद्ध वस्तुओं अथवा बड़ी मात्रा में नकदी एवं बहुमूल्य धातुओं के परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से हवाई यात्रा करने वाले लोगों पर नजर रखने के निर्देश दिये हैं।




आयोग ने कहा कि मतदान वाले राज्यों में चुनावी प्रक्रिया के समय हवाई अड्डे पर यात्रियों व सामानों की तलाशी तथा जांच संबंधी सभी नियमों व पद्धतियों का बिना किसी अपवाद के कड़ाई के साथ पालन किया जाना चाहिए ।

आयोग द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि विमान यातायात नियंत्रण (एटीसी) को निर्वाचन वाले राज्य में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी तथा संबंधित जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारी को चार्टर विमान या हेलीकॉप्टर की यात्रा योजना के बारे में कम से कम आधे घंटे पहले सूचित करना होगा ।

निर्वाचन आयोग के मुताबिक चुनाव वाले राज्यों में वाणिज्यिक एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले और उतरने वाले सभी निजी विमानों या हेलीकॉप्टरों का एटीसी (विमान यातायात नियंत्रण) द्वारा रिकार्ड रखा जायेगा तथा इसकी सूचना की एक प्रति संबंधित राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी तथा उस जिले के जिला निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध करानी होगी ।

आयोग के निर्देशों के मुताबिक निजी या चार्टर विमान अथवा कामर्शियल फ्लाईट या हेलीकॉप्टर से यात्रा करने वाले यात्रियों के हाथ में ले जाये जाने वाले सामान सहित पूरे सामान की जांच हवाई अड्डे पर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अथवा राज्य या केन्द्र शासित राज्यों के पुलिस अधिकारियों को बिना किसी छूट के पूरी जांच करनी होगी ।

आयोग के मुताबिक सुरक्षा अधिकारियों को जांच में 10 लाख रूपये की नगदी अथवा एक किलो सोना या इससे अधिक मूल्य का सोना-चांदी, हीरा जवाहरात पाये जाने पर आयकर विभाग को तुरंत सूचित करना होगा। सूचना प्राप्त होने पर आयकर विभाग द्वारा आयकर नियमों के अनुरूप सत्यापन किया जायेगा और सत्यापन के दौरान संतोषजनक स्पष्टीकरण न दिये जाने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। इस तरह की बहुमूल्य धातु या नगदी की मुक्ति के पहले आयकर विभाग को निर्वाचन आयोग, राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और जिले के जिला निर्वाचन अधिकारी को सूचित करना होगा ।

आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि सुरक्षा बल और आयकर विभाग को हवाई अड्डे पर यात्रियों की जांच, बहुमूल्य धातुओं या नकदी की खोज से लेकर जब्ती अथवा मुक्त करने तक का पूरी प्रक्रिया का संपादन सीसीटीव्ही कैमरे की निगरानी में करना होगा।

### पेट्रोल पम्पों को डीजल और पेट्रोल का रिजर्व स्टॉक रखने के निर्देश

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में स्थित सभी पेट्रोल पंपों को 5 हजार लीटर डीजल तथा 2 हजार लीटर पेट्रोल का रिजर्व स्टॉक रखने के आदेश दिये हैं । आदेश में कहा गया है कि पेट्रोल पंप मालिक इस रिजर्व स्टॉक का विक्रय जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अधिकृत अधिकारी की अनुमति के उपरांत कर सकेंगे।




## ट्रक अनियंत्रित होकर ढाबा में घुसा, मची भगदड़, चीख पुकार

**जबलपुर/दमोह, देशबन्धु।** जबलपुर से दमोह के लिए रवाना हुआ ट्रक गुरूवार को माढ़ोताल बायपास चौराहा के समीप अनियंत्रित होकर एक ढाबा में घुस गया। यह तो अच्छा रहा कि उस वक्त ढाबा बंद रहा जिससे जनहानि नहीं हो पाई है। वहीं ढाबा की बाउंड्रीवाल व अंदर रखा सारा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद आसपास खड़े लोगों में अफरातफरी व भगदड़ मच गई थी।

बताया गया है कि जबलपुर से रवाना हुआ ट्रक जब मारुताल बायपास चौराहा से आगे बढ़ा था, इस दौरान सामने से आए भारी वाहन को साइड दी, जिससे अपना संतुलन खो बैठा और ढाबा की दीवार को तोड़ते हुए अंदर घुस गया। ट्रक को ढाबा में घुसते देख आसपास खड़े लोगों में चीख पुकार व भगदड़ मच गई। यह तो अच्छा रहा कि ढाबा बंद था नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी। दुर्घटना में ढाबा की दीवार सहित अंदर रखा क्षतिग्रस्त हो गया. खबर मिलते ही ढाबा संचालक भी पहुंच गया, जिन्हे चालक ने नुकसान की भरपाई देने का आश्वासन दिया, जिससे मामला शांत हो गया।

## जिला न्यायालय संघ में विंहगम योग साधना शिविर आज

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के अध्यक्ष आर.के.सिंह सैनी व सचिव राजेश तिवारी के द्वारा बताया गया कि आज जिला न्यायालय अधिवक्ता संघ में विहंगम योग साधना विषय पर योग शिविर अधिवक्ता कल्याण और आध्यात्मक शक्ति के द्वारा मानव जीवन के पुरूषार्थ कर्म की व्याख्या जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर में आज अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे योग शिविर का आयोजन किया गया है। जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के अध्यक्ष आर के सिंह सैनी, सचिव राजेश तिवारी उपाध्यक्ष अखिलेश चौबे उपाध्यक्ष महिला ज्योति राय, सह सचिव यतेन्द्र अवस्थी, कोषाध्यक्ष अजय दुबे, पुस्तकालय सचिव अमित कुमार साहू कार्यकारणी दामोदर पाटकर, अर्जुन साहू, प्रदीप परसाई बाबा, शैलेन्द्र यादव, आशीष पाण्डेय, रेणुका शुक्ला, राजू बर्मन आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## लालमाटी कुशवाहा समाज के चुनाव सम्पन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** लालमाटी कुशवाहा समाज का द्विवार्षिक चुनाव डॉ संतोष कनोजिया के द्वारा सम्पन्न कराया गया जिसमें मनोज कुशवाहा एड अध्यक्ष रजनीश कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा उपाध्यक्ष, विनोद कुशवाहा सचिव, राकेश वर्मा कोषाध्यक्ष, राजेश कुशवाहा महामंत्री, राजू कुशवाहा संगठन मंत्री, विजय कुशवाहा सहसचिव, चंद्र शेखर उपकोषाध्यक्ष, संतोष कुशवाहा, मुरली कुशवाहा राबेन्द्र कुशवाहा, बाबूलाल कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, भीम सेन वर्मा, चित्र सेन कुशवाहा कार्यकारिणी सदस्य चुने गए इस अवसर पर संस्था के 50 वर्ष पूर्ण होने पर द्विवर्षीय स्वर्ण जयंती समारोह बनाने का निर्णय लिया गया तो समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है।

# नाबालिगा से दुष्कर्म करने वाले को दस साल की सजा




### आरोपी पर पांच हजार का जुर्माना, पीड़िता को 50 हजार की प्रतिकर राशि देने के आदेश

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक नाबालिगा को जबरदस्ती अपने साथ ले जाकर शादी कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को अदालत ने दस साल की सजा सुनाई है। पाक्सो के विशेष न्यायाधीश ने आरोपी सतीश कुमार मेहरा पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसके साथ ही पीड़िता को 50 हजार रुपये की प्रतिकर राशि प्रदान करने के आदेश दिये है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 2 सितंबर 2027 को पीड़िता की मॉ ने लार्डगंज थाने में शिकायत दर्ज करायी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि आरोपी सतीश मेहरा 2 सितंबर को उनके घर आया और उनसे बातचीत की। इसके बाद उसने सतीश को जाने के लिये कहा। उसके बाद शाम से पीड़िता गायब हो गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पीड़िता को ढूढ़ निकाला। जिसने अपने बयान में बताया कि आरोपी उसे बहुत परेशान करता था, जिस कारण उसने आत्महत्या करने की कोशिश भी की थी। उसके बाद आरोपी उसके घर शादी की बात करने आया, लेकिन उसकी मॉ ने मना कर दिया। जब उसकी मॉ काम पर चली गई तो आरोपी ने उसकी मॉ और घरवालों को जान से मारने की धमकी देकर उसे अपने साथ चलने कहा, जिस पर उसे जबरदस्ती जाना पड़ा। इसके बाद आरोपी उसे दमोह ले गया, जहां दो तीन दिन रुकने के बाद ट्रेन से गुजरात ले गया और वहां एक मंदिर में शादी कर ली। जिसके बाद वह पति-पत्नी की तरह रहने लगे, इसके बाद आरोपी उसे दिल्ली ले गया, जहां उसका गर्भपात हुआ। पुलिस ने मामले में दुराचार व पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने आरोपी सतीश मेहरा को दस साल के सश्रम कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी स्मृतिलता बरकडे द्वारा उक्त मामले में सशक्त पैरवी की गई।

## नाबालिग का दैहिक शोषण करने वाले को 20 साल की सजा

### पाक्सो की अदालत ने आरोपी पर दो हजार का जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक नाबालिगा को भगाकर ले जाकर उसके साथ मंदिर में शादी कर दैहिक शोषण करने वाले आरोपी गोलू पटेल को अदालत ने दोषी करार दिया है। पाक्सो के विशेष न्यायाधीश ने गोलू को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही उस पर दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 29 मार्च 2022 को पीड़िता की मां ने रांझी थाने में शिकायत दर्ज करायी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि उनकी बेटी 28 मार्च को सुबह 11 बजे स्कूल जाने का कहकर निकली थी, उसके बाद वापस नहीं आई। कोई उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने गुम इंसान कायम कर पीड़िता को ढूंढ़ निकाला। जिसने बताया कि गोलू पटेल उसे भोपाल ले गया और उसके बाद विदिशा, जहां मंदिर में उन्होंने शादी कर ली। इसके बाद गोलू और उसके बीच शरीरिक संबंध बने। पुलिस ने मामले में दुराचार व पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से एडीपीओं मनीषा दुबे ने पक्ष रखा।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को हाईकोर्ट से राहत

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट से एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को राहत मिली है। जस्टिस सुजय पाल की एकलपीठ ने कहा कि चयन समिति की जांच के बाद लिया गया निर्णय बाध्यकारी है। एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को उक्त पद पर नियुक्ति देने के आदेश दिए। इसके लिए 60 दिन की मोहलत दी गई है।

छिंदवाड़ा निवासी पुष्पा साहू की ओर से यह मामला दायर किया गया था।जिसमें कहा गया था कि एडीशनल कलेक्टर ने यह कहते हुए उसकी नियुक्ति निरस्त कर दी कि अनावेदक यशोदा यदुवंशी को अधिक अंक मिले हैं। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया, कि चयन समिति ने जांच के बाद पाया कि यशोदा ने मूल दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए हैं। समिति ने अपने निर्णय में लिखा था कि अनावेदक ने पद प्राप्त करने हेतू भ्रामक जानकारी दी है। एकीकृत परियोजना अधिकारी ने जांच में पाया कि यशोदा का बीपीएल सूची में नाम नहीं है, इसके बावजूद उसे उसके अतिरिक्त अंक दिये गये।

मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता एचआर नायडू ने पक्ष रखते हुए दलील दी कि भले ही यशोदा के बीपीएल के अंक को हटाने के बावजूद याचिकाकर्ता से अधिक अंक हैं, लेकिन उनके आचरण को देखते हुए वह शासकीय नौकरी के लिए पात्र नहीं हैं। सुनवाई के बाद एकलपीठ ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत का हवाला देते हुए कहा कि भले ही आवेदक को नियुक्ति दे दी गई हो, लेकिन झूठी जानकारी देने के आधार पर उसे बर्खास्त किया जा सकता है।

## भाजपा नेता को दुष्कर्म के आरोपी में मिली अग्रिम जमानत

**जबलपुर, देशबन्धु।** दुष्कर्म के मामले पर लंबे समय से फरार चल रहें भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है। भाजपा नेता संदीप गौड़ पर पार्टी की ही एक नेत्री जो कि गोकलपुर में रहती है, उन्होंने रेप का आरोप लगाया था। सितंबर 2023 को सिविल लाइन थाने में महिला ने शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया था कि तीन साल पहले 2021 में भाजपा नेता संदीप गौड़ ने धोखे से कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पीला दिया और फिर रेप किया।

मामले में आरोपी भाजपा नेता की ओर से अधिवक्ता यश सोनी ने पक्ष रखा। जिन्होंने ने विभिन्न न्याय दृष्टांत पेश करते हुए दलील दी कि दोनों के बीच आपसी सहमति से संबंध बने थे, जिसे दुष्कर्म नहीं माना जा सकता। दोनों एक दूसरे को लंबे समय से जानते थे और साथ में ही घूमते-फिरते थे। जिसके बाद जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने अग्रिम जमानत अर्जी स्वीकार कर ली।

## स्टार्टअप्स को सम्पूर्ण सहायता एवं प्रोत्साहन देने हरसंभव करेंगे प्रयास : कुलपति




**जबलपुर, देशबन्धु।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की गरिमामय उपस्थिति में चयनित स्टार्टअप्स को ग्रांट इन ऐड से पूर्व संस्था से एम. ओ. ए. (मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन) पर दस्तखत एवं आदान प्रदान करना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। दरअसल कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान, जबलपुर के द्वारा कृषि स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन वर्ष 2019 से किया जा रहा है। स्टार्टअप्स की चयन प्रक्रिया कौशल विकास, व्यवसाय योजना- रणनीति, उत्पाद ब्रांडिंग, विपणन, आदि से सम्बंधित विशिष्ट प्रशिक्षण विशेषज्ञों द्वारा कराया जाता है। इस कार्यक्रम को आर. के. वी. वाय. भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अंतर्गत तीन से चार स्तर की चयन प्रक्रिया के उपरांत स्टार्टअप्स को ग्रांट इन ऐड के लिये भारत सरकार द्वारा गठित समिति अनुमोदित करती है।

विदित हो कि 31 स्टार्टअप्स की चौथी बैच में से सिर्फ 6 स्टार्टअप्स ही इस जटिल प्रक्रिया से ग्रांट इन ऐड के लिए अनुमोदित हुये है। जिनके नाम क्रमशः सुशील कुमार टांक (झाबुआ) शेखर कुमार साहू (छिंदवाड़ा), स्वप्निल एस. मुलेय (महाराष्ट्र) रविंद्र दिलीप कुमार वाघमारे (महाराष्ट्र), मयूर पवार (महाराष्ट्र) एवं योगेश कुमार गजरलवार (महाराष्ट्र)। उक्त चयनित स्टार्टअप्स को ग्रांट इन ऐड से पूर्व संस्था से एम.ओ.ए. (मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन) पर दस्तखत एवं आदान प्रदान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कुलपति डॉ. मिश्रा ने स्टार्टअप्स से उनकी आने वाली समस्या, व्यवसाय मॉडल, प्रोडक्ट पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं मूल्य निर्धारण पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर संस्था के निदेशक डॉ. मोनी थॉमस एवं जवाहर राबी टीम की डॉ. लवीना शर्मा, लक्ष्मी सिंह, डॉ. दीपक पाल, डॉ. हेमंत राहंगडाले, दीपांशु पटेल, लवकेश पटेल एवं जय कुमार वर्मा उपस्थित थे।

## श्रीराम के लिए 14 वर्ष वनवास, भरत को राजतिलक

### कैकई कोप भवन में गईं



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** मानस भवन स्थित रामलीला मैदान में आदर्श रामलीला मंडल चित्रकूट के पात्रों द्वारा गुरुवार को श्रीराम वनवास का मंचन किया गया।जब प्रभु श्रीराम का राजतिलक होने वाला था तब कैकई ने दशरथ से राम के लिए 14 वर्ष का वनवास और भरत के लिए राज्य मांगा तो मंचन देख रहे लोगों के दर्शकों उदास हो गए। रामलीला में मंथरा की बात मान कर कैकई कोप भवन में चली गई। राजा दशरथ कैकई को मनाने के लिए कोप भवन में गए। कैकई ने राजा दशरथ से दो वरदान मांगे।जिसमे राम को चौदह वर्ष का वनवास व भरत को राजतिलक। जिसे सुनकर राजा दशरथ बेसुध हो गए। रामलीला के दूसरे दृश्य में भगवान राम ने दशरथ दरबार पहुंच कर राजा की बात मान ली। उन्होंने कहा कि रघुकुल रीति सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई। यह कहते हुए राम ने वनवास जाने की तैयारी कर ली। लक्ष्मण तथा सीता भी प्रभु राम के साथ वनवास जाने के लिए कहते है। श्री राम उनसे कहते हैं कि ये वनवास मुझे मिला है पर सीता व लक्ष्मण के हठ करने पर वे उन्हें साथ चलने की आज्ञा दे देते हैं।

भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, मातारानी सीता की प्रथम आरतीसंरक्षक दुर्गोत्सव समिति गांधीग्राम प्रताप सिंह बघेल, दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष महेश सेन, रेवाशंकर असाटी,गजराज सिंह बघेल, सुरेश असाटी,चमन असाटी, बबलू दुबे, विजय चौरसिया,लक्ष्मण काछी ,भागचंद साहू,उमेश असाटी,हरिशंकरतिवारी, गोरीशंकर,मंहगू, चौरसिया,अजय गौतम, बंटू मिश्रा,मनोहर तिवारी, आदि सभी पदाधिकारियों ने की पात्रों में महंत,व्यास राजाराम पांडे,राम कुशल गौतम, लक्ष्मण राजेश गौतम, विश्वामित्र श्री राम नरेश उपाध्याय, राजा दशरथ राम सुंदर विश्वकर्मा, रज्जू गौतम, सीता की पात्र श्रीराम पांडे, पुनीत दुबे आदि है।

## गोसलपुर में आजादी के पहले से रखी जा रही गामाजारी दुर्गा प्रतिमा

**गोसलपुर, देशबन्धु।** सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति गामाजरी गोसलपुर की ग्राम पंचायत गोसलपुर की प्रतिमा देश की आजादी के पूर्व वर्ष 1945 से यहां स्थापित होती आ रही है वर्ष यह समिति 79 वां दुर्गा उत्सव मान रही है जहां बैठकी पर ग्राम पंचायत प्रांगण में प्रतिमा की स्थापना धूमधाम से की गई।गोसलपुर के सबसे वरिष्ठ नागरिक ठाकुर हीरा सिंह ने बताया इस समिति की प्रतिमा स्थापना का क्रम वर्ष 1945 में सेठ स्वर्गीय किशन लाल जी पालीवाल ने अपने परिसर में प्रारंभ किया था, जहां 9 दिनों तक नाटक प्रसंग तथा उसके बाद रामलीला वृंदावन की रासलीला जैसे भव्य कार्यक्रम होते थे किंतु कुछ अंतराल के बाद इस प्रतिमा की स्थापना झंडा बाजार नायक परिसर में लगभग 10 वर्ष तक की जाती रही जहां रामलीला का भव्य आयोजन होता था पूरे क्षेत्र में गोसलपुर में महज एक यही प्रतिमा स्थापित की जाती थी जिसके चलते गोसलपुर से जुड़े सैकड़ो गांव के लोग यहां देवी दर्शन और रामलीला देखने आते थे किंतु बदलते समय में जगह की कमी तथा झंडा बाजार क्षेत्र में कई भवन निर्माण हो जाने की वजह से इस प्रतिमा की स्थापना अब ग्राम पंचायत प्रांगण में रामलीला मैदान में की जा रही है जो अनवरत रूप से जारी है पूर्व में सेठ किशन लाल के साथ लल्लू राम सोनी ,दालचंद सिंघई , बुल्ले सिंह ठाकुर जैसे बुजुर्ग इस उत्सव को आयाम देते थे। इस कमेटी में हर वर्ष समिति का गठन नए स्वरूप में किया जाता है और माता के शारदा स्वरूप प्रतिमा की स्थापना नौ दिनों तक की जाती है यह रामलीला का सफल मंचन



भी किया जाता है इस वर्ष समिति में अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राजपूत विज्ञान सिंह गोविंद राय महेश दहिया ध्रुव श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी व्यवस्थाओं को देख रहे हैं।

**सार-समाचार**

## भाजपा-कांग्रेस के असंतुष्ट नेताओं की बैठक आज

**पाटन, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में जब से भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी घोषित हुए हैं, तभी से किसी गुट में खुशी, तो कहीं मायूसी छाई हुई है। यदि हम कांग्रेस की बात करें तो पार्टी ने 27 हजार से अधिक मतों से हारने वाले पर दांव लगाया है, जबकि क्राइटेरिया में पार्टी द्वारा बीस हजार से अधिक मतों से हारने वाले नेता से तौबा करने का मन बनाया था, लेकिन दिल्ली में बैठे बड़े नेताओं ने इस नियम को दरकिनार करते हुए 27 हजार से अधिक मतों से हारने वाले को टिकट दे दिया, जिसकी वजह से पाटन विधानसभा क्षेत्र में विद्रोह के स्वर उठ रहे हैं, वही भाजपा ने 72 पार वाले बुजुर्ग नेता पर दांव लगाकर सभी को चौका दिया है। हालांकि भाजपा के असंतुष्ट नेताओं से भाजपा प्रत्याशी को खुद मुकाबला करना होगा।

विधानसभा क्षेत्र की जनता दोनों प्रत्याशियों को पसंद नहीं कर रही है, क्योंकि जनता ने दोनों ही प्रत्याशियों का कार्यकाल देखा है। मौजूदा विधायक ने अपने कार्यकाल के दौरान पूरा ध्यान निर्माण कार्यों पर लगाया और अपने चहेते ठेकेदारों को हरसंभव मदद की है। जबकि जनता की मूलभूत सुविधाओं के लिए कभी भी आगे आकर काम नहीं किया, जिससे भीतरघात होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

सूत्र बताते हैं कि विधानसभा क्षेत्र के दोनों ही प्रमुख दलों के असंतुष्ट कद्दावर नेताओं की एक बैठक आज शुक्रवार को दोपहर 3 बजे होने जा रही है। इस बैठक में अगली रणनीति तय की जाएगी, इसलिए असंतुष्ट नेताओं की इस बैठक को राजनीतिक पंडित महत्पूर्ण मानकर चल रहे हैं।

## सोनल तिवारी के जन्मदिवस पर किया पौधरोपण



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत स्काउट और गाइड जिला संघ जबलपुर की जिला उपाध्यक्ष सोनल तिवारी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को यश नर्सरी हायर सेकेण्डरी स्कूल अधारताल यूनिट द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्हीकल फैक्ट्री अंतर्गत बाल वाटिका में स्काउट्स और रोवर्स द्वारा पूरे गार्डन की सफाई और गाजर घास को निकाला गया। इसके बाद सुव्यवस्थित रूप से पौधरोपण किया गया। उपाध्यक्ष द्वारा सभी को संदेश दिया की अपने जन्मदिवस में पौधरोपण करें और क्लाइमेट चेंज की ओर अपने कदम बढ़ाए। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट हेड क्वार्टर कमिश्नर डॉ. विजयकान्त तिवारी, डिस्ट्रिक कॉर्डिनेटर राहुल राजपूत के साथ ही सभी स्काउट्स और रोवर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

## कुख्यात आरोपी को किया जिला बदर

**पन्ना, देशबन्धु ।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्णा एस. थोटा के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए आदर्श आचार संहिता के दौरान जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया था । इसी तारतम्य मे थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार द्वारा ग्राम जमुनिया के कुख्यात आरोपी देवी सिंह राजपूत को जिला दण्डाधिकारी महोदय पन्ना द्वारा जारी जिला बदर आदेश के पालन में जिला पन्ना एवं इसके समीपवर्ती जिलों से बाहर छोड़कर निष्कासन आदेश की तामिली की गई है । आरोपी को आगामी छः माह के लिए जिला बदर किया गया है यदि उसके द्वारा उक्त आदेश का उल्लंघन किया गया तो राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सख्त दंडात्मक कार्यवाही की जा सकेगी ।आरोपी के विरुद्ध थाना गुनौर क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक अपराध पंजीबद्ध है। उक्त कार्यवाही पन्ना पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना आरती सिंह के मार्गदर्शन में में गई है ।

## श्रीमती लतेश का निधन



**पाटन, देशबन्धु।** अपर सत्र न्यायाधीश पाटन विवेक कुमार की 48 वर्षीय धर्मपत्नी श्रीमती लतेश का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार निज निवास अकाउंदा बिजनौर, उत्तरप्रदेश में संपन्न होगा।

## बरेला में भक्तिभाव से मनाई जा रही नवरात्रि





**बरेला, देशबन्धु।** शारदेय नवरात्रि पर्व नगर एवं आसपास के ग्रामीण उपनगरीय अंचलों में बड़े धूमधाम एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है नगर के विभिन्न वार्डों में अपनी परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी भव्य एवं सुंदर दुर्गा प्रतिमाएं विराजित की जा चुकी हैं वही वही सभी समितियां भव्य लाइट एवं झालर के साथ विभिन्न प्रकार की रंग बिरंगी लाइट का उपयोग कर प्रतिमा स्थल को सुंदर बना रहे हैं अनेक स्थानों को भव्य स्टेज तैयार किया गया है तो वहीं कुछ समितियां द्वारा सीनरी एवं झांकी भी बनाई जा रही है नगर का वातावरण धर्म में बना हुआ है पुरुष एवं महिलाओं के साथ युवा वर्ग एवं बच्चियों भी धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं।

## पनागर में बह रही भक्ति की बयार





**पनागर, देशबन्धु।** नगर में एवं ग्रामीण अंचल में नवरात्रि का पर्व धूमधाम और हरसोला से मनाया जा रहा है सजावट का दौरा समाप्त होने के बाद अब विभिन्न धार्मिक आयोजन प्रतिमा स्थल पर प्रारंभ हो रहे हैं नगर पैर में अनेक स्थानों पर महिला भक्त मंडली द्वारा वही भक्तों की जा रही है साइन के समय भक्तजन सभी प्रतिमाओं के दर्शन हेतु निकल रहे हैं नगर में धर्म में वातावरण बना हुआ है उपरोक्त चित्र नगर की प्रथम सब्जी मंडी जगमोहन स्थिति वार्ड स्थित महाकाली माता का है वहीं दूसरी माताजी गला बाजार स्थित नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा स्थापित भव्य एवं मनोहरी प्रतिमा है।

## सिहोरा से डॉ. संजीव बरकड़े होंगे निर्दलीय प्रत्याशी

### बड़ी संख्या में मिल रहा जन समर्थन

**सिहोरा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस में प्रत्याशियों के चयन को लेकर काफी विरोधाभास दिखाई दे रहा है, इसके चलते राजनीतिक दलों के कर्मठ कार्यकर्ता पार्टियों से लगातार उपेक्षा का शिकार समझ कर अपने-अपने पदों से एवं पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में इस्तीफा दे रहे हैं, साथ ही वे अन्य राजनीतिक दलों से या निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जनता के सामने स्वयं को प्रस्तुत कर रहे हैं, ऐसे ही एक प्रत्याशी सिहोरा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 102 में कांग्रेस कार्यकर्ता डॉ. संजीव बरकड़े भी हैं जो पिछले 8 वर्षों से क्षेत्र में मेहनत कर रहे हैं, लेकिन पार्टी में उपेक्षा का शिकार होकर उन्हें विधानसभा उम्मीदवार के रूप में पार्टी ने टिकट नहीं दिया, जिसके चलते उन्होंने अपने कार्य एवं मेहनत की बल पर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का ऐलान किया। गुरुवार को अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सिहोरा विकासखंड क्षेत्र के कई गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्हें भारी जन समर्थन भी मिलता दिखाई दे रहा है।

**जिला पंचायत सदस्य ने किया समर्थन का ऐलान**-कांग्रेस द्वारा डॉ संजीव बरकड़े को प्रत्याशी डा बनाए जाने पर सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने पर डॉक्टर संजीव वरकड़े का समर्थन करते हुए जनसंपर्क अभियान में साथ दिया इसी दौरान जिला पंचायत सदस्य अंजिली गोलू पांडे ने भी खुला समर्थन देने का ऐलान किया।

**सिहोरा जिला हमारी प्रमुखता**-निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे डॉक्टर संजीव बरकड़े ने सिहोरा जिले मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए कहा कि इस चुनाव में सिहोरा वीडियो के साथ दोनों राजनीतिक दलों ने छल किया है मैं सिहोरा जिला के लिए पूरी तरह क्षेत्र वासियों को अस्वस्थ करने का वचन देता हूं कि चुनाव के जीतने के पश्चात सिहोरा जिला मेरी प्रमुखता होगी।

## सिद्धेश्वरी मातारानी के दरबार में उमड़ रही भक्तों की भीड़





**पाटन, देशबन्धु।** नगर के मुख्य चौराहे कमानिया गेट के समीप माता सिद्धेश्वरी के मंदिर में शारदेय नवरात्र पर्व पर सुबह चार बजे से ही मातृ शक्ति और कन्याओं का जल चढ़ाने का सिलसिला शुरू हो जाता हैं। सिद्धेश्वरी माता समिति के सदस्यों ने बताया कि माँ सिद्धेश्वरी की स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर पंचमी तिथि दिन गुरुवार रात्रि को भव्य महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें नगर एवं ग्रामीण इलाकों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए आरती के बाद महाप्रसाद का भक्तों को वितरण किया गया। माता के दरबार में पहुंचकर भक्तों ने धर्म लाभ अर्जित किया, वहीं पूरे मंदिर परिसर को सुंदर लाइट और फूल मालाओं से सजाया गया है।

## प्रतिलिपि शाखा का बाबू 1700 रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट में प्रतिलिपि शाखा में पदस्थ एक बाबू रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया है। गुरुवार को जबलपुर लोकायुक्त ने बाबू को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। जानकारी के अनुसार कलेक्ट्रेट का जनसमाधान केंद्र जिसे प्रतिलिपि शाखा कहा जाता है। यहां जमीनों के पुराने रिकार्ड, खसरा, नक्शा, डायवर्सन सहित अन्य कार्य होते हैं। गुरुवार को शाखा में सामान्य कामकाज चल रहा था कि एक आवेदक का इशारा मिलते ही लोकायुक ने शाखा में घुसकर लिपिक ग्रेड-3 नीरज तिवारी को 1700 रुपए की नकद रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। नीरज से रकम बरामद कर उसके खिलाफ विरुद्ध भ्रष्टाचार निरोधी अधीनियम में आपराधिक मामला कायम किया गया है, बाद में जमानत पर रिहा किया गया।

## सिहोरा से डॉ. संजीव बरकड़े होंगे निर्दलीय प्रत्याशी

### बड़ी संख्या में मिल रहा जन समर्थन

**सिहोरा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस में प्रत्याशियों के चयन को लेकर काफी विरोधाभास दिखाई दे रहा है, इसके चलते राजनीतिक दलों के कर्मठ कार्यकर्ता पार्टियों से लगातार उपेक्षा का शिकार समझ कर अपने-अपने पदों से एवं पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में इस्तीफा दे रहे हैं, साथ ही वे अन्य राजनीतिक दलों से या निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जनता के सामने स्वयं को प्रस्तुत कर रहे हैं, ऐसे ही एक प्रत्याशी सिहोरा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 102 में कांग्रेस कार्यकर्ता डॉ. संजीव बरकड़े भी हैं जो पिछले 8 वर्षों से क्षेत्र में मेहनत कर रहे हैं, लेकिन पार्टी में उपेक्षा का शिकार होकर उन्हें विधानसभा उम्मीदवार के रूप में पार्टी ने टिकट नहीं दिया,



जिसके चलते उन्होंने अपने कार्य एवं मेहनत की बल पर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का ऐलान किया। गुरुवार को अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सिहोरा विकासखंड क्षेत्र के कई गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्हें भारी जन समर्थन भी मिलता दिखाई दे रहा है।

**जिला पंचायत सदस्य ने किया समर्थन का ऐलान**-कांग्रेस द्वारा डॉ संजीव बरकड़े को प्रत्याशी डा बनाए जाने पर सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने पर डॉक्टर संजीव वरकड़े का समर्थन करते हुए जनसंपर्क अभियान में साथ दिया इसी दौरान जिला पंचायत सदस्य अंजिली गोलू पांडे ने भी खुला समर्थन देने का ऐलान किया।

**सिहोरा जिला हमारी प्रमुखता**-निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे डॉ. संजीव बरकड़े ने सिहोरा जिले मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए कहा कि इस चुनाव में सिहोरा के साथ दोनों राजनीतिक दलों ने छल किया है। मैं सिहोरा जिला के लिए पूरी तरह क्षेत्रवासियों को अस्वस्थ करने का वचन देता हूं कि चुनाव के जीतने के पश्चात सिहोरा जिला मेरी प्रमुखता होगी।

## मझौली में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत सेल्फी प्वाइंट गरबा आयोजन

**मझौली देशबन्धु।** पाटन विधानसभा अंतर्गत नगर परिषद मझौली में महिला बाल विकास परियोजना मझौली के वार्ड क्रमांक 2 में मतदाता जागरुकता गतिविधियों में सेल्फी पाइंट, शपथ एवं मतदाता जागरुकता गीतों पर गरबा कार्यक्रम आयोजन किया गया, जिसमें सभी नवमतदाताओं को जागरूक किया गया और मतदान के लिए बताया गया कि अधिक से अधिक संख्या में लोग मतदान अवश्य करें बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा जरूर लें।




## दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की कैद

**अनूपपुर, देशबन्धु।** अपर सत्र न्यायाधीश राजेन्द्रग्राम की न्यायालय ने थाना अमरकंटक की धारा 376ए 323ए 506 भादवि के आरोपी 40 वर्षीय दिलेश पुत्र करिया महरा निवासी ग्राम बहपुर को दो धाराओं में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10 हजार 500 रूपये का अर्थदण्ड की सजा सुनाई हैं। जिसमें धारा 3761 भादंवि में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10 हजार रूपये अर्थदण्ड, धारा 323 भादवि में 3 माह का सश्रम कारावास एवं 500 रूपये अर्थदंड की सजा आदेश दिया है । वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी नारेन्द्रदास महरा ने पैरवी की। उन्होंने बताया कि 12 दिसंबर 2017 को ग्राम बहपुर निवासी पीडिता ने थाना अमरकंटक में लिखित रिपोर्ट में बताया कि आरोपी दिलेश महरा ने अकेला देखकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

## गाजा के साथ एकजुटता दिखाने पर छात्र निलंबित

**लंदन।** ब्रिटेन के लंदन में स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज गाजा के साथ एकजुटता में निकाली गई एक रैली के बाद छात्रों को निलंबित कर दिया है। एसओएएस में फिलिस्तीन समुदाय के छात्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एसओएएस फिलिस्तीन सोसाइटी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, तत्कालीन एसओएएस यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन, जो अपनी तथाकथित प्रगतिशील राजनीति के लिए प्रसिद्ध है, ने गाजा के साथ एकजुटता में एक रैली के बाद अपने ही छात्रों को निलंबित करने के लिए आधिकारिक तौर पर कदम उठाना शुरू कर दिया है।

# लेबनान में भी हमला करने लगा इजरायल, हिजबुल्लाह पर निशाना

## आतंकियों ने भी दागीं मिसाइल

**तेल अवीव।** इजरायल और हमास के बीच युद्ध को 11 दिन हो चुके हैं। अब गाजा पट्टी पर ही नहीं बल्कि इजरायल ने लेबनान में आतंकी ठिकानों पर भी निशाना लगाना शुरू कर दिया है। इजरायली वायुसेना का दावा है वह लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला कर रही है। इसी बीच हिजबुल्लाह की तरफ से भी बयान सामने आया है। हिजबुल्लाह का कहना है कि उसने इजरायल में भी मिसाइल अटैक किया है। वहीं फिलिस्तीनी की एक समाचार न्यूज अजेंसी का कहना है कि गुरुवार को तीन फिलिस्तीनी युवकों की मिसाइल अटैक में मौत हो गई जो कि आम नागरिक थे।

मध्य एशिया के देशों में इजरायल के खिलाफ रैलियां निकाली जा रही हैं। कई जगहों पर हिंसा की भी खबरें आई हैं। गाजा के अस्पताल में मिसाइल अटैक के बाद दुनियाभर में प्रदर्शन तेज हुए हैं। वहीं हमास और इजरायल दोनों ही गाजा के अस्पताल में हुए अटैक से पल्ला झाड़ रहे हैं। इजरायल का कहना है कि इस्लामिक जिहाद ग्रुप ने गलती से अस्पताल पर हमला किया था।

इसी बीच यूएस राष्ट्रति से बातचीत के बाद एजिप्ट के राष्ट्रपति अब्देल अल सीसी ने गाजा में मदद पहुंचाने के लिए राफाह सीमा को खोलने की मंजूरी दे दी है।

इजरायल के हमले में वेस्ट बैंक में भी बहुत सारे फिलिस्तीनी मारे गए हैं। वहीं गाजा पट्टी में जमीनी हमले के लिए भी इजरायल तैयार है। इसी बीच इस युद्ध को रोकने के लिए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी इजरायल पहुंच रहे हैं। हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसने इजरायल में तीन जगहों को निशाना बनाया है। वहीं हिजबुल्लाह ने अपने एक सदस्य के मारे जाने की पुष्टि की है। लेबनानी सूत्रों के मुताबिक एटारौन के आसपास इजरायली हमले में कई घरों को नुकसान पहुंचा है।

**लेबनान सीमा पर कैसे शुरू हो गया तनाव**

रिपोर्ट्स में सामने आया था कि बेरूत में ईरान के साथ हमास और हिजबुल्लाह के नेताओं ने बैठक की थी और इसके बाद इजरायल पर हमला करने का प्लान बनाया गया था। सात अक्टूबर को हुए हमले के अगले दिन ही हिजबुल्लाह ने हमास को समर्थन दे दिया था। इसके बाद इजरायली सेना ने लेबनान के दक्षिणपूर्व में आसमानी हमला किया।

## इजरायल ने दिखाया दम! जो बाइडेन बाद ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक भी पहुंच गए तेल अवीव

**तेल अवीव।** इजरायल और हमास में युद्ध के बीच ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक भी इजरायल के तेल अवीव पहुंच गए हैं। वह इजरायली पीएम नेतन्याहू के साथ अन्य अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। सुनक के ऑफिस के मुताबिक वह नेतन्याहू और इजरायली राष्ट्रपति आइजक हेरजोग से मुलाकात करेंगे और हमास के अटैक के बाद मारे गए लोगों को लेकर दुख जताएंगे। अपनी यात्रा से पहले सुनक ने कहा था, हमास के हमला एक खतरनाक आतंकी हमला था और आम लोगों को मारना सबसे बड़ा अपराध है।



रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक ऋषि सुनक इजरायल से बात करेंगे कि गाजा में मानवीय सहायता का रास्ता खोल दिया जाए। बता दें कि जो बाइडेन ने भी इस विषय में नेतन्याहू से बात की थी। ब्रिटेन के भी कई नागरिक गाजा में फंसे हुए हैं। सुनक ने गाजा के अस्पताल पर हुए हमले की निंदा भी की थी। अब देखना यह है कि वह बाइडेन की तरह इस मामले में इजरायल को क्लीन चिट देंगे या फिर कोई और बात करेंगे। जो बाइडेन ने कह दिया था कि लगता है कि अस्पताल पर हुए हमले में किसी आतंकी संगठन का हाथ है। गाजा और हमास के युद्ध में अब तक 4 हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं। इजरायल ने दावा किया था कि हमास के आतंकियों ने 1400 लोगों को मार दिया। वहीं गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक 3 हजार से ज्यादा लोग गाजा में मारे गए। इसके अलावा इजरायल की सख्ती की वजह से गाजा में लोग भूख और प्यास से मरने लगे। दुनियाभर में लोग इस युद्ध को रोकने की मांग कर रहे हैं। इस बीच ऋषि सुनक का इजरायल दौरा अहम माना जा रहा है। ऋषि सुनक ब्रिटेन की संसद में भी इजरायल के समर्थन का ऐलान कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि गाजा और इजरायल की स्थिति को देखते हुए वह इजरायल को पूरा समर्थन देंगे।

## आज का इतिहास

1568– अकबर ने चित्तौडगढ़ पर आक्रमण किया।
1740 – मारिया थेरेसा ऑस्ट्रिया, हंगरी और बोहेमिया के शासक बने।
1774 – कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) भारत की राजधानी बनी।
1880 – एम्सटर्डम मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी।
1855–आधुनिक गुजराती साहित्य के कथाकार, कवि, चिंतक, विवेचक, चरित्र लेखक एवं इतिहासकार गोवर्धनराम माधवराम त्रिपाठी का जन्म हुआ।
1904– चिली और बोलीविया ने शांति और मित्रता की संधि पर हस्ताक्षर किया।
1905– रूस में 11 दिन तक चली ऐतिहासिक हड़ताल की शुरुआत हुई।
1920– पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे कांग्रेस सिद्धार्थ शंकर राय का हुआ।
1930– दिल्ली हाई कोर्ट की प्रथम महिला न्यायाधीश लीला सेठ का जन्म हुआ।
1946 – वियतनाम की डेमोक्रेटिक रिपब्लिकन सरकार ने को वियतनाम महिला दिवस के रूप में घोषित किया।

## सुडोकू 6352

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | 1 | | | | | |
| 7 | | | | | | 2 | | |
| 6 | | 8 | 2 | | | 9 | 3 | |
| | | 7 | | 4 | 9 | 3 | | |
| | | | 7 | | 3 | | | |
| | | 5 | 8 | 2 | | 7 | | |
| | 8 | 2 | | | 7 | 5 | | 1 |
| | | 1 | | | | | | 6 |
| | | | | | 2 | 8 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गो का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## अमेरिकी सेना ने इराक में तीन ड्रोन मार गिराए

**वाशिंगटन, (आईएएनएस)।** यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि इराक में अमेरिकी बलों को निशाना बनाने वाले तीन ड्रोनों को मार गिराया गया, लेकिन गठबंधन बलों को मामूली चोटें आईं। बुधवार को जारी एक बयान में, सेंटकॉम ने कहा, 24 घंटों में, अमेरिकी सेना ने इराक में अमेरिकी और गठबंधन बलों को तीन ड्रोनो के हमले से बचाया। पश्चिमी इराक में, अमेरिकी बलों ने दो ड्रोनों को नष्ट कर दिया। उत्तरी इराक में अमेरिकी बलों ने एक अन्य ड्रोन को नष्ट कर दिया। सेंटकॉम ने कहा कि हम इराक और क्षेत्र में स्थिति की सतर्कता से निगरानी कर रहे हैं। यह घटनाक्रम इस्राइल–हमास के बीच चल रहे संघर्ष के मद्देनजर क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच सामने आया है।

## इजरायल के खिलाफ मुस्लिम देशों को भड़का रहा है ईरान, तेल निर्यात पर प्रतिबंध की तैयारी

**तेल अवीव।** हमास के खिलाफ युद्ध लड़ रहे इजरायल के लिए बुरी खबर है। ईरान तेल निर्यात को लेकर प्रतिबंध की योजना बना रहा है। इस्लामिक कॉरपोरेशन में शामिल 57 देशों की एक इमरजेंसी बैठक के दौरान ईरान के विदेश मंत्री ने यह प्रस्ताव दिया। इस संगठन में सऊदी अरब भी शामिल है। ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर–अब्दुल्लाहियन ने इजरायल पर तेल प्रतिबंध लगाने की वकालत की। इसके अलावा उन्होंने मुस्लिम देशों से यह भी कहा कि वे अपने–अपने देशों से इजरायली दूतों को बाहर का रास्ता दिखाएं। गाजा के अस्पताल में हुए विनाशकारी विस्फोट से सैकड़ों आम लोगों के हताहत होने के बाद अरब देशों में आक्रोश बढ़ गया है। संयुक्त राष्ट्र में 22 अरब देशों ने गाजा पर इजरायल के हमलों को तुरंत रोकने को कहा है। वहीं, अमेरिका ने साफ किया है कि वह पूरी तरह से इजरायल के साथ है। इजरायल और हमास के दावों के बीच पश्चिमी देशों ने कहा है कि अस्पताल पर हमले के लिए जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

## हमास ने नॉर्थ कोरिया के हथियारों से बरसाई थी आग, इजरायल पर हुए हवाई हमले के सबूत मिले

इजरायली सेना आईडीएफ को अपने यहां 7 अक्टूबर को हुए हवाई हमले के बारे में अहम जानकारी हाथ लगी है। इजरायल द्वारा जब्त हथियारों से पता लगा है कि हमास के लड़ाकों ने संभवत- 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमले के दौरान उत्तर कोरियाई हथियारों से गोलीबारी की थी। हालांकि किंग जोंग उन की सरकार ने इस बात से साफ इनकार किया है। इन हथियारों की पहचान दक्षिण कोरिया ने भी की है। आईडीएफ को ऐसे सबूत हाथ लगे हैं कि जो बताते हैं कि नॉर्थ कोरियाई सरकार आतंकवादी समूह हमास को अभी भी हथियार बेच रही है। 7 अक्टूबर को इजरायली धरती पर हुए हवाई हमले में 1700 लोगों की जान चली गई। हमास के लड़ाकों ने 20 मिनट में 5000 रॉकेट छोड़े थे। इस हवाई हमले को लेकर इजरायली सेना के हाथ बड़े सबूत लगे हैं। सोशल मीडिया पर जारी किए गए वीडियो का विश्लेषण उत्तर कोरियाई हथियारों के दो विशेषज्ञों द्वारा किया गया था। युद्ध के मैदान पर पकड़े गए हथियारों और दक्षिण कोरियाई सैन्य खुफिया जानकारी के मुताबिक, वीडियो में दिख रहा है कि हमास ने एफ –7 रॉकेट–प्रोपेल्ड ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। यह कंधे से दागा जाने वाला हथियार है, जिसे आमतौर पर बख्तरबंद वाहनों के खिलाफ इस्तेमाल में लाया जाता है।

# हमास–इज़राइल संघर्ष में मरने वालों की संसख्या पांच हजार के करीब

**गाजा/यरूशलम, ( आईएएनएस )।** पिछले 13 दिन से जारी हमास–इजराइल संघर्ष में मरने वालों की संख्या गुरुवार को पांच हजार के करीब हो गई जबकि हजारों अन्य घायल और विस्थापित हुए हैं। अपने नवीनतम स्थिति अद्यतन में, मानव मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा कि गुरुवार की सुबह तक इज़राइल में मरने वालों की संख्या 1,400 थी, जिसमें विदेशी नागरिक भी शामिल थे। इजरायली क्षेत्र में फिलिस्तीनी सशस्त्र समूहों ने आबादी वाले इलाकों की ओर अंधाधुंध रॉकेट दागे थे।

**घायलों की संख्या बढ़कर 4,562 हो गई।**

ओसीएचए के अनुसार, 2005 में कार्यालय द्वारा हताहतों की संख्या दर्ज करना शुरू करने के बाद से 7 अक?टूबर के हमले के पहले तक इज़राइल में कुल 400 लोग हमास के हमलों में मारे गये थे। वहीं ताजा हमले में उसकी तुलना में करीब तीन गुणा इजरायली आबादी 13 दिन में संघर्ष में जान गंवा चुकी है। इसके अलावा गाजा में कम से कम 199 लोगों को बंदी बनाकर रखा गया है। ओसीएचए ने गाजा स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय का हवाला देते हुए कहा कि गाजा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,478 हो गई है। इनमें 853 बच्चे शामिल हैं। वहीं लगभग 12,500 अन्य घायल हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि मंगलवार को गाजा शहर के अल अहली अरब बैपटिस्ट अस्पताल में हुए घातक बम विस्फोट में कम से कम 471 लोग मारे गए, जिनमें बच्चे, स्वास्थ्य कर्मचारी और आंतरिक रूप से विस्थापित लोग (आईडीपी) शामिल थे। ओसीएचए ने कहा कि पिछले 12 दिन की शत्रुता में गाजा में मरने वालों की कुल संख्या 2014 के संघर्ष के दौरान मरने वालों की कुल संख्या से काफी अधिक हो गई है।

उस समय संघर्ष 50 दिन से अधिक समय तक चला था। परिणामस्वरूप 2,251 फिलिस्तीनी मौतें हुईं थी। इस बीच, वेस्ट बैंक में 7 अक्टूबर को शुरू हुए संघर्ष के बाद से 64 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 18 बच्चे भी शामिल हैं। घायल व्यक्तियों की संख्या 1,284 है। गाजा में आईडीपी की संचयी संख्या लगभग दस लाख होने का अनुमान है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र राहत कार्य एजेंसी द्वारा नामित आपातकालीन आश्रयों में रहने वाले 513,907 से अधिक लोग शामिल हैं, जिनमें से 353,539 अकेले मध्य और दक्षिणी गाजा में हैं। इज़राइल द्वारा 11 अक्टूबर से,बिजली और ईंधन आपूर्ति बंद करने के बाद गाजा पूरी तरह से अंधेरे में डूबा हुआ है। वहां स्थित एकमात्र बिजली संयंत्र बंद हो गया। कार्यालय ने यह भी कहा कि गाजा की पूरी घेराबंदी जारी है। रफाह, इरेज़ और केरेम शालोम क्रॉसिंग बंद हैं।

## सिख युवक ने कहा, बस में हुए हमले से 'क्रोधित, स्तब्ध' हूं

**न्यूयॉर्क, ( आईएएनएस )।** न्यूयॉर्क शहर में मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी (एमटीए) की बस में कई बार मुक्का मारे जाने का शिकार हुए सिख किशोर ने कहा कि वह इस हमले से क्रोधित और हिल गया है। 19 वर्षीय युवक रविवार सुबह रिचमंड हिल में 118वीं स्ट्रीट और लिबर्टी एवेन्यू के पास एक शटल बस में सवार था, तभी एक शख्स ने उस पर हमला किया और उसकी पगड़ी उतारने का प्रयास किया।

युवक ने अमेरिका स्थित सिख संगठन को एक बयान में कहा, मैं इस हमले से स्तब्ध और क्रोधित हूं। मेरा मानना है कि किसी को भी उसके दिखने के कारण हमला या परेशान नहीं किया जाना चाहिए, और हर किसी को शांति से सार्वजनिक रूप से अपना व्यवसाय करने में सक्षम होना चाहिए। गुमनाम रहने की इच्छा रखते हुए, उसने इस अवसर पर समर्थन के लिए सभी को धन्यवाद दिया और साथ ही उन अधिकारियों को भी धन्यवाद दिया है जो इस अपराध को गंभीरता से ले रहे हैं। सिख गठबंधन तब से कानूनी सहायता और अन्य सहायता प्रदान करने के लिए युवक के साथ जुड़ा हुआ है।

आरोपी ने पीड़ित को उसकी पगड़ी की ओर इशारा करते हुए कहा था, हम इस देश में ऐसा नहीं पहनते हैं, इसके बाद उसने युवक को कई बार मुक्का मारा और उसे पगड़ी हटाने की कोशिश की।इसके बाद वह बस से उतर गया और भाग गया, एनवाईपीडी ने, जनता से संदिग्ध को पकड़ने में मदद करने का आग्रह किया सिख गठबंधन स्टाफ अटॉर्नी, अमरीन प्रताप सिंह भसीन ने एक बयान में कहा, यह देखते हुए कि हमले के दौरान इस युवा सिंह की पगड़ी का अपमान किया गया और उसे निशाना बनाया गया, हमें खुशी है कि इस घटना की जांच घृणा अपराध के रूप में की जा रही है।

भसीन ने कहा, तथ्य यह है कि सिखों पर इस तरह के हमलों का खतरा बना रहता है, जैसा कि इस सप्ताह जारी एफबीआई के नवीनतम घृणा अपराध आंकड़ों से पता चलता है। सोमवार को 2022 में घृणा अपराधों के आंकड़ों की अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी करते हुए, एफबीआई ने सिख विरोधी घृणा अपराध पीड़ितों के 198 मामले दर्ज किए।

## बच्चे को थप्पड़ मारने पर पुलिसकर्मी को सुनाई सजा

**लंदन, ( एजेंसियां )।** पिछले साल ब्रिटिश शहर बर्मिंघम में एक स्कूल के बाहर झगड़े के दौरान 12 वर्षीय लड़के को थप्पड़ मारने के मामले में 41 वर्षीय भारतीय मूल की पूर्व महिला पुलिसकर्मी को सजा सुनाई गई है।

बर्मिंघम मेल अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस में कांस्टेबल शरणजीत कौर ने पिछले महीने इस्तीफा दे दिया था और इंडिपेंडेंट ऑफिस फॉर पुलिस कंडक्ट (आईओपीसी) की जांच के बाद उन पर आरोप लगाया गया था। बर्मिंघम मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पाया कि कौर उस समय ऑफ–ड्यूटी थी, जब उन्होंने बर्मिंघम सड़क पर एक–दूसरे को धक्का दे रहे स्कूली लड़कों के बीच बीच–बचाव किया था।

पिछले साल 13 अक्टूबर को हुई घटना का मोबाइल फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने आईओपीसी को एक कंडक्ट रेफरल भेजा। क्लिप में, वह स्कूली बच्चों में से एक पर चिल्लाती हुई दिखाई दे रही है, और फिर उसके गाल पर थप्पड़ मारती है। जिस लड़के को थप्पड़ मारा गया था, उसके परिवार की ओर से भी शिकायत की गई है।

## वर्ग पहेली 6352



**बायें से दायें:–**

१. पालन करना, निर्वाह करना
३. बदइंतजामी
५. भ्राति में पड़ा हुआ, शंकित
६. स्पष्ट असहमति जताना, जवाब देना
७. पथप्रदर्शक (उर्दू)
८.स्थायी रूप से स्मृति में बनाए रहना (मुहावरा)
१३. भवानी, दुर्गा
१५. धुला हुआ, निर्मल
१६. घोंसला. निवासस्थल (उर्दू)
१७. आया हुआ
१८. टेढ़ापन
२०. गेवदूत (उर्दू)
२२. अनिष्ट की आशंका होना मुहावरा है माथा....
२३. क्रुद्ध होना, आवेश में आना

**ऊपर से नीचे:–**

१.बाधा रहित, निर्विघ्न
२. सदैव, साथ रहने वाला (उर्दू)
३. किसी चीज के छोटे–छोटे टुकड़े करना
४. व्यवस्था (उर्दू)
५. मिलिंद
९. द्वारपाल
१०. करीब करीब
११. बास, महक, बू
१२. क्षमता, सामर्थ्य (उपमा)
१४. सकल (उर्दू)
१७. गले तक
१९. क्रमसंख्या
२०. तीक्ष्ण, धारदार
२१. लीन, मग्न, लगा हुआ

## वर्ग पहेली–6351

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ दु | रा | २ चा | री | ■ | ■ | 3 को | षा | ४ ल | य |
| र्व | ■ | टु | ■ | ५ नि | रा | ला | ■ | ग | ■ |
| ६ च | स | का | ■ | र्भी | ■ | ७ ह | रा | भ | रा |
| न | ■ | ८ र | ९ क्ष | क | द | ल | ■ | ग | |
| ■ | १० मु | ■ | ति | ■ | ■ | ■ | ११ सं | ■ | १२ म |
| १३ वा | ह | वा | ही | ■ | १४ म | ■ | १५ ज्ञा | प | न |
| ■ | ब्ब | ■ | १६ न | सी | ह | त | ■ | ■ | मा |
| १७ पू | त | ना | ■ | ■ | क | ■ | १८ आ | १९ सा | नी |
| ज | ■ | ■ | २० अं | शु | मा | २१ ली | ■ | कि | ■ |
| २२ न | वो | दि | त | ■ | ■ | २३ न | वी | न | ता |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**परेशानी**

## जल्द आई सर्दी से कश्मीर व लद्दाख वासियों की परेशानी बढ़ी

# बिजली की जबरदस्त कटौती के साथ मंडराया पेयजल का संकट

■ **सुरेश एस डुग्गर**

जम्मू, (देशबन्धु)। कई सालों के बाद कश्मीर व लद्दाख में इस बार सर्दी का बहुत पहले आगाज होने का खामियाजा कश्मीरियों और लद्दाखियों को भुगतना शुरू हो गया है। सड़कें बंद होने के साथ ही बिजली की जबरदस्त कटौती के साथ ही पानी की किल्लत भी उन्हें सताने लगी है। पर इतना जरूर था कि कश्मीर पहुंचे सैलानियों की तो जैसे लाटरी निकल गई हो क्योंकि जिन नजारों को देखने उन्हें दिसम्बर और जनवरी में आना पड़ता था उन्हें अभी से निहारने का अवसर मिल गया है। हालांकि हल्की बर्फबारी पिछले पखवाड़े से ही हो रही थी पर दो दिनों की बर्फबारी ने सोनमार्ग, पहलगाम और गुलमर्ग के अतिरिक्त जम्मू संभाग के पहाड़ों व लद्दाख के पहाड़ों पर करगिल से लेकर चीन सीमा तक सफेद चादर बिछा दी है। कई स्थानों पर 6 से 11 इंच तक बर्फ अभी भी



■ **करगिल से लेकर चीन सीमा तक बर्फ की सफेद चादर बिछी**

पहली बार इतनी जल्दी रिकार्ड की गई है। सर्दी और बर्फबारी के जल्दी आ जाने के कई लाभ भी कश्मीरियों को दिख रहे हैं। लद्दाख के लिए भी ऐसा ही है। कश्मीर के मुख्य दरियाओं में पानी का स्तर बढ़ने लगा है जो पहले ही सूखे के कारण अपने तलों को दिखा रहे थे।

यह बात अलग है कि लद्दाख में बर्फ के साथ ही पर्यटन सीजन खत्म हो जाता है और कश्मीर में यह शुरुआत है। लद्दाखी अब पर्यावरण की चिंता के कारण इसे अब खुशी के तौर पर मनाने लगे हैं। पर खुशी वे सैलानी भी प्रकट कर रहे हैं जिन्होंने अक्टूबर के शुरू में ही बर्फ का नजारा ले लिया। बंगाल से आने वाले एक पर्यटक ने गंडोला की सवारी करने के बाद अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए अपने आपको खुशनसीब लिखा था तो एक अन्य कहता था कि जिन्दगी में पहली बार बर्फ गिरते हुए देखी है। उसके बकौल अभी तक बर्फ गिरने के बाद ही कश्मीर को निहारने का मौका मिलता था। जल्दी बर्फबारी के कारण कश्मीरियों की परेशानी भी बढ़ी है। सर्दी शुरू होने की घोषणा के साथ ही बिजली विभाग ने पांच से 8 घंटों की बिजली कटौती घोषित कर दी। बिजली विभाग का कहना था कि यह आने वाले दिनों में बढ़ भी सकती है क्योंकि इस बार कश्मीर में भीषण सूखे की स्थिति के कारण दरियाओं का पानी सूख गया था जिस कारण बिजली उत्पादन ही नहीं हो पा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार जम्मू कश्मीर में अगले दो दिनों तक मुख्य रूप से शुष्क मौसम का अनुमान है। गंदेरबल जिले में सोनमर्ग और बांदीपोरा जिले में गुरेज सहित कश्मीर के दूरदराज के पहाड़ी इलाकों में गत दिनों हिमपात हुआ। श्रीनगर में पिछले 24 घंटों में मंगलवार सुबह तक 20.9 मिमी बारिश दर्ज की गई जबकि इसी अवधि में दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड में 47.4 मिमी, बारामूला जिले के गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में 18.6 मिमी और दक्षिण कश्मीर के पहलगाम रिसॉर्ट में 27.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। हिमपात और बारिश से पूरे कश्मीर में दिन के साथ–साथ रात के तापमान में भी गिरावट आई है।

# खेल जगत

## विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में चोटिल नेमार के घुटने की होगी सर्जरी

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने कहा है कि स्टार फुटबॉलर नेमार के घुटने की सर्जरी की जायेगी। नेमार के घुटने के स्कैन के बाद सर्जरी की पुष्टि हुई है। उन्हें सर्जरी के बाद अब कम से कम छह महीने मैदान से दूर रहना होगा। सीबीएफ ने यहां जारी बयान में कहा, नेमार की सर्जरी तय तारीख पर होगी। उन्होंने कहा, ब्राजील की राष्ट्रीय टीम का चिकित्सा विभाग और अल हिलाल लगातार संपर्क में हैं और खिलाड़ी के ठीक होने के लिए जो भी सर्वोत्तम होगा वह किया जायेगा। नेमार ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मुझे पता है कि मैं मजबूत हूं, लेकिन इस बार मुझे अपने परिवार और दोस्तों की और भी अधिक जरूरत होगी। उन्होंने कहा, चोट और सर्जरी से गुजरना आसान नहीं है, लेकिन मुझे विश्वास है, यहां तक कि बहुत ज्यादा भी। समर्थन और स्नेह के संदेशों के लिए धन्यवाद।



# तंजिद व लिटन के अर्द्धशतकों के बावजूद भारत ने बांग्लादेश को 8 विकेट पर 256 पर रोका

- भारत के लिए जडेजा, बुमराह और सिराज ने चटकाए दो -दो विकेट
- भारत विकेटकीपर केएल राहुल और शुभमन ने लपके दो-दो कैच

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। बाएं हाथ के 22 बरस के नौजवान बल्लेबाज तंजिद हसन (51 रन, 43 गेंद, तीन छक्के, पांच चौके) और अनुभवी लिटन दास (66 रन, 72 गेंद, सात चौके) के अर्द्धशतकों और पहले विकेट के लिए 93 रन की भागदारी के बावजूद टॉस जीत कर पुणे की सपाट पिच पर पहले बल्लेबाजी करने वाली बांग्लादेश की टीम को भारत ने आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 के अपने चौथे मैच में बृहस्पतिवार को निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट 256 रन पर रोक दिया।ऑलराउंडर महमूदउल्लाह (46 रन, 36 गेंद, तीन छक्के, तीन चौके) के जसप्रीत बुमराह और पारी के आखिरी ओवर में आठवें बल्लेबाज के रूप में बोल्ड होने से पहले विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम (38 रन, एक छक्का, एक छक्का) के साथ छठे विकेट के 22, नसुम अहमद (14 रन, 18 गेंद, दो चौके) के साथ सातवें विकेट की 32 और मुस्तफिजुर रहमान के साथ 15 रन की छोटी छोटी भागीदारी कर बांग्लादेश को इस सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम रोल अदा किया।

बेशक भारत के लिए अनुभवी जसप्रीत बुमराह (2/41) की अगुआई नौजवान तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (2/60) और शार्दूल ठाकुर (1/59) ने सही मौके पर विकेट चटकाए, लेकिन बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा (2/38) और कुलदीप यादव (1/47) की जुगलबंदी की तारीफ करनी होगी इन दोनों ने बीच के ओवर में तीन विकेट बांट बांग्लादेश को बड़े स्कोर से रोकने में अहम रोल अदा किया। भारत की फील्डिंग खासतौर पर विकेटकीपर केएल राहुल की तारीफ करनी होगी कि जिन्होंने सिराज की गेंद पर मेहदी हसन मिराज(3) और नसुम अहमद (14 रन, 18 गेंद, 2 चौके) के दो बेहतरीन कैच लपके। साथ ही बाउंड्री पर शुभमन गिल ने पहले रवींद्र जडेजा की गेंद पर लिटन दास और फिर शार्दूल ठाकुर की गेंद पर तौहीद हृदय (16) के कैच लपके। बांग्लादेश का सबसे बेहद और खूबसूरत कैच बुमराह की गेंद पर मुशफिकुर रहीम का जडेजा ने लपका। भारत के कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ करनी होगी कि बांग्लादेश की पारी के आठवें ओवर अपने पहले ही ओवर में हार्दिक पांडया के टखना मुडने के कारण मात्र तीन गेंद फेकने के बाद मैदान से बाहर जाने के बावजूद अपने गेंदबाजों का सही का चतुराई से इस्तेमाल किया। बांग्लादेश की पहली विकेट की 93 रन की बड़ी भागीदारी करने के बावजूद भारत के गेंदबाजों ने बतौर टीम धैर्य रख इस भागीदारी को तोडने के साथ सही वक्त पर विकेट उसश बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोका।

बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव ने ड्रिंक्स ब्रेक के बाद पारी के 15 वें अपने तीसरे ओवर की चौथी तेज गेंद पर बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज तंजिद हसन (51 रन, 43 गेंद, 5 चौके, तीन छक्के) को स्वीप करने पर मजबूर किया और वह चूके और अंपायर ने उन्हे एलबीडब्ल्यू आउट घोषित किया। तंजिद के रूप में बांग्लादेश ने पारी के 15 ओवर की दूसरी गेंद पर अपना पहला विकेट 93 रन पर खोया। तंजिद का विकेट गिरने से भारत के गेंदबाजों को विकेट लेने के लिए खासी मेहनत करनी पड़ी। चोट के चलते बाहर नियमित कप्तान शाकिब अल हसन की जगह कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने वाले कार्यवाहक नजमुल हसन शांतो (7) को बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा ने पारी के 20 वें अपने दूसरे ओवर की अंतिम तेजी से अंदर की ओर घूमी गेंद पर एलबीडब्ल्यू कर बांग्लादेश का स्कोर दो विकेट पर 110 रन कर उसकी रनों की तेज रफ्तार पर लगाम लगा दी। बांग्लादेश ने शुरू के दस ओवर में बिना क्षति 63 रन बनाने के बाद अगले दस ओवर में 47 रन जोड़ कर तंजिद हसन और नजमुल हसन शांतो के विकेट चटकाए। सिराज के दूसरे स्पेल की पहली गेंद को मेहदी हसन मिराज (3) ने लेग साइड पर फ्लिक करने गए और विकेटकीपर केएल राहुल ने अपने बाएं तेजी से गोता लगा बेहतरीन कैच लपक कर पारी के 25 वें ओवर में पैवेलियन लौटा कर बांग्लादेश का स्कोर तीन विकेट पर 129 कर दिया। बांग्लादेश के स्कोर में आठ रन ही जुड़े कि जम कर खेल रहे सलामी बल्लेबाज लिटन दास(66 रन, 82 गेंद, सात चौके) ने रवींद्र जडेजा की गेंद को मैदान के बाहर उड़ाने के फेर में लॉन्ग ऑफ पर मुस्तैद क्षेत्ररक्षक शुभमन गिल को कैच थमा दिया। बांग्लादेश ने अच्छा आगाज करने के बाद 15 से 28 ओवर के बीच चार विकेट 44 रन जोड़ कर खो दिए अच्छी शुरुआत का लाभ बहुत हद तक गंवा दिया।





रनो के लिए जूझ रहे 22 बरस के तोहिद हृदय (16 रन, 35 गेंद) ने पारी 38 वें और तेज गेंदबाज शार्दूल ठाकुर के आठवें ओवर की शॉर्ट गेंद को उड़ाने की कोशिश में शार्ट मिडविकेट पर शुभमन गिल को कैच थमा। हृदय ने पांचवें बल्लेबाज के रूप में आउट होने से पहले अनुभवी मुशफिकुर रहीम के साथ पांचवें विकेट के लिए42 रन जोड़ बांग्लादेश के स्कोर को पांच विकेट पर 179 पर पहुंचाया। शार्दूल ठाकुर ने पहले ओवर में 16 रन देने के बाद हृदय का विकेट चटकाया। अनुभवी जसप्रीत बुमराह ने अपने दूसरे स्पैल के दूसरे और पारी के 43 वें ओवर की तीसरी गेंद पर मुशफिकुर रहीम (38 रन, 46 गेंद, एक छक्का, एक चौका) को बैकवर्ड पॉइट पर रवींद्र जडेजा के हाथों कैच करा बांग्लादेश का स्कोर छह विकेट पर 201 कर उसके बड़े स्कोर की रही सही उम्मीद पर पानी फेर दिया।

बाएं हाथ नौजवान तंजिद हसन और अनुभवी लिटन दास की सलामी जोड़ी ने संभल कर भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के खिलाफ शुरुआत करने के बाद शुरू के पांच में 12 रन बनाने के बाद अगले छह ओवर में एकदम तेज रफ्तार पकड़ते हुए 51 रन जोड़ शुरू के दस ओवर में 63 रन बनाए और इसमें पारी के दसवें और शार्दूल ठाकुर के पहले ओवर में तंजिंद ने स्पिनर की तरह क्रीज छोड़ कर उनकी गेंदों पर दो छक्कों और एक चौके सहित बनाए 16 रन भी शामिल है। 22 बरस के तंजिद हसन ने शार्दूल ठाकुर के तीसरे और पारी के 14 वें ओवर पांचवी गेंद को कवर में खेल कर एक रन 41 गेंद खेल तीन छक्कों और पांच चौके की मदद से अपना मात्र नौंवा वन डे अंतर्राष्ट्रीय खेल हुए अपना पहला अर्द्धशतक पूरा किया। तंजिद अहमद ने बुमराह, सिराज और शार्दूल ठाकुर की गेंदों पर अपनी क्रीज छोड़ कर बेहद आसानी से शॉट खेले और पारी के नौवें ओवर में तीसरी गेंद पर उपकप्तान तेज गेंदबाज हार्दिक पांडया का टखना मुड़ गया और इससे बाकी का ओवर विराट कोहली ने पूरा किया। हार्दिक के टखने के स्कैन के लिए उन्हें अस्पताल ले जाया गया। हार्दिक के चोट के चलते मैदान से हटने से पहले लिटन दास ने कवर के बीच और बेहद खूबसूरत स्ट्रेट ड्राइव लगा दो चौके जड़े। लिटन दास ने बांग्लादेश की पारी के 21 वें और कुलदीप की गेंद पर एक रन लेकर 62 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से पूरा किया।

कप्तान शाकिब अल हसन के पूरी तरह स्वस्थ न होने के कारण नहीं खेलने के कारण बांग्लादेश ने उनकी जगह नसुम अहमद को और तस्कीन अहमद की जगह हसन महमूद को एकादश में शामिल कर बांग्लादेश ने दो बदलाव किए और कप्तानी की जिम्मेदारी नजमल हसन शांतो ने संभाली। वहीं भारत ने अपनी पिछले दो मैचों की ही एकादश बरकरार रखी।

## चार भारतीयों ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया



**धारवाड़।** सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने अपनी उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए आईटीएफ धारवाड़ पुरुष विश्व टेनिस टूर 2023 के क्वार्टर फाइनल में गुरुवार को प्रवेश कर लिया।

25,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी प्रतियोगिता के अंतिम आठ में धुरंधर खिलाड़ियों की बढ़त का नेतृत्व शीर्ष वरीयता प्राप्त यूएसए के निक चैपल ने किया, जिन्होंने धारवाड़ जिला लॉन टेनिस एसोसिएशन कोर्ट में करण सिंह की जोशीली लड़ाई को 6-4, 6-4 से जीतकर मुकाबला जीत लिया।

वरीयता प्राप्त भारतीयों में तीसरी वरीयता प्राप्त दिग्विजय प्रताप सिंह, चौथी वरीयता प्राप्त रामकुमार रामनाथन, सिद्धार्थ रावत (नंबर 7) और एसडी प्रज्ज्वल देव (नंबर 8) भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

लगभग एक दशक पहले इसी स्थान पर आईटीएफ फ्यूचर्स जीतने वाले रामकुमार को प्रतिभाशाली इशाक इकबाल के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, क्योंकि चौथे गेम में ब्रेक के साथ इशाक इकबाल 4-1 से आगे हो गए। हालाँकि, 28 वर्षीय भारतीय डेविस कप खिलाड़ी ने वापसी करते हुए 4-4 से बराबरी कर ली। इसके बाद सर्विस बरकरार रही और सेट का फैसला टाई-ब्रेकर में हुआ और 8-6 से रामकुमार के पक्ष में फैसला हुआ।

दूसरे सेट में भी रामकुमार ने उसी लय में प्रदर्शन जारी रखा और दूसरे सेट में भी अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस तोड़कर 3-0 से बढ़त बना ली। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी सर्विस बरकरार रखी और रामकुमार ने 1 घंटे 28 मिनट में मैच खत्म किया।

एक और दिलचस्प द्वंद्व में, भारत के करण सिंह ने चैपल के खिलाफ शानदार लड़ाई लड़ी। सुबह पहले दौर के एक कठिन मैच में मलेशियाई मित्सुकी वेई कांग लियोंग को घर भेजने के बाद, करण ने शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से भिड़ते हुए थकान का कोई संकेत नहीं दिखाया।

आठवें गेम तक दोनों खिलाड़ी एक-एक अंक के लिए संघर्ष करते रहे। कुछ अप्रत्याशित गलतियों के कारण करन को नौवां गेम गंवाना पड़ा और वह पहले सेट में 4-6 से हार गये। दूसरे गेम में ब्रेक के साथ करण 3-0 से आगे हो गये।

हालाँकि, अमेरिकी ने जल्द ही बराबरी हासिल कर ली। इसके बाद करन ने अपनी सर्विस बरकरार रखी लेकिन वह इस गति को कायम नहीं रख सके और उन्होंने कई अप्रत्याशित गलतियां कीं, जिससे उनके प्रतिद्वंद्वी को सेट और मैच मिल गया।

# न्यूजीलैंड ने आधा दर्जन जीवनदानों का लाभ उठा अफगानिस्तान को दी 149 रन से करारी शिकस्त

- न्यूजीलैंड लगातार चौथी जीत से अंक तालिका में शीर्ष पर

सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने अफगानिस्तान के क्षेत्ररक्षकों द्वारा टपकाए पांच कैच और विकेटकीपर इकराम अलिखिल के रचिन रवींद्र को विकेटकीपर इकराम अलिखिल के स्टंप करने से चूकने सहित मिले आधा दर्जन जीवनदानों का पूरा लाभ उठाया। लेग स्पिनर राशिद खान की गेंद पर मिले दो जीवनदानों का लाभ उठाकर कप्तान टॉम लैथम, ग्लेन फिलिप्स और सलामी बल्लेबाज विल यंग के अर्द्धशतकों तथा रफ्तार के सौदागर लॉकी फर्गुसन और बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर मिचेल सेंटनर द्वारा चटकाए तीन तीन विकेट की बदौलत न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को चेन्नै में आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 के मैच में बुधवार को 149 रन से करारी शिकस्त दी। न्यूजीलैंड की टीम लगातार चौथी जीत दर्ज कर कुल आठ अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई। अफगानिस्तान को बुधवार की हार से यह अहसास जरूर हो गया कि बराबर उलटफेर करने के लिए उनकी टीम को हर मौके को भुनाना होगा।

मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को 69 रन से हरा बड़ा उलटफेर करने वाली अफगानिस्तान ने यदि पिछली उपविजेता न्यूजीलैंड के पांच कैच टपकाने और स्टंप करने का मौका न गंवाएं तो वह लगातार दूसरा उलटफेर कर सकती थी। टॉम लैथम (68 रन, 74 गेंद, दो छक्के,तीन चौके) और मैन ऑफ द' मैच ग्लेन फिलिप्स (71 रन, 80 गेंद, चार छक्के, चार चौके) पांचवीं विकेट की 144 रन की भागीदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाए जाने पर पारी के अधबीच लडखड़ाने के बावजूद निर्धारित 50 ओवर में छह विकेट पर 288 रन का मजबूत स्कोर बनाया। जवाब में रफ्तार के सौदागर लॉकी फर्गुसन (3/19) व ट्रेंट बोल्ट (2/16) और बाएं हाथ स्पिन ऑलराउंडर मिचेल सेंटनर(3/39) ने कहर बरपा कर अफगानिस्तान को 34.4 ओवर में मात्र 139 रन पर ढेर कर न्यूजीलैंड को जीत दिला दी। रहमत शाह(36 रन, 62 गेंद, एक चौका) और अजमतुल्लाह ओमरजई (27 रन, 32 गेंद, दो चौके) की चौथे विकेट विकेट 54 रन की भागीदारी को छोड़ कर अफगानिस्तान की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह ढह गई। विकेटकीपर बल्लेबाज इकराम अलीखिल 21 गेंद कर तीन चौकों की मदद से 19 रन बनाकर अविजित रहे। अफगानिस्तान ने अपने अंतिम पांच विकेट मात्र 24 गेंदों में 14 रन जोड़ कर खोए। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज फर्गुसन ने अपने सातवें और पारी के 34 वें ओवर में राशिद खान(8) को बोल्ड किया और मुजीब उर रहमान खाता खोले बिना ही उनकी गेंद पर विल यंग के हाथों लपके। बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनर ने अपने आठवें और पारी के 35 वें ओवर की दूसरी गेंद पर नवीन उल हक(0) को चैपमैन के हाथों कैच कराने के बाद और चौथी गेंद पर फजल हक फारूकी को बोल्ड कर अफगानिस्तान की पारी समेट कर न्यूजीलैंड को 15.2 ओवर के बाकी रहते जीत दिला दी।





इससे पूर्व अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज अजमत उल्लाह ओमरजई द्वारा पारी के 21 वें ओवर की दूसरी गेंद पर पहले रचिन रवींद्र (32 रन, 41 गेंद, एक छक्का , दो चौके) को बोल्ड कर उनकी और विल यंग (54 रन, 64 गेंद, तीन छक्के , चार छक्के) की दूसरी विकेट की 79 रन की भागीदारी को तोड़ा और इसी ओवर की अंतिम गेंद पर उन्होंने यंग को विकेटकीपर इकराम के हाथों लपकवाया। डैरल मिचेल (1)के लेग स्पिनर राशिद खान की उड़ाने के फेर में इब्राहिम जादरान को कैच थमाने के साथ न्यूजीलैंड नौ गेंदों के भीतर एक रन में तीन विकेट गंवा गहरे संकट में फंस गई और 21.4 ओवर उसका स्कोर चार विकेट पर 110 रन हो गया। 21 ओवर में न्यूजीलैंड ने एक विकेट खोकर 109 रन बनाए थे। एक समय न्यूजीलैंड ने तेज गेंदबाज नवीन उल हक ने पारी के 48 वें ओवर में पहली गेंद पर फिलिप्स को लॉन्ग ऑन पर राशिद खान के हाथों कैच करा उनकी और लैथम की पांचवें विकेट की 144 रन की इस भागीदारी को तोड़ा और तीसरी गेंद पर लैथम को बोल्ड कर न्यूजीलैंड का स्कोर छह विकेट पर 255 रन कर दिया। मार्क चैपमैन मात्र 12 गेंद खेल करएक छक्के और दो चौकों की मदद से 25 और मिचेल सेंटर एक चौके की मदद से सात रन बनाकर अविजित रहे और इन दोनों ने सातवें विकेट के मात्र 15 गेंदो में 33 रन की असमाप्त भागीदारी की।

## सार संक्षेप

### टेनिस को अलविदा कहने का कोई इरादा नहीं : वीनस

**नई दिल्ली।** विश्व नंबर की पूर्व एक टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने कहा है कि उनका अभी टेनिस को अलविदा कहने का कोई इरादा नहीं है वह अगले वर्ष मार्च में होने वाली प्रतियोगिता में वापसी का लक्ष्य बना रही हैं। विलियम्स ने हाल ही में टेनिस डॉट कॉम को दिये एक साक्षात्कार में कहा उन्होंने अगले वसंत में वापसी का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा, मैंने यूएस ओपन के लिए ठीक होने का पूरा प्रयास किया। मैं फॉर्म में नहीं हूं इसलिए अब मैं वापस आने तक आराम कर रही हूं। मैं मार्च को लक्ष्य बना रही हूं, तभी टूर्नामेंट वापस जाएंगे, इसलिए मेरा लक्ष्य है जब यूएस ओपन टूर्नामेंट वापस आएंगे तो यह शुरु होगा। उल्लेखनीय है कि विलियम्स ने विंबलडन में दुर्भाग्यपूर्ण हार के बाद तीन स्पर्धाएं खेली। वह मॉन्ट्रियल में पहले दौर में हार गईं, और झेंग किनवेन से हारने से पहले चार साल में अपनी पहली शीर्ष 20 जीत के लिए सिनसिनाटी में शुरुआती दौर में वेरोनिका कुडरमेतोवा को हराया। सीज़न का उनका आखिरी मैच यूएस ओपन के पहले दौर में बेल्जियम ग्रीट मिन्नेन से 6-1, 6-1 से हार गया था। टूर्नामेंट में 100 करियर मैचों में यह विलियम्स की यूएस ओपन की सबसे एकतरफा हार थी। विलियम्स ने 2023 में सात इवेंट खेले। साल की पहली स्पर्धा ऑकलैंड में एएसबी क्लासिक में चोट लगने के कारण उनका कार्यक्रम लगभग छह महीने तक बाधित रहा।

### चोट के कारण कार्लोस अल्काराज स्विस इंडोर्स से बाहर

**नई दिल्ली।** कार्लोस अल्काराज ने बाएं पैर की चोट और पीठ के निचले हिस्से की मांसपेशियों में परेशानियों के कारण स्विस इंडोर्स बासेल से नाम वापस ले लिया है। इसकी पुष्टि उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर की। अल्काराज ने एक साल पहले बासेल में डेब्यू किया था, जहां उन्होंने सेमीफाइनल में अंतिम चैंपियन फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे से हारने से पहले तीन जीत हासिल की थी। इस सीजन में अल्काराज का रिकॉर्ड 63-9 है।

# चोटिल फखर जमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से पहले बाहर

**बेंगलुरु।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले मुकाबले से पहले पाकिस्तान के बाएं हाथ के बल्लेबाज फखर जमान घुटने की चोट के कारण बाहर हो गए हैं और अगले हफ्ते तक चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, जैसा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पुष्टि की है। बल्लेबाजी ऑलराउंडर सलमान आगा को भी बुधवार शाम अभ्यास सत्र में बुखार हो गया और वह अभी भी ठीक हो रहे हैं। हालाँकि, फखर को एक मैच के बाद बाहर कर दिया गया था, और सलमान को अभी भी इस विश्व कप में खेलना बाकी है। इस बीच, कई खिलाड़ी बुखार से जूझ रहे थे, जिसके परिणामस्वरूप मंगलवार को शुरुआती प्रशिक्षण के दौरान टीम के छह सदस्य अनुपस्थित रहे। मंगलवार को जिन खिलाड़ियों ने आराम करने का विकल्प चुना उनमें अब्दुल्ला शफीक, शाहीन शाह आफरीदी, मोहम्मद रिजवान, सलमान अली आगा, मोहम्मद हारिस और जमान खान शामिल हैं। फखर और सलमान को छोड़कर, उपरोक्त खिलाड़ियों को बुधवार को प्रशिक्षण सत्र में शामिल होने के लिए उपयुक्त माना गया। नतीजतन, मोहम्मद हारिस को छोड़कर, जिन्होंने बुखार से उबरना जारी रखा, पाकिस्तान टीम के सभी खिलाड़ियों ने सक्रिय रूप से प्रशिक्षण में भाग लिया। ऑस्ट्रेलिया के पास अपना एक फिटनेस अपडेट है। ट्रैविस हेड का टूटा हुआ हाथ उम्मीद से अधिक तेजी से ठीक हो गया है और वह जल्द ही किसी भी समय भारत में टीम में शामिल होंगे। हालांकि वह पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे, लेकिन हेड 25 अक्टूबर को नीदरलैंड के खिलाफ होने वाले मैच के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।





## वनडे फॉर्मेट के अधिकांश मैच बीच के ओवरों में जीते जाते हैं : पैट कमिंस

**बेंगलुरु।** एम चिन्नास्वामी में शुक्रवार को पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने मैच में मध्य ओवरों के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि हम 20 से 40 ओवर के बीच में कैसे बल्लेबाजी और गेंदबाजी करते हैं। प्री मैच कॉन्फ्रेंस पर पत्रकारों से बात करते हुए पैट कमिंस ने गेंदबाजों पर भरोसा जताते हुए कहा कि उन्होंने मौके का फायदा उठाया। कमिंस ने कहा, एकदिवसीय क्रिकेट के अधिकांश मैच बीच के ओवरों में जीते जाते हैं, या तो जब आप बल्लेबाजी कर रहे होते हैं तो विकेट नहीं देते हैं या गेंद से कुछ सफलता हासिल करने की कोशिश करते हैं। यह खेल का एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें हम कैसे नेविगेट करें, इस पर बहुत समय बिताते हैं। हम हमेशा अपने खिलाड़ियों से कहते हैं कि जो आपके सामने है उसे खेलो। यदि आपको लगता है कि यह आक्रमण करने का एक अच्छा अवसर है, तो इसका उपयोग करें। अगर यह एक ऐसा क्षण लगता है जहां आपको संयम बनाने की जरूरत है तो उस पर ध्यान दो। हालांकि, कमिंस टीम की बल्लेबाजी प्रदर्शन को लेकर थोड़े चिंतित दिखे और उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाने की सलाह दी। अपने पहले दो मैच हारने के बाद, ऑस्ट्रेलिया ने अंततः लखनऊ में श्रीलंका पर पांच विकेट की आसान जीत के साथ अपना खाता खोला। पांच बार के विश्व कप विजेता पाकिस्तान का सामना करने के लिए तैयारी करते समय इस लय को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखेंगे। विश्व कप में तीन मैचों में दो जीत के साथ, पाकिस्तान निश्चित रूप से ऑस्ट्रेलिया पर हावी है, लेकिन भारत के खिलाफ खराब बल्लेबाजी निश्चित रूप से उसके लिए चिंता का विषय होगी।

## सुडोकू 6352 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 6 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 1 | 4 |
| 6 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 | 3 | 5 |
| 1 | 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 3 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 7 | 5 | 3 | 1 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 1 | 7 | 6 | 9 |
| 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 9 | 1 |
| 5 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 6 |
| 9 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 7 | 3 |

# [ अर्थ जगत ]

## रुपया पांच पैसे की तेजी के साथ 83.23 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई ।** भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी रहने के कारण रुपया बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले पांच पैसे की तेजी दर्शाता 83.23 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने बताया कि हालांकि, विदेशी कोषों की निकासी तथा घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी के रुख से निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 83.26 पर खुला। दिन में यह 83.23 के उच्चतम और 83.28 के निम्नतम स्तर को छूने के बाद अंत में अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले पांच पैसे की तेजी के साथ 83.23 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।






## विप्रो की 5 सहायक कंपनियों का खत्म होगा वजूद!

**नयी दिल्ली ।** देश की प्रमुख आईटी कंपनी विप्रो ने पांच सब्सिडियरी कंपनी को पैरेंट कंपनी विप्रो लिमिटेड में मर्जर का फैसला किया है. बोर्ड मीटिंग में मर्जर के साथ सितंबर तिमाही की कमाई को भी मंजूरी दी गई. बोर्ड मीटिंग में कहा गया कि विप्रो ओवरसीज आईटी सर्विसेज, विप्रो टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट सर्विसेज, विप्रो एचआरसर्विसेज, विप्रो ट्रेडमार्क होल्डिंग और विप्रो वीएलएसआई डिजाइन सर्विसेज का मर्जर पैरेंट कंपनी में किया जाएगा. हालांकि मर्जर के लिए नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल समेत वैधानिक और नियामक अप्रूवल अनिवार्य होता है. ईटी की खबर के अनुसार, विप्रो के मर्जर की चार वजहें बताई गई हैं. इसमें संचालन के तालमेल को सक्षम करना, प्रशासनिक, व्यवसाय संचालन को मजबूत करना, मैनेजमेंट और अन्य खर्च में कमी आदि शामिल हैं. इक कंपनियों के मार्केट पर नजर डालें तो मार्च 2023 के अंत तक विप्रो ओवरसीज आईटी सर्विसेज का रेवेन्यू शून्य था, जबकि विप्रो टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट सर्विसेज ने 85.3 करोड़ रुपये, विप्रो वीएलएसआई डिजाइन ने 218 करोड़ रुपये, विप्रो एचआर सर्विसेज ने 67,753 करोड़ रुपये और विप्रो ट्रेडमार्क ने 29 लाख रुपये का रेवेन्यू दर्ज किया है.

# देश को फिर रुलाएगा प्याज!

## लासलगांव मंडी में लगातार बढ़ रहे हैं दाम



***नयी दिल्ली ।** एक बार से देश में प्याज के दाम धूम मचा सकते हैं। हो सकता है कि 1 किलो प्याज के लिए आपको अच्छे-खासे पैसे चुकाने पड़ें। जी हां। दरअसल प्याज की सबसे बड़ी मंडी महाराष्ट्र के लासलगांव को माना जाता है। और इस मंडी में पिछले 7 दिनों में करीब 37 फीसद का इजाफा देखने को मिला है। आपको बता दें कि महाराष्ट्र के लासलगांव मंडी ही देशभर में प्याज की कीमतों के लिए बेंचमार्क के तौर पर देखा जाता है।*

**कहां कितनी महंगी हो रही है प्याज** - लासलगांव मंडी में 10 अक्टूबर को प्याज का एवरेज रेट 2410 रुपए प्रति क्विंटल था, जो कल 3301 रुपए प्रति क्विंटल हो गया। अब जब थोक बाजार में प्याज की कीमतें बढ़ रही हैं तो फिर रिटेल में भी संभावना है कि इसके रेट्स बढ़ जाएं। मंथली प्राइस ट्रेंड की बात करें तो दिल्ली में 5 से 6 फीसदी थोक प्याज के दामों में इजाफा हुआ है। जहां ये महाराष्ट्र में 15 फीसदी का है।

**आखिर क्यों बढ़ रहे हैं दाम** - इसकी पीछे की वजह को लाल प्याज की खरीफ फसल के 1 महीने की देरी को माना जा रहा है। मानसून के महीने में प्याज की डिमांड पिछले साल की रबी फसल से होती है। लेकिन इस बार इस फसल की क्वालिटी ठीक नहीं रही है। महाराष्ट्र राज्य देश का सबसे बड़ा राज्य है जो प्याज की पैदावर करता है। पर इस बार महाराष्ट्र के कई हिस्सों में ठीक से बारिश नहीं हुई, जिसकी वजह से नई फसल को आने में समय लग रहा है।

**नवरात्र के बाद हो सकता है एकदम से इजाफा** - इससे पहले देश ने प्याज की बढ़ती कीमतों को झेला है। सरकार ने फिर इसकी अतिरिक्त सेल करके कुछ हद तक दामों को थमा था। पर इस बार संकट बड़ा लग रहा है। वैसे भी भारत में अभी प्याज को लेकर डिमांड कम है। जैसे ही नवरात्र पूरे होंगे तो डिमांड में इजाफा देखने के लिए मिल सकता है।

# जीएसटी इंटेलिजेंस का बड़ा खुलासा, वित्त वर्ष 2024 में हुई 1.36 लाख करोड़ रुपये की टैक्स चोरी




***नयी दिल्ली ।** वित्त मंत्रालय ने बुधवार को खुलासा किया कि वस्तु एवं सेवा कर खुफिया महानिदेशालय ने चालू वित्त वर्ष में 1.36 लाख करोड़ रुपये की टैक्स चोरी का पता लगाया है, जिसमें से 14,108 करोड़ रुपये की वसूली हुई है। इस आंकड़े में फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट के 1,040 मामले शामिल हैं, जिनकी कीमत 14,000 करोड़ रुपये है। अब तक धोखाधड़ी में शामिल 91 लोगों को पकड़ा जा चुका है।*

**जीएसटी इंटेलिजेंस टैक्स चोरी करने वाले सिंडिकेट की पहचान में जुटी** - वित्त मंत्रालय ने कहा कि डीजीजीआई अनुपालन को मजबूत करने और धोखाधड़ी वाली गतिविधियों की पहचान करने के लिए डेटा एनालिटिक्स और मानव बुद्धि का उपयोग कर रहा है। मंत्रालय ने कहा, जून 2023 से, जांच एजेंसी ने देश भर में सक्रिय सिंडिकेट के मास्टरमाइंडों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्नत तकनीकी उपकरणों ने डेटा विश्लेषण में सहायता की है, जिससे टैक्स चोरों की गिरफ्तारी हुई है।

**फर्जी इनपुट टैक्स केडिट की पहचान के लिए डीजीजीआई चला रही विशेष अभियान** - डीजीजीआई ने फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने की प्रथा पर अंकुश लगाने और राजस्व में सेंधमारी रोकने के लिए नवंबर 2020 में एक विशेष अभियान शुरू किया था। यह अभियान सक्रिय है और अप्रैल 2020 से सितंबर 2023 के बीच इसने 57,000 करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी चोरी से जुड़े 6,000 से अधिक फर्जी आईटीसी मामलों का खुलासा किया है, जिसके परिणामस्वरूप 500 गिरफ्तारियां हुईं।

**गलत हथकंडों अपना केवायसी डिटेल हासिल करता है सिंडिकेट** - टैक्स चोरी करने वाले सिंडिकेट के मास्टरमाइंड आमतौर पर संदिग्ध व्यक्तियों का शोषण करते हैं, उन्हें अपने 'ग्राहक को जानें' दस्तावेज प्राप्त करने के लिए नौकरी की पेशकश, कमीशन या लोन का लालच देते हैं। फिर इन दस्तावेजों का उपयोग व्यक्ति की सहमति के बिना धोखाधड़ी वाली फर्में या कंपनियां स्थापित करने के लिए किया जाता है। कुछ मामलों में, लोग मामूली वित्तीय लाभ के बदले जानबूझकर अपनी केवायसी डिटेल प्रदान करते हैं।

# शेयर बाजार में लगातार गिरावट सेंसेक्स 248 अंक टूटा



***मुबंई ।** वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख और विदेशी कोषों की निकासी के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 247.78 अंक या 0.38 प्रतिशत गिरकर 65,629.24 अंक पर बंद हुआ।*

दिन में कारोबार के दौरान यह 533.52 अंक या 0.80 प्रतिशत तक टूटकर 65,343.50 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 46.40 अंक या 0.24 प्रतिशत के नुकसान के साथ 19,624.70 अंक पर रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में सूचना प्रौद्योगिकी फर्म विप्रो के शेयर में करीब तीन प्रतिशत की गिरावट आई। एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी नुकसान में रहे। वहीं नेस्ले के शेयर में करीब चार प्रतिशत का उछाल आया। अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और एक्सिस बैंक के शेयर भी फायदे में रहे। अन्य एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट, जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग नकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार दोपहर के कारोबार में नुकसान में थे।

# सोना चमका, चांदी की चमक पड़ी फीकी

***नयी दिल्ली ।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोना 250 रुपये की तेजी के साथ 60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर के भाव पर बंद हुआ था।*



हालांकि, इस दौरान चांदी की कीमत 500 रुपये की गिरावट के साथ 74,200 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना लाभ के साथ 1,952 डॉलर प्रति औंस हो गया जबकि चांदी गिरावट के साथ 22.94 डॉलर प्रति औंस रह गई। पश्चिम एशिया में अशांति बढ़ने के बाद सेफ असेट की मांग तेज होने और गाजा में एक घातक विस्फोट के बाद राजनयिक समाधान की उम्मीद कम होने से कॉमेक्स सोना चार सप्ताह के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। एक्सपर्ट्स का कहना है कि जियो-पॉलिटिकल टेंशन बढ़ने, क्रूड की कीमतें बढ़ने और फेस्टिव डिमांड बढ़ने से घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में 500 रुपये से ज्यादा तेजी दिखाई दी। सिल्वर में भी एक हजार रुपये से ज्यादा की रैली दिखाई दी। चांदी के वायदा भाव 72,000 रुपये के ऊपर और सोने के वायदा भाव 59,600 रुपये के करीब कारोबार करते दिखााई दिए। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में जिंसों के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, कारोबारियों को अब अमेरिका के वृहद आर्थिक आंकड़ों तथा फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के गुरुवार को होने वाले भाषण का इंतजार है।

# सरकार ने लैपटॉप, कंप्यूटर आयात के लिए लाइसेंसिंग मानदंडों में किया बदलाव

***नयी दिल्ली ।** सरकार ने लैपटॉप और कंप्यूटर जैसे आईटी हार्डवेयर उत्पादों के आयात के लिए थकाऊ लाइसेंसिंग मानदंडों में बदलाव किया है। अब ऐसे उत्पादों के आयातकों के लिए एक ऑनलाइन मंजूरी प्रणाली स्थापित की गई है।*

विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी ने बृहस्पतिवार यहां संवाददाताओं से कहा, नई लाइसेंसिंग या मंजूरी व्यवस्था का उद्देश्य मुख्य रूप से इन उत्पादों के आयात की निगरानी करना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे विश्वसनीय स्रोतों से आ रहे हैं। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी। उन्होंने कहा कि आयात पर अंकुश को लेकर हितधारकों की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए नीति में कुछ बदलाव किए गए हैं और आयातकों के लिए एंड-टू-एंड ऑनलाइन प्रणाली शुरू की गई है। सारंगी ने कहा कि यह प्रणाली आयातकों के लिए बिना कहीं जाए और बिना संपर्क विवरण भरने की सुविधा प्रदान करेगी। यह घोषणा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि सरकार ने चार अगस्त को घोषणा की थी कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और चीन जैसे देशों से आयात में कटौती करने के उद्देश्य से आयातकों को एक नवंबर से इन वस्तुओं के आयात के लिए लाइसेंस की जरूरत होगी। नई लाइसेंस व्यवस्था भारत की विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने के लिए लैपटॉप, पर्सनल कंप्यूटर (टैबलेट कंप्यूटर सहित), माइक्रो कंप्यूटर, बड़े या मेनफ्रेम कंप्यूटर और कुछ डेटा प्रोसेसिंग मशीनों पर लागू है।


## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 16000-17000, एकस्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7500-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7600-7800, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 8000-9000, फाइन 9000-10000, उड़द धुली 11000-11500, फाइन 11500-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10500-11000,फाइन 11000-11500।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3100, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3400-3500, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5200-5500 दुबराज भाटापारा 5000-5100, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5800-6000, बासमती कनकी चालू 2800-3000, बासमती कनकी मीडियम 3500-3700, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 9000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4100-4300, फाइन 4300-4400, मुरमुरा-5500-6000, फाइन- 7000-7500, रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60700 चांदी टंच-71300 चांदी रिफाइन -72300

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60700 चांदी टंच-71300

चांदी रिफाइन -72300


## रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.24 |
| एक यूरो | 87.97 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 101.09 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 52.01 |
| एक जापानी येन | 00.55 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने

फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 106 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 116 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-126 प्रति कि.

जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 75 नेट प्रति किलो

जिंदा काकरेल-मुर्गा- 150 रु. कि लो

(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6900, 6 एम एम 6900, 8 एम एम 6400, 10 एम एम 6250,12 एम एम, 6200 एवं 16 एम 6200 रु.। तार- 78 रु. किलो।


# बाजार में महंगाई का असर, खूब भीड़... लेकिन दाम पूछकर पीछे हट जा रहे हैं लोग!

***नयी दिल्ली ।** नवरात्रि पर्व चल रहा है और आने वाले दिनों में दशहरा-दिवाली जैसे त्योहार आ रहे हैं. देश में फेस्टिवल सीजन की शुरुआत के साथ ही बाजारों में भी रौनक देखने को मिलने लगी है. विभिन्न त्योहारों से संबंधित तरह-तरह के उत्पाद की दुकानों पर भरमार है.लेकिन इस बार भी महंगाई का असर फेस्टिव सीजन पर साफ नजर आ रहा है.*

एक ओर जहां इलेक्ट्रॉनिक्स समेत अन्य तमाम बाजारों में भीड़ दिख रही है, तो वहीं इसके मुताबिक बिक्री देखने को नहीं मिल रही है. इससे दुकानदारों की चिंता बढ़ रही है.

**चाइनीज सामानों की सेल भी घटी**-महंगाई के असर के कारण बाजारों में मौजूद इंडियन प्रोडक्ट्स ही नहीं, बल्कि चाइनीज सामानों की खरीदारी भी नहीं हो रही है. ग्राहकों में कम कीमत पर मिलने वाले चीनी उत्पादों की खरीदारी के लिए भी परचेजिंग पावर नजर नहीं आ रही है. राजधानी दिल्ली



में मौजूद भागीरथ पैलेस एशिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट है. यहां कारोबार करने वाले व्यापारी अनूप यादव की मानें, तो इस समय मार्केट में दूसरे राज्यों के ज्यादातर ग्राहक दिवाली की लाइट और अन्य सामान खरीदने के लिए आते हैं, लेकिन आलम यह है कि होलसेलर रिटेल करने को मजबूर हो रहे हैं, इसके चलते हमें जो दाम 10 फीसदी तक बढ़ाने चाहिए थे, हॉलसेलर्स ने 10 फीसदी तक घटा दिए हैं. ऐसे में अगर हमारा स्टॉक एक साल कर रखा रह गया, तो ज्यादा नुकसान झेलना पड़ जाएगा.

**ऑनलाइन शॉपिंग का पड़ रहा असर**-दिल्ली के एक और बड़े मार्केट सदर बाजार का भी भागीरथ पैलेस जैसा ही हाल दिखाई दे रहा है. सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष के मुताबिक मार्केट में फेस्टिव सीजन के चलते कस्टमर्स की भीड़ लगी हुई तो नजर आ रही है, लेकिन कस्टमर में परचेसिंग पावर नहीं है. ज्यादातर कस्टमर ऑनलाइन उत्पाद खरीदने को अधिक तरजीह दे रहे हैं. ये एक बड़ा कारण है, जिससे मार्केट की दुकानदारी पर ज्यादा असर पड़ा है. इस बार फेस्टिवल सीजन पर कस्टर्स पिछले साल के मुकाबले कम जेब ढीली करना चाहते हैं.

**ग्राहकों की खरीदारी में ये हुआ बदलाव**-फेस्टिव सीजन में लोग अपने घरों के लिए खरीदारी करना तो चाहते हैं, लेकिन खरीदारी पर जमकर खर्च करने के मूड में नहीं दिख रहे हैं. कारोबारियों की मानें, तो जो कस्टमर पिछले साल तक 500 रुपये की कीमत वाले गिफ्ट खरीदने से परहेज नहीं कर रहे थे, वो इस बार 250 से 300 रुपये के गिफ्ट्स की तलाश कर रहे हैं. बजट में कटौती के चलते वे इंडियन प्रोडक्ट्स के बजाय चाइनीस प्रोडक्ट्स की तरफ ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं, क्योंकि चाइनीज प्रोडक्ट भारतीय सामानों की तुलना में सस्ते मिल जाते हैं.

**इसलिए चाइनीज सामनों की बाजार में भरमार**-महंगाई के असर से घटी ग्राहकों की परचेजिंग पावर के चलते बाजार में फेस्टिव सीजन से संबंधित इंडियन प्रोडक्ट्स के बजाय तरह-तरह की चाइनीज क्रॉकरी, चाइनीज लाइटिंग, चाइनीज गिफ्ट सेट की भरमार देखने को मिल रही है.

# डाबर हेयर केयर उत्पादों से कैंसर के खतरे का आरोप, अमेरिका और कनाडा में मुकदमे से शेयर लुढ़का

***नयी दिल्ली ।** अमेरिका और कनाडा में सब्सिडियरी कंपनियों के खिलाफ चल रहे मुकदमे से डाबर के शेयरों में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई है. कंपनी पर आरोप है कि उसके हेयर केयर प्रोडक्ट्स से कैंसर हो रहा है.*




डाबर की तीन सब्सिडियरी कंपनियों (नमस्ते लैबोरेटरीज, डर्मोविवा स्किन इशेंशियल्स और डाबर इंटरनेशनल) को कई मुकदमों का सामना करना पड़ रहा है. आरोप है कि कंपनी के हेयर रिलैक्सर प्रोडक्ट्स में ऐसे केमिकल मिलाए जा रहे हैं, जिनसे ओवेरियन कैंसर, गर्भाशय के कैंसर और अन्य हेल्थ प्रॉब्लम्स पैदा हो रहे हैं.

ये खबर सामने आने के बाद डाबर के शेयरों में गिरावट देखी गई. हालांकि डाबर ने एक्सचेंज फाइलिंग में इन दावों को खारिज करते हुए कहा है कि प्रोडक्ट्स पर लगाए गए आरोप अप्रमाणित और अधूरे अध्ययन पर आधारित हैं.

**डाबर के खिलाफ 5400 मुकदमे, एफडीए भी सख्त** - अमेरिका, कनाडा में फेडरल और स्टेट, दोनों अदालतों में डाबर की सब्सिडियरी कंपनियों के खिलाफ 5,400 मामले दायर किए गए हैं. रेगुलेटरी फाइलिंग के अनुसार इन मुकदमों के खिलाफ खुद का बचाव करने के लिए कंपनी वकील हायर किया है. सब्सिडियरी कंपनियां अपने वकीलों के माध्यम से बचाव में अपना पक्ष रखेंगी.

डाबर इंडिया ने कहा, अभी केस शुरुआती चरणों में है और वादी की शिकायतों को चुनौती दी जा रही है. कुछ मामलों में इंफॉर्मेशन और डॉक्युमेंट्स के लिए अनुरोध किया जा रहा है. कई सारे प्रस्ताव अभी पेंडिंग हैं. डाबर इंटरनेशनल विभिन्न ब्रैंड नामों से ओवर-द-काउंटर हेयर स्ट्रेटनर और हेयर रिलैक्सर प्रोडक्ट्स बेचती है.

इस बीच, फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने फॉर्मलाडेहाइड युक्त कुछ हेयर स्ट्रेटनिंग प्रोडक्ट्स पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव दिया है.

# एयरटेल मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 81 जिलों में 2.1 मिलियन ग्राहकों को प्रदान कर रहा है 5जी की शक्ति का आनंद

***इंदौर/जबलपुर/रायपुर।** भारत के अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक भारती एयरटेल ने आज घोषणा की है कि उसने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपने नेटवर्क पर 2.1 मिलियन से अधिक अद्वितीय 5जी ग्राहक प्राप्त कर लिए हैं। साथ ही कंपनी ने यह भी घोषणा की है कि लॉन्च के केवल 12 महीनों के भीतर ही अब राज्य के सभी जिलों में एयरटेल 5जी प्लस सेवा उपलब्ध है।*

एयरटेल की 5जी सेवा अब देश के सभी जिलों और केंद्र शासित प्रदेशों में उपलब्ध है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में, एयरटेल ने व्यापक रूप से अपना नेटवर्क रोल आउट किया है, जिससे इसकी सेवाएं एमपी और छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में उपलब्ध हैं। मंदिरों वाले राजसी शहर खजुराहो से लेकर मध्य प्रदेश के खंडवा जिले तक, स्थापत्य रूप से समृद्ध ग्वालियर शहर से लेकर छत्तीसगढ़ के सुकमा के दूरस्थ गांव तक, एयरटेल अपने 5जी की रोलआउट प्रक्रिया को तेजी से बढ़ा रहा है। इसके अलावा, कंपनी उज्जैन में महाकाल लोक और प्रसिद्ध 56 दुकान को भी डिजिटल सुपरहाइवे पर ले आई है।

इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए भारती एयरटेल के मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सीईओ सुजय चक्रवर्ती ने कहा, हम राज्य में हाई-स्पीड 5जी तकनीक की शुरुआत करने वाली पहली टेलीकॉम कंपनी थे और आज हमें अपने ग्राहकों के जीवन को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए बेहद प्रसन्नता हो रही है। हम अपने सभी 2.1 मिलियन ग्राहकों का एयरटेल 5जी प्लस नेटवर्क को अपनाने के लिए आभार प्रकट करते हैं। हम 5जी ग्राहकों में बेजोड़ वृद्धि, अत्याधुनिक 5जी तकनीक और ग्राहक संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए उद्योग की गति तय करना जारी रखते हैं। हमारे 5जी परिदृश्य में राज्य का सबसे व्यापक, सबसे तेज़ और सबसे भरोसेमंद नेटवर्क है, जिसमें सभी 81 जिले शामिल हैं।


देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

टेलर्स वारिस

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

डॉ. विश्वास

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय के छात्रों को ग्रामीणों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा






**अनूपपुर, देशबन्धु।** अमरकंटक के लालपुर ग्राम में स्थित गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय के छात्रों के साथि ग्रामीणों ने मारपीट कर दी। मारपीट में चार छात्रों को गंभीर चोटें आयी है।

वहीं 10 से 12 छात्रों को मामूली चोट आयी हैं। छात्रों को अमरकंटक थाने ले जाया गया है। जहां छात्रों के बायानों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले को विवेचना में मिला है। जानकारी के अनुसार इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक थाना अंर्तत लालपुर ग्रम में स्थित है। बुधवार को लालपुर ग्राम में बाजार लगता है। बताया जा रहा है कि पीएचडी के छात्र विकास और उसका एक साथी विश्वविद्यालय की तरफ आ रहे थे। तभी बाजार में एक ग्रामीण के साथ उनका किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। तभी विश्वविद्यालय के कई छात्र घटनास्थल पर पहुंचे।

ग्रामीणों को गलतफहमी में लगा की छात्र उन्हें मारने के लिये आ रहे हैं। इसी के चलते रॉड, डंडा लिये 40-50 ग्रामीण इकट्ठा हो गये। और छात्रों को दौड़ा-दौड़ाकर मारा। जिसमें छात्र कौशल रजक, दिव्यांश और विनय के सिर और पैर में गंभीर चोट आयी हैं। ग्रामीणों ने छात्रों पर पत्थर भी बरसाए। विवाद का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। बलवा की खबर मिलते ही पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंची। पुलि ने दोनों पक्षों को समझाया।

## गुस्साये छात्र धरने पर बैठे

विश्वविद्यालय प्रशासन को जब घटना की जानकारी मिली तो वह भी घटना स्थल पर पहुंचा। और थाने में शिकायत करने की सलाह छात्रों को दी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि इस मामले में वे कुछ नहीं कर सकते। उसके बाद सैकड़ों की संख्या में छात्र विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर धने पर बैठ गए। वहीं चार छात्रों को लेकर पुलिस थाने आयी, जहां आगे की कार्रवाई की गई।

## भोपाल में जेल में भूख हड़ताल कर रहे दो सिमी के आतंकी बेहोश

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल सेन्ट्रल जेल के हाई सिक्योरिटी सेल में रखे गए स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया(सिमी) के चार आतंकी भूख हड़ताल पर अड़े हैं। उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती जा रही है। बुधवार शाम अबु फैसल और कमरूद्दीन बेहोश हो गए। डॉक्टरों ने उन्हें ड्रिप से ग्लूकोस दिया।

देर रात होश में आते ही उन्होंने हाथ में लगी ड्रिप निकाल कर फेंक दी। और डॉक्टर से हाथ लगाने के लिये मना कर दिया। जेल प्रशासन ने इनको अस्पताल में भर्ती कराने के लिये राज्य शासन को पत्र लिखा है। भूख हड़ताल कर रहे आतंकियों में दो शिवली और कमरूद्दीन को कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी। वहीं अबु फैसल और कामरान आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

ये जेल में समाचार पत्र, लाइब्रेरी, सामूहिक नमाज और घड़ी देने की मांग कर रहे हैं। वहीं जेल प्रशासन का कहना है कि आतंकी डॉक्टरों का सहयोग नहीं कर रहे हैं। हाथ लगाने पर आवेशित हो जाते हैं। जेल नियमों के अनुसार चारों ने लिखित में हड़ताल की सूचना दी थी। उन्हें वॉर्निंग लेटर जारी किया था। चारों ने तब भी हड़ताल खत्म नहीं की।



**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी में शारदेय नवरात्र की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। जगह-जगह देवी दुर्गा व माता काली की प्रतिमाएं स्थापित की गई है। इसी कड़ी में राजीव गांधी स्कूल के सामने, महेशपुर, मदन महल जबलपुर में ओम नमः शिवाय दुर्गा उत्सव समिति में भी दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई है। क्षेत्र को भव्यता के साथ सजाया गया है। जगमगाती रौशनी से भक्तिमय माहौल के बीच श्रृद्धालु पंडाल पर भगवती के दर्शन के लिये पहुंच रहे हैं। पूरे क्षेत्र में उत्साह का वातारण हैं, क्षेत्रीयजन बच्चों के साथ प्रतिमा के दर्शन कर पहुंच रहे हैं। महिलाएं भी पूजा अर्चना कर रही है। तथा प्रसाद वितरण किया जा रहा है। दर्शन के लिये भीड़ को देखते हुये समिति ने सुरक्षा के पुलिस भी बुलवाई है।

# मटामर स्थित घरों में घुस रहे मगरमच्छ



**जबलपुर, देशबन्धु।** खमरिया थाना क्षेत्र के परियट नदी से लगे ग्राम मटामर-पहरा में गुरूवार की सुबह घर में घुस आए मगरमच्छों को देख हडकंप मच गया। लंबे प्रयास के बाद एक मगरमच्छ का तो रेस्क्यू कर लिया गया।

वहीं एक अन्य मगरमच्छ खेतों की झाड़ियों के बीच ओझल हो गया। परियट नदी से लगे आबादी वाले क्षेत्रों में मगरमच्छों का आना आम बात है। लेकिन अब मगरमच्छों की लंबाई बढ़ गई है और वे घरों के अंदर घुसने लगे है। यह स्थिति चिंताजनक है। वन्य प्राणी विशेषज्ञ शंकरेंद्रुनाथ ने बताया कि ग्राम मटामर-पहरा निवासी प्रहलाद यादव के घर में रखे कूलर से आवाज आ रही थी।

जब परिवार के सदस्यों ने देखा तो कूलर के पीछे करीब 4 फुट लंबा मगरमच्छ फंसा हुआ था। संभवताः रात को भोजना की तलाश में मगरमच्छ वहां आ गया होगा। कूलर के पीछे मगरमच्छ को ग्रामीणों की मदद से पकड़ा गया। इसी दौरान घर में एक और मगरमच्छ को बगीचे में देखा गया। लेकिन उसे पकड़ने के लिए जाल फेंका जाता, इसके पहले ही वह झाड़ियों में घुस गया। काफी देर तक खोजने के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। जिसके बाद कूलर के पीछे से पकड़े गए मगरमच्छ को सुरक्षित परियट नदी में छोड़ दिया गया।

## बरैया झुंड के काटने से चार घायल, एक गंभीर

**अनूपपुर, देशबन्धु।** अनूपपुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत कदमटोला में सुबह लगभग 9 बजे बरैया के झुंड ने एक व्यक्ति के ऊपर हमला कर दिया। व्यक्ति ईश्वरदीन चौधरी ग्राम फुनगा से कदमटोला अपने काम से गया था। वहां पर अचानक बरैया का झुंड व्यक्ति के ऊपर हमला कर दिया। अपनी जान बचाकर भागते हुए कदमटोला के मनोज चंद्रा के घर के बाथरूम में घुस गया। उसके बाद भी उसे झुंड ने नहीं छोड़ा। व्यक्ति तालाब की तरफ भागा और तालाब में डूब कर अपनी जान बचाया। तब तक उसकी हालत चलने लायक नहीं थी। इस समय बरैया के झुंड मनोज चंद्रा के घर के आस.पास एक बुजुर्ग महिला के ऊपर भी हमला कर दिया और अन्य दो व्यक्तियों पर टूट पड़े सभी लोगों ने अपनी जान किसी तरह बरैया के झुंड से बचा पाए।

# देशी चना के साथ छोले के दाम आसमान पर

## चना दाल में भी जोरदार तेजी

**जबलपुर, देशबन्धु।** महंगाई का कद लगातार ऊंचा होता जा रहा है। अन्य वस्तुओं के साथ साथ अनाजों की कीमतों में भी बेतहाशा बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। दो-ढाई महीने पहले जिस देशी चने के भाव 50-60 रूपये किलो पर थे वह अब थोक बाजार में 60 से 65 रूपये किलो पर पहुंच चुके हैं।

वहीं रिटेल में देशी चना अब 80 रूपये किलो के ऊपर तक बिकने लगा है। चने के महंगे होने से दाल की कीमतों में भी भारी तेजी देखने को मिल रही है। दो महिने पूर्व चना दाल के भाव 60 से 75 रूपये किलो पर थे जो अब बढ़ते बढ़ते 80 से 90 रूपये किलो तक पहुंच चुके हैं। व्यापारिक सूत्रों के



मुताबिक कच्चे माल की कमी से न सिर्फ राहर, मसूर, उड़द व मूंगदाल के दाम तेज हुए हैं बल्कि चने दाल की कीमतों में भी तेजी आई है।

दूसरी तरफ सरकार ने चना व मसूर का समर्थन मूल्य बढ़ा दिया है, जहां चने का समर्थन मूल्य बढ़कर 5400 रूपये प्रति क्विंटल हो गया है वहीं मसूर का समर्थन मूल्य बढ़कर 6425 रूपये प्रति क्विंटल वर्ष 2024-25 के लिए हो गया है।

### छोले 200 रूपये किलो की ऊंचाई पर

नवरात्र पर्व के चलते बाजार में छोले की मांग भी तेज हो गई है वहीं इसकी कीमतों में इस बार भारी तेजी देखने को मिल रही है, खुदरा बाजार में बोल्ड छोले की कीमत 180 रूपये से लेकर 200 रूपये किलो तक बोली जा रही है जबकि 2 महिने पहले छोले की कीमत 140-160 रूपये किलो पर थी।

# मृत्यु के बाद पिता की देहदान कर पुत्र ने पेश की नई मिसाल

**जबलपुर, देशबन्ध।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में चिकित्सा छात्रों के रिसर्च के लिए



शवों की कमी पड़ते देख शारदा चौक निवासी मनीष अग्रवाल ने अपने स्वर्गीय पिता रामनरेश अग्रवाल की देह दान कर एक नई मिसाल पेश की है। अधिकांश लोग अपने परिवार के सदस्य की मृत्यु के बाद देहदान करने से हिचकिचाते हैं। इसी वजह से मेडिकल कॉलेज में देहदान नहीं करते, और अंतिम संस्कार कर देते हैं।

हांलाकि यह भी सत्य है कि अपने प्रियजन की देह दान करना कोई आसान काम नहीं है। मेडीकल कॉलेज के छात्र मृत देह पर रिसर्च कर सर्जरी करना सीखते हैं, जिससे मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राऐं शरीर के जरूरी हिस्सों के संबंध में जानते हैं। एक शव पर अनेक छात्र परीक्षण करके आगे जाकर एक कामयाब सर्जन बनकर मरीजों का ऑपरेशन कर उन्हें स्वस्थ करने का काम करते हैं। मेडिकल अधीक्षक डॉ. अरविंद शर्मा ने इस संबंध में बताया कि मेडीकल कॉलेज को डोनेट की गई बॉडी सबसे पहले एनाटॉमि विभाग में ले जाते है। फिर उसके बाद मेडीकल के छात्र मृत शव पर रिसर्च करते हैं। दान की गई देह पर एमबीबीएस के छात्र रिसर्च कर सर्जरी करना सीखते हैं।

# गोंगपा के प्रदर्शन के बीच हिंसक झड़प में पुलिस से लूटी हुई पिस्टल झाड़ियों में बरामद

**उमरिया, देशबन्धु।** पुलिस और गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प के दौरान लूटी गई पिस्टल पुलिस ने बरामद कर ली है। ये पिस्टल झाड़ियों में पड़ी मिली है। पुलिस पिस्टल की फॉरेंसिक जांच कराएगी।

इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन दिनेश चंद्र सागर ने मामले की जानकारी देते हुये बताया कि उमरिया जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन रानी दुर्गावती चौक में बीते 26 सितंबर 2023 को गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी के धरना प्रदर्शन के दौरान पुलिस और गोंगपा के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। इस दौरान किसी ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया के गनमैन की पिस्टल लूट ली थी। पुलिस ने 40 से 50 गांव के



500 से अधिक ग्रामीणों से पूछताछ की थी। जिसे ग्राम कुदरा के पटापरिहा नदी के किनारे की झाड़ियों से बरामद किया गया है। गन की जांच कराई जाएगी।

उल्लेखनीय है कि 26 सितंबर को हिंसक झड़प के दौरान किसी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ता ने गनमैन के घायल होने पर उसकी सर्विस पिस्टल लूट ली थी, जिस पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने मामले में 30 हजार के इनाम की घोषणा की थी।

# कलेक्ट्रेट कार्यालय में किसान से रिश्वत लेते बाबू गिरफ्तार

**जबलपुर/छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा स्थित कलेक्टर कार्यालय में गुरूवार को उस वक्त अफरातफरी मच गई। जब किसान राजा गढ़वाल से 1700 रुपए की रिश्वत ले रहे बाबू को जबलपुर से पहुंची लोकायुक्त टीम में रंगे हाथ पकड़ लिया। क्लर्क नीरज शर्मा द्वारा खसरे की नकल निकालने के लिए 17 सौ रुपए की रिश्वत ले रहा था।

इस संबंध में लोकायुक्त एसपी संजय साहू ने बताया कि तामिया जिला छिंदवाड़ा में रहने वाले राजा गढ़वाल पिछले कई दिनों से अपने पारिवारिक मामले खसरा किश्तबंदी की नकल निकालने के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय की प्रतिलिपि शाखा में आवेदन दिया। जहां पर बाबू नीरज शर्मा ने नकल निकालकर देने के बदले 17 सौ रुपए रिश्वत की मांग की जा रही थी। रुपयों की मांग किए जाने की शिकायत नीरज शर्मा ने जबलपुर पहुंचकर लोकायुक्त कार्यालय में एसपी संजय साहू से की। इसके बाद गुरूवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर बाबू नीरज



शर्मा को 17 सौ रुपए की रिश्वत दी। तभी जबलपुर से पहुंची लोकायुक्त टीम ने क्लर्क नीरज शर्मा को रंगे हाथ पकड़ लिया। नीरज शर्मा के लोकायुक्त टीम के हत्थे चढ़ने की खबर कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में आग की तरह फैल गई। देखते ही अन्य विभाग के कर्मचारी पहुंच गए, जिनके बीच रिश्वत लेने को लेकर तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त रही।






# जीवन दास गुप्ता द्वारा मरणोपरांत नेत्र दान



**जबलपुर, देशबन्धु।** वसुंधरा कॉलोनी चेरीताल जबलपुर निवासी श्री जीवन दास गुप्ता का गुरूवार को निधन हो गया। मरणोपरांत नेत्रदान की उनकी इच्छा को उनके पुत्र अरविन्द गुप्ता ने पूरा किया।

उन्होंने जीवन दास जी की मृत्यु के पश्चात् नेत्रदान के लिए दादा वीरेंद्र पुरी जी नेत्र बैंक में डॉ. पवन स्थापक से संपर्क किया। दादा वीरेंद्र पुरी जी नेत्र बैंक के टीम ने उनके दोनों नेत्रों को संग्रहीत और सुरक्षित किया।

डॉ. पवन स्थापक ने बताया की जीवन दास जी के नेत्रों से सीधी निवासी और बैहर निवासी दो मरीजों को अत्याधुनिक माइक्रोस्कोपिक शल्य चिकित्सा के माध्यम से जनज्योति सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल गोल बाजार में नेत्र प्रत्यारोपित किये जायेंगे। श्री जीवन दास गुप्ता जी के नेत्रदान के शुभ संकल्प से दो लोगों को नेत्र ज्योति प्राप्त होगी।


## J.B.F.A.

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 126 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 116 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 106 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 106 |

मो.-9039925000, 9425800409

## सोनू पोल्ट्री

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 102 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 112 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 122 |

मोबाइल नं. 9300692405


# गरबा पंडाल में नृत्य कर रही महिलाओं को लेकर हंगामा, कार्यक्रम देख रहे लोगों पर भड़के बजरंग दल के नगर संयोजक

**दमोह, देशबन्धु।** देश भर में नवरात्र का महापर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। सभी जगह माता की अराधना के लिये गरबा नृत्य का आयोजन किया गया है। इसी कड़ी में दमोह के तहसील मैदान में भी इन दिनों नवरात्र के मौके पर गरबा नृत्य का आयोजन किया गया है। बुधवार रात को अचानक यहां बजरंग दल के नगर संयोजक अनुराग यादव छुट्टू ने बवाल कर दिया और कार्यक्रम देखने आये लोगों पर जमकर भड़के।

उनका कहना था कि यहां पर हमारे धर्म की महिलाएं नृत्य कर रही हैं, जिन्हें दूसरे धर्म के लोग देख रहे हैं, जो उन्हें पसंद नहीं है। इसलिए गरबा बंद किया जाए। इसपर आयोजन समिति ने आपत्ति जताई और पुलिस को खबर कर दी। मौके पर पहुंचे दमोह कोतवाली के टीआई भी काफी देर तक बजरंग दल नगर संयोजक से बात करते रहे और उन्हें वहां से जाने के लिए कहते रहे। हालांकि काफी देर कहासुनी के बाद पुलिस अनुराग



यादव को मैदान से बाहर लेकर गई। उसके बाद फिर से गरबा शुरू किया गया। आयोजक समिति के संचालक अमर सिंह राजपूत का कहना था कि गरबे में केवल हिंदू धर्म की महिलाएं और बेटियां शामिल हैं। अन्य किसी धर्म के लोगों को यहां पर आयोजन में शामिल होने की अनुमति नहीं है, लेकिन मैदान में खड़े होकर कोई भी धर्म का व्यक्ति इस आयोजन को देख सकता है। विवाद इतना बढ़ गया था कि गालीगलौज की नौबत आ गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस नगर संयोजक को समझा बुझाकर बाहर लेकर गई। इधर, थाना प्रभारी का कहना है कि बेवजह विवाद की स्थिति निर्मित की गई थी। आयोजन समिति को कोई आपत्ति नहीं थी।





